संस्करण : प्रयागराज
वर्ष : 15
अंक : 239
पृष्ठ : 6
मूल्य : 2.0
रविवार 01 नवम्बर 2026

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

www.pratahkalexpress.in

प्रातःकाल एक्सप्रेस

सच से रूबरू

प्रयागराज से प्रकाशित एवं कौशाम्बी, प्रतापगढ़, अयोध्या, लखनऊ, वाराणसी, मिर्जापुर, सोनभद्र, झांसी, बिजनौर में प्रसारित



सरदार पटेल जयंती : सीएम योगी बोले

मिलकर करना होगा जातिवाद और जिन्नावाद का मुकाबला



लखनऊ (संवाददाता)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लौहपुरुष की जयंती पर समाज को बांटने वाली ताकतों पर प्रहार किया। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय एकता को तब खतरा होता है, जब हम जाति, क्षेत्र के नाम पर बंटते और कमजोर होते हैं। जब शरीर की प्रतिरोधक क्षमता समाप्त हो जाती है, तब बीमारी होती है। जातिवाद, क्षेत्रवाद, भाषावाद वही बीमारी है, जो समाज की प्रतिरोधक क्षमता को कमजोर करती हैं और फिर आक्रांताओं को हमला करने के लिए आमंत्रित करती हैं। लौहपुरुष का अनुयायी वही हो सकता है जो भारत की एकता, सुरक्षा को सर्वोपरि रखता है। जिन्ना को आदर्श मानने, समाज को बांटने वाले विभाजनकारी लोग वल्लभ भाई पटेल के सच्चे अनुयायी नहीं हो सकते।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लौहपुरुष 'भारत रत्न' सरदार वल्लभ भाई पटेल की 151वीं जयंती पर आयोजित कार्यक्रम में लिया हिस्सा लिया। उन्होंने जीपीओ स्थित सरदार पटेल की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर राष्ट्रीय एकता दिवस पर लोगों को शपथ दिलाई। सीएम ने कहा कि यह शपथ सरदार पटेल की उस भावना का प्रतिनिधित्व करता है, जिसके लिए उन्होंने जीवन जिया। मुख्यमंत्री ने सरदार वल्लभ भाई पटेल को भारत गणराज्य का शिल्पी, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, प्रखर राष्ट्रवादी नेतृत्वकर्ता बताया।

मुख्यमंत्री ने कहाकि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आह्वान पर 2014 के बाद से 31 अक्टूबर को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में अनवरत आयोजित किया जाता है। इसमें राष्ट्रीय एकता की शपथ, राष्ट्रीय एकता दौड़ समेत लौहपुरुष के आदर्शों को ध्यान में रखते हुए रचनात्मक कार्यों के साथ समाज को जोड़ने का अभियान बढ़ाया जाता है।

लौहपुरुष के विराट व्यक्तित्व को प्रदर्शित करती है उनकी प्रतिमा

सीएम योगी ने कहा कि भारत मां के महान सपूत सरदार वल्लभ भाई पटेल का जन्म गुजरात के छोटे से गांव करमसद (नाडियाड) में हुआ था। लौहपुरुष की स्मृतियों को जीवंत बनाए रखने के लिए पीएम मोदी ने दुनिया की सबसे बड़ी प्रतिमा गुजरात के केवडिया में नर्मदा नदी के तट पर सरदार सरोवर पर स्थापित कराई है, यह प्रतिमा लौहपुरुष के विराट व्यक्तित्व को प्रदर्शित करती है।

अब यूपी में कोई युवा नहीं रहेगा बेरोजगार

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार द्वारा लौहपुरुष सरदार पटेल की स्मृतियों को जीवंत बनाए रखने के लिए आज हर जनपद में एक इंप्लायमेंट व इंडस्ट्रियल जोन के गठन की कार्रवाई का भी शुभारंभ कर रही है। अब यूपी में कोई युवा बेरोजगार नहीं रहेगा। उसकी स्किलिंग, रोजगार के लिए सरकार व्यवस्थित तरीके से कार्यक्रम को बढ़ा रही है।

पीएम पहुंचे स्टैच्यू ऑफ यूनिटी, लौहपुरुष को दी श्रद्धांजलि, कहा

उनका योगदान प्रेरणादायक



पीएम बोले– देश के लिए प्रेरणास्रोत हैं सरदार पटेल

नई दिल्ली (एजेंसी)। सरदार वल्लभभाई पटेल की 151वीं जयंती के अवसर पर देश भर में शनिवार यानी आज राष्ट्रीय एकता दिवस मनाया जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार सुबह गुजरात में स्टैच्यू ऑफ यूनिटी पहुंचकर सरदार वल्लभभाई पटेल की 151वीं जयंती के अवसर पर उन्हें पुष्पांजलि अर्पित की। इस दौरान वह स्टैच्यू ऑफ यूनिटी क्षेत्र में 426.71 करोड़ रुपये की लागत वाली पर्यटन और बुनियादी ढांचे से जुड़ी 31 परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने सरदार वल्लभभाई पटेल की 151वीं जयंती के अवसर पर नई दिल्ली स्थित पटेल चौक में उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। वहीं, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी एक्स पर श्रद्धांजलि दी।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, अखंड भारत के प्रणेता देश के लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल को उनकी जयंती पर सादर नमन। उन्होंने एक सशक्त, समृद्ध और समर्थ भारत के निर्माण के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया। मां भारती की सेवा में उनका त्याग और समर्पण विकसित एवं आत्मनिर्भर भारत के निर्माण के लिए बहुत बड़ा प्रेरणास्रोत है।

वहीं, दिल्ली के पटेल चौक पर हुए कार्यक्रम में उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, दिल्ली के उपराज्यपाल तरनजीत सिंह संधू और दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने भी पुष्पांजलि अर्पित की। लोकसभा सांसद बांसुरी स्वराज भी मौजूद रहीं और उन्होंने भी पुष्पांजलि अर्पित की।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा, श्कई वर्षों तक भारत ने सरदार साहब को उनके योगदान के लिए वह सम्मान नहीं दिया, जिसके वे वास्तव में हकदार थे। कांग्रेस पार्टी ने हमेशा सरदार साहब की स्मृतियों को मिटाने की कोशिश की है। हालांकि, सूरज की चमक को छिपाया नहीं जा सकता।

उन्होंने कहा, श्शजब नरेंद्र मोदी गुजरात के मुख्यमंत्री बने, तो उन्होंने श्श्स्टैच्यू ऑफ यूनिटीश का निर्माण कराकर सरदार साहब की विरासत को पूरे देश के सामने मजबूती से स्थापित किया। यह विशाल प्रतिमा आसमान की ऊंचाइयों को छूती है।

सरदार वल्लभभाई पटेल का जन्म 31 अक्तूबर 1875 को गुजरात के नडियाद में हुआ था। वे भारत के प्रमुख स्वतंत्रता सेनानी, वकील और राजनेता थे।

इंदिरा गांधी की पुण्यतिथि : राहुल गांधी ने साझा की दादी की गोद में बैठने की तस्वीर, कहा

दादी ने दिया खास तोहफा

नई दिल्ली (एजेंसी)। अपनी दादी और पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की पुण्यतिथि पर, कांग्रेस नेता और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने शनिवार को उपनिषदों के एक ऐसे श्मंत्रश को याद किया, जिसे उन्होंने बचपन में राहुल से दोहराने के लिए कहा था। राहुल ने इसे अपनी दादी की ओर



से मिला एक श्खूबसूरत तोहफाश बताया। राहुल गांधी ने शक्ति स्थल 1, सफदरजंग रोड स्थित इंदिरा गांधी के स्मारक पर जाकर उन्हें पुष्पांजलि भी अर्पित की। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में राहुल गांधी ने लिखा, श्आपकी गोद में बैठा हूं। आपके दोनों हाथ थामे हुए हूं। आपकी आवाज में ये शब्द सुन रहा हूं। आपके पीछे–पीछे इन्हें दोहरा रहा हूं।

मॉक संसद : मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के खिलाफ विपक्ष का जन महाभियोग, खरगे बोले

वोट का अधिकार खतरे में

नई दिल्ली (एजेंसी)। दिल्ली में मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के खिलाफ इंडिया ब्लॉक ने प्रतीकात्मक जन महाभियोग कार्यक्रम आयोजित किया। इस दौरान कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने चुनाव आयोग की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल उठाए। उन्होंने आरोप लगाया कि मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार प्रधानमंत्री और गृह मंत्री के सीधे निर्देशों पर आयोग चला रहे हैं। खरगे ने कहा कि देश में अब लोगों के वोट देने के अधिकार पर खतरा पैदा हो रहा है। विपक्ष का कहना है कि चुनाव आयोग जैसी संवैधानिक संस्था को निष्पक्ष रहकर काम करना चाहिए, लेकिन मौजूदा हालात में उसकी भूमिका पर सवाल उठ रहे हैं। इस कार्यक्रम में लोकसभा की पूर्व अध्यक्ष और



कांग्रेस नेता मीरा कुमार भी मौजूद रहीं। उन्होंने बताया कि इंडिया ब्लॉक ज्ञानेश कुमार को पद से हटाने के लिए राज्यसभा में महाभियोग प्रस्ताव लाने की तैयारी कर रहा है।

खरगे ने कहा कि सात महीने पहले विपक्ष के 193 सांसदों ने संसद के दोनों सदनों में मुख्य चुनाव आयुक्त को पद से हटाने के लिए प्रस्ताव दिया था, लेकिन उनके नोटिस खारिज कर दिए गए और उन पर कोई विचार नहीं किया गया। उन्होंने कहा कि आज का यह कार्यक्रम किसी व्यक्ति के खिलाफ निजी लड़ाई नहीं है, बल्कि एक संवैधानिक संस्था की गरिमा बचाने की कोशिश है। खरगे के मुताबिक, विपक्ष चाहता है कि चुनाव आयोग संविधान की भावना के अनुरूप निष्पक्ष तरीके से काम करे और आम नागरिकों का उस पर भरोसा बना रहे। उन्होंने चिंता जताई कि कमजोर वर्गों महिलाओं और युवाओं के नाम कंप्यूटर के जरिये मतदाता सूची से चुपचाप हटाए जा सकते हैं। उन्होंने कहा कि किसी भी नागरिक का वोट देने का अधिकार खत्म नहीं होना चाहिए।

लोकसभा की पूर्व अध्यक्ष मीरा कुमार ने कहा कि इंडिया ब्लॉक की बैठक बुलाकर ज्ञानेश कुमार को पद से हटाने के लिए महाभियोग प्रस्ताव लाने का फैसला किया गया है। उन्होंने बताया कि यह प्रस्ताव राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे की ओर से पेश किया जाएगा। इसके बाद खरगे इस मामले पर बयान भी देंगे। मीरा कुमार ने कहा कि भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र है और एशिया, अफ्रीका तथा दक्षिण अमेरिका के कई देश भारतीय लोकतंत्र के मॉडल को देखते हैं।

एयर मार्शल आशुतोष दीक्षित बने नए वायुसेना प्रमुख

संभाली कमान, अमर प्रीत सिंह हुए सेवानिवृत्त


नई दिल्ली (एजेंसी)। एयर मार्शल आशुतोष दीक्षित ने आज (31 अक्तूबर) भारतीय वायुसेना के नए प्रमुख का पदभार संभाल लिया। उन्होंने एयर चीफ मार्शल अमर प्रीत सिंह की जगह ली। अमर प्रीत सिंह 25 महीने के कार्यकाल के बाद सेवानिवृत्त हुए। पूर्व वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल एपी सिंह को अब तक तीन आधिकारिक विदाई दी गई हैं। इनमें रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की ओर से आयोजित कार्यक्रम भी शामिल है। पद पर उन्हें आखिरी दिन शनिवार को औपचारिक गार्ड ऑफ ऑनर देकर अंतिम विदाई दी गई।



एयर मार्शल दीक्षित को भारतीय वायुसेना में स्वदेशी विमानों और रक्षा उपकरणों को बढ़ावा देने के प्रयासों के लिए जाना जाता है। उन्होंने हल्के लड़ाकू विमान (एलसीए) तेजस सहित वायुसेना की अन्य स्वदेशी विमान परियोजनाओं को आगे बढ़ाने में भूमिका निभाई है। उनसे रक्षा क्षेत्र में सरकार की आत्मनिर्भरता पहल को और मजबूत करने की उम्मीद है। एयर मार्शल दीक्षित को 6 दिसंबर 1986 को भारतीय वायुसेना की फाइटर स्ट्रीम में कमीशन मिला था।

सीईसी के रहते निष्पक्ष चुनाव संभव नहीं

सचिन पायलट ने बताया कैसे होगा सत्ता परिवर्तन?



> भारत एक मजबूत और शांतिपूर्ण लोकतंत्र है। यहां संविधान सबसे ऊपर है और देश चलाने वालों को भी इसके दायरे में रहकर काम करना चाहिए। सरकार बदलने का फैसला जनता करती है और यह काम चुनाव के जरिए ही होना चाहिए।
>
> *सचिन पायलट, पंजाब कांग्रेस प्रभारी*

नई दिल्ली (एजेंसी)। देश की सियासत में इन दिनों भाषा की मर्यादा, लोकतंत्र की मजबूती और चुनाव की निष्पक्षता को लेकर बहस तेज है। इसी बीच कांग्रेस नेता सचिन पायलट ने भारतीय जनता पार्टी और केंद्र सरकार पर निशाना साधा है। शनिवार को एएनआई को दिए इंटरव्यू में उन्होंने कई मुद्दों पर खुलकर बात की। अपने इंटरव्यू में उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में सवाल पूछना कोई गुनाह नहीं है। राहुल गांधी का बचाव करते हुए उन्होंने कहा कि विरोधियों को जवाब गुस्से से नहीं, बल्कि तर्क और आंकड़ों से देना चाहिए। वहीं, चुनाव आयोग की निष्पक्षता पर सवाल उठाते हुए पायलट ने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग कर दी। पंजाब की राजनीति पर भी उन्होंने बड़ा दावा किया और कहा कि वहां असली मुकाबला कांग्रेस और आम आदमी पार्टी के बीच होगा। विपक्षी नेताओं की ओर से इस्तेमाल की जा रही भाषा को लेकर सचिन पायलट ने राहुल गांधी का बचाव किया। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी ने आज तक ऐसी कोई बात नहीं कही, जिसे असंसदीय या मर्यादा के खिलाफ माना जाए। उनके मुताबिक, राजनीतिक विरोध अपनी जगह है, लेकिन किसी के सवाल पूछने पर परेशान होने की जरूरत नहीं है। अगर राहुल गांधी किसी मुद्दे पर सरकार को घेरते हैं तो सत्ता पक्ष को उसका जवाब देना चाहिए। लोकतंत्र में बहस, तर्क और तथ्यों के आधार पर अपनी बात रखना ही सही तरीका है।बांग्लादेश में हुए राजनीतिक घटनाक्रम और भारत में इस तरह के आंदोलन की आशंका पर पायलट ने कहा कि भारत एक मजबूत और शांतिपूर्ण लोकतंत्र है।

चलती ट्रेन में गूंजी किलकारी, एंबुलेंस कर्मियों ने जच्चा-बच्चा को सुरक्षित पहुंचाया अस्पताल


लुधियाना से खागा जा रही 20 वर्षीय महिला ने ट्रेन में दिया बच्चे को जन्म, रेलवे स्टेशन पर पहुंची एंबुलेंस ने तत्काल संभाली जिम्मेदारी



फतेहपुर। चलती ट्रेन में प्रसव पीड़ा के बाद बच्चे को जन्म देने वाली महिला और नवजात को एंबुलेंस कर्मियों की तत्परता से सुरक्षित जिला महिला अस्पताल पहुंचाया गया। समय पर मिली चिकित्सा सहायता से जच्चा–बच्चा को उपचार उपलब्ध कराया गया। फिलहाल दोनों चिकित्सकों की निगरानी में हैं। मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार, लुधियाना से खागा की यात्रा कर रहे परिवार की 20 वर्षीय निशा पत्नी संदीप को सफर के दौरान अचानक तेज प्रसव पीड़ा शुरू हो गई। प्रसव पीड़ा बढ़ने पर महिला ने चलती ट्रेन में ही बच्चे को जन्म दे दिया। उस समय उनके साथ पति संदीप, ससुर रामनारायण और सास भी मौजूद थीं। घटना की सूचना मिलते ही फतेहपुर रेलवे स्टेशन पर आपातकालीन एंबुलेंस पहुंची। एंबुलेंस में तैनात ईएमटी दिनेश सिंह और पायलट उदय भान ने प्रसूता एवं नवजात को प्राथमिक चिकित्सा सहायता और आवश्यक देखभाल उपलब्ध कराई। इसके बाद दोनों को सुरक्षित जिला महिला अस्पताल पहुंचाकर भर्ती कराया गया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने एंबुलेंस कर्मियों की तत्परता और मानवीय सेवा भावना की सराहना की। उन्होंने कहा कि समय पर की गई कार्रवाई से प्रसूता और नवजात को तत्काल चिकित्सीय सुविधा उपलब्ध कराई जा सकी।

राष्ट्रीय एकता दिवस : शाह बोले

सिर्फ 1218 दिनों में सरदार पटेल ने देश को किया एकजुट



> कई वर्षों तक भारत ने सरदार साहब को उनके योगदान के लिए वह सम्मान नहीं दिया, जिसके वे वास्तव में हकदार थे। कांग्रेस पार्टी ने हमेशा सरदार साहब की स्मृतियों को मिटाने की कोशिश की है।
>
> *अमित शाह, केंद्रीय गृह मंत्री*

नई दिल्ली (एजेंसी)। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को सरदार वल्लभभाई पटेल की 151वीं जयंती पर उन्हें पुष्पांजलि अर्पित की। राष्ट्रीय एकता दिवस (राष्ट्रीय एकता दिवस) के मौके पर उन्होंने देश के राजनीतिक एकीकरण और राष्ट्र निर्माण में पटेल के योगदान को याद किया।

नई दिल्ली के मेजर ध्यानचंद नेशनल स्टेडियम में आयोजित श्रन फॉर यूनिटीश कार्यक्रम को संबोधित करते हुए शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 2014 में सत्ता संभालने के बाद से सरदार पटेल की जयंती को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आजादी के बाद देश को एकजुट करने में पटेल की अहम भूमिका थी और इसी वजह से उन्हें एक अखंड भारत का निर्माता माना जाता है।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा, श्कई वर्षों तक भारत ने सरदार साहब को उनके योगदान के लिए वह सम्मान नहीं दिया, जिसके वे वास्तव में हकदार थे। कांग्रेस पार्टी ने हमेशा सरदार साहब की स्मृतियों को मिटाने की कोशिश की है। हालांकि, सूरज की चमक को छिपाया नहीं जा सकता।

उन्होंने कहा, जब नरेंद्र मोदी गुजरात के मुख्यमंत्री बने, तो उन्होंने श्श्स्टैच्यू ऑफ यूनिटीश का निर्माण कराकर सरदार साहब की विरासत को पूरे देश के सामने मजबूती से स्थापित किया। यह विशाल प्रतिमा आसमान की ऊंचाइयों को छूती है।

केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा, श्शपीएम मोदी आज वहीं से देशभर की पुलिस की परेड की सलामी लेकर आज शाम 4रू30 बजे राष्ट्रीय एकता का संदेश देने वाले हैं।

संपादकीय

बेजार हुआ बाजार

वैश्विक बाजार में जारी उथल–पुथल तथा कई युद्धों से बेदम होती अर्थव्यवस्था में स्वदेशी उद्योगों पर कितने गंभीर प्रभाव पड़ रहे हैं, उसकी बानगी देश–दुनिया में विख्यात पानीपत के कंबल उद्योग के खस्ता हालात में दिखती है। देश में कंबल उत्पादन का यह प्रमुख केंद्र फिलहाल गंभीर आर्थिक चुनौतियों से जूझ रहा है। अब जब सर्दियों के लिये कंबलों की खरीद का सीजन पीक पर है,यहां घरेलू बिक्री में पचास फीसदी की भारी गिरावट दर्ज की गई है। निस्संदेह, यह मंदी उस टेक्सटाइल क्लस्टर की कमजोरी को उजागर करती है, जिसने बड़े पैमाने पर उत्पादन के बूते देश–विदेश में अपनी प्रतिष्ठा बनायी थी। भले ही आर्थिक विकास की तीव्र दर के दावों को लेकर नेता गाल बजाते रहें, लेकिन कंबल उद्योग के आंकड़े चिंता बढ़ाने वाले हैं। यह उद्योग खाड़ी युद्ध, मौसमी उतार–चढ़ाव व विषम आर्थिक परिस्थितियों में उपभोक्ताओं की घटती क्रयशक्ति, बढ़ती लागत आदि अनेक कारकों के प्रति संवेदनशील बना हुआ है। एक बड़ी वजह उत्पादन लागत का बढ़ना भी है। मसलन पॉलिएस्टर धागे की कीमत पिछले साल के मुकाबले काफी बढ़ गई है। कंबल उद्योग से जुड़े उद्यमी बताते हैं कि ऑर्डर कम आने से बिना बिके माल का स्टॉक बढ़ता जा रहा है। जिसके चलते कंबलों के उत्पादन में तीस से पैंतीस प्रतिशत की गिरावट आ गई है। वहीं दूसरी ओर भुगतान शृंखला भी गड़बड़ा गई है। जो भुगतान एक–सवा महीने में आ जाता था, वह औसत समय दो माह का हो चला है। जिससे कार्यशील पूंजी पर दबाव बढ़ रहा है। फलतरू उत्पादक खुद को मुश्किल स्थिति में फंसा पा रहे हैं। ऐसे में यदि उद्यमी बढ़ी हुई लागत का बोझ खुद वहन करते हैं तो उनका मुनाफा कम हो जाता है। वहीं दूसरी ओर यदि वे उत्पाद की कीमत बढ़ाते हैं तो कीमत के प्रति संवेदनशील ग्राहक के दूर होने की चिंता बन जाती है। पानीपत का कंबल उद्योग फिलहाल जिस संकट से गुजर रहा है, उसके प्रभाव व्यापक हैं। निस्संदेह, पानीपत के कपड़ा उद्योग से हजारों बुनकरों, श्रमिकों, व्यापारियों, परिवहनकर्ताओं और अन्य सहायक व्यवसायों का जुड़ाव होता है। यदि उद्योग में लंबे समय तक मंदी की स्थिति बनी रहती है, तो हजारों लोगों की जीविका पर असर पड़ेगा। खासकर, कंबलों की घरेलू आपूर्ति से जुड़ा क्षेत्र। इसके अलावा यह पुनर्चक्रण आधारित कपड़ा उद्योग का भी केंद्र है। जहां, अनुपयोगी कपड़ों को व्यावसायिक रूप से उपयोगी बनाने की क्षमता सर्वाधिक है। निस्संदेह, कंबल उद्योग को अविलंब सरकारी मदद की दरकार है। सरकार को तत्काल वे उपाय करने होंगे, जिससे किफायती कार्यशील पूंजी की उपलब्धता सुनिश्चित हो। वहीं समय पर भुगतान को प्रोत्साहित करने के प्रयास हों। लंबे समय तक पानीपत के कंबल उद्योग की अंतर्राष्ट्रीय साख रही है। लेकिन अब इस उद्योग में शामिल कुछ देशों की तरफ से कड़ी चुनौती मिलने लगी है। फलतरू इस उद्योग से जुड़ी तकनीकों का अविलंब आधुनिकीकरण किया जाए। इसके साथ ही ऊर्जा जरूरतों की पूर्ति सुनिश्चित करने और कार्यबल को आधुनिक उत्पादन जरूरत के हिसाब से प्रशिक्षण देने की जरूरत होगी। इस उद्योग के उत्थान के लिये दीर्घकालिक रणनीति तैयार करना भी उतनी ही जरूरी है। वहीं दूसरी ओर कंबल निर्माताओं को भी नई पीढ़ी की रुचि के हिसाब से अपने उत्पादों में विविधता लाने की जरूरत है। इससे जहां पानीपत के ब्रांड को मजबूती मिलेगी, वहीं विदेशी बाजार तक पहुंच बनाने में मदद मिल सकती है। निस्संदेह, पानीपत के कंबल उद्योग की मौजूदा स्थिति हमें यह सबक देती है कि विनिर्माण क्षमता को केवल उत्पादन क्षमता के आधार पर नहीं मापा जा सकता है। हकीकत तो यह है कि एक मजबूत औद्योगिक क्लस्टर को कीमतों में अचानक आने वाले उतार–चढ़ाव, उपभोक्ताओं की बदलती रुचियों और बाजार में पैदा होने वाली अनिश्चतता का सामना करने में भी सक्षम होना ही चाहिए। वक्त की जरूरत है कि सरकार इस स्थिति में अविलंब हस्तक्षेप करे। यदि ऐसा होता है तो एक अस्थायी मंदी को गंभीर संरचनात्मक संकट बनाने से रोका जा सकता है। ऐसे में सरकार के ये प्रयास केवल टेक्सटाइल हब को ही नहीं बचाएंगे, बल्कि रोजगार–उद्यम की रक्षा के साथ ही देश की विनिर्माण आर्थिकी को भी संबल देंगे।

विधान परिषद चुनाव नतीजों के संकेत

रोहित माहेश्वरी

उत्तर प्रदेश, बिहार, कर्नाटक और महाराष्ट्र की 28 विधान परिषद सीटों पर आए चुनावी नतीजों ने देश की सियासत को कई महत्वपूर्ण और गहरे संकेत दिए हैं। चूंकि ये चुनाव मुख्य रूप से शिक्षकों, स्नातकों (ग्रेजुएट्स) और स्थानीय निकायों द्वारा बैलेट पेपर के माध्यम से चुने जाते हैं, इसलिए इनके राजनीतिक संदेश सीधे तौर पर प्रबुद्ध वर्ग, सरकारी कर्मचारियों और जमीनी संगठन की मनोदशा को दर्शाते हैं। चूंकि ये चुनाव बैलेट पेपर से हुए थे, इसलिए एनडीए की इस जीत ने विपक्ष के उस नैरेटिव को बड़ा झटका दिया है जिसमें अक्सर ईवीएम पर सवाल उठाए जाते थे। भाजपा ने इस नतीजे से यह संदेश दिया है कि उसकी जीत का आधार जनता का समर्थन और मजबूत संगठन है, न कि वोटिंग मशीन। विधान परिषद के चुनावों में कांग्रेस 'बड़े शून्य'के धब्बे से बच गई। नागपुर स्नातक सीट जीत कर सभी को चौंका दिया। नागपुर की जीत 'प्रतीकात्मक'है, क्योंकि यहां आरएसएस का मुख्यालय है और केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी यहां से सांसद हैं। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस भी नागपुर की एक सीट से विधायक हैं। क्या नागपुर में स्नातक युवाओं पर संघ परिवार का मानसिक और नैतिक प्रभाव कम हुआ है? उप्र में प्रधानमंत्री मोदी के चुनाव क्षेत्र वाराणसी में शिक्षक और स्नातक सीटें समाजवादी पार्टी ने जीती हैं। इस सीट पर प्रधानमंत्री की सांसद के तौर पर जीत का अंतर भी काफी कम हुआ था, लिहाजा यह भाजपा की नई चिंता होनी चाहिए कि शिक्षक और स्नातक जैसा शिक्षित वर्ग क्या भाजपा से विमुख हो रहा है? छिटक रहा है? आगरा में भी सपा का उच्च जातियों के बीच समीकरण बिठाना यह संकेत देता है कि भाजपा के कोर वोटर प्रबुद्धध्यापारी वर्ग के भीतर स्थानीय स्तर पर कुछ नाराजगी या बेचौनी है जिसे दूर करना भाजपा के लिए बड़ी चुनौती होगा। लखनऊ केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह का चुनाव क्षेत्र है और गोरखपुर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का गृह–गढ़ है। लखनऊ में भाजपा की पराजय हुई है और गोरखपुर में 'दूसरी वरीयता' के स्तर पर मात्र 307 मतों से जीत पाई है। इलाहाबाद (अब प्रयागराज) भी भाजपा का गढ़ है। वहां से भी सपा ने जीत हासिल की है। उप्र में मार्च, 2027 में विधानसभा चुनाव होने हैं। बेशक विधान परिषद के चुनाव 'सीमित' होते हैं, फिर भी हजारों मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करते हैं। यह भी जनादेश से कमतर नहीं माना जा सकता। कमोबेश इनके नतीजों से स्पष्ट संकेत मिलते हैं, लिहाजा दल सबक भी ले सकते हैं। उप्र में आम विधानसभा चुनाव से पहले ही समीकरण बदलते लग रहे हैं। यदि सपा–कांग्रेस ने वाकई गठबंधन में चुनाव लड़ा, तो नतीजे 'अप्रत्याशित' भी हो सकते हैं! अलबत्ता विधान परिषद की कुल 28 में से 16 सीटें भाजपा ने जीती हैं, लिहाजा संतोष किया जा सकता है। यह जीत भाजपा–एनडीए की साझा जीत है। उप्र में कुल 11 सीटों में से भाजपा के हिस्से 6 और सपा के हिस्से 5 सीटें आई हैं। भाजपा पिछले चुनाव की तरह ही है, लेकिन सपा ने 2 सीटों की बढ़त बनाई है, लिहाजा संकेत स्पष्ट हैं कि भाजपा के सामने चुनावी चुनौतियां हैं। जनादेश इतना आसान, सहज, सरल नहीं होगा। सबसे चौंकाऊ नतीजा यह रहा है कि कर्नाटक में कांग्रेस का सूपड़ा साफ हो गया है। सभी चारों सीटों पर भाजपा–जद (एस) का कब्जा हो गया है। कर्नाटक में कांग्रेस सत्तारूढ़ है। मुख्यमंत्री डीके शिवकुमार 'चुनावी सियासत' के चाणक्य माने जाते रहे हैं। बेंगलुरु में पुट्टन्ना परिषद की शिक्षक वर्ग सीट से 5 बार निर्वाचित हो चुके हैं और परिषद के उपाध्यक्ष भी रहे हैं, लेकिन इस बार वह सीट जद–एस ने छीन ली है। शेष तीनों सीटों पर भाजपा विजयी रही है। यह 2028 के विधानसभा चुनाव के मद्देनजर 'बदलाव का संकेत' है। बेंगलुरु शिक्षक सीट जैसे मजबूत गढ़ में मुख्यमंत्री के करीबी की हार ने यह संकेत दिया है कि पढ़े–लिखे मतदाता, शिक्षक और सरकारी कर्मचारी राज्य सरकार की नीतियों (जैसे तबादले और भर्तियां) से नाराज हैं।महाराष्ट्र में भाजपा–महायुति दावा कर रहे थे कि वे पांचों सीटों पर 'क्लीन स्वीप' करेंगे, लेकिन 'बुजुर्ग चाणक्य' शरद पवार और कांग्रेस ने तीन सीट जीत कर तमाम समीकरण बदल दिए और सत्ता के दावे ध्वस्त कर दिए। भाजपा–शिवसेना (शिंदे) के हिस्से 1–1 सीट ही आई। बिहार में एनडीए ने अपेक्षाकृत बेहतर प्रदर्शन किया, लेकिन वे प्रशांत किशोर की 'जनसुराज पार्टी' की एक सीट पर जीत को रोक नहीं पाए। बहरहाल सबसे संवेदनशील राज्य उप्र रहा, जहां मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आक्रामक प्रचार करने में जुटे हैं। विपक्ष में सपा–कांग्रेस की सीटें अभी तय नहीं हो पाई हैं। तीसरे पक्ष के तौर पर ओवैसी मुसलमानों को लामबंद करके अपनी पार्टी का खाता खोलने में जुटे हैं। उप्र विधानसभा में कुल 403 सीटें हैं। यह चुनाव भी मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार गुप्ता की ही सरपरस्ती में हुआ है। जो परिणाम सामने हैं और जिस तरह विपक्ष ने जीत हासिल की है, उससे 'वोट चोरी' का जुमला अब छोड़ देना चाहिए। यदि मनमर्जी की मतदाता सूची बनाई जा सकती है, तो कर्नाटक सरकार भी कर सकती थी और कुछ सीटें जीत सकती थी, लेकिन ऐसा संभव नहीं होता। 'वोट चोरी' का मुद्दा उछालने के बाद विपक्ष और खासकर कांग्रेस सभी चुनाव हारी है, लेकिन अप्रत्याशित जीत भी दर्ज की गई हैं।नतीजों को समझने से पहले यह जानना जरूरी है कि ये किस तरह के चुनाव हैं। विधान परिषद की स्नातक और शिक्षक निर्वाचन क्षेत्रों की सीटों पर होने वाले चुनाव बहुत सीमित क्षेत्र में लड़े जाते हैं। इनमें हर नागरिक वोट नहीं डाल सकता। स्नातक निर्वाचन क्षेत्रों में केवल योग्य स्नातक और शिक्षक निर्वाचन क्षेत्रों में केवल योग्य शिक्षक ही वोट दे सकते हैं। इसलिए इन चुनावों में मतदान कम होता है और जीत–हार का अंतर अक्सर बहुत कम रहता है। देश के केवल छह राज्यों में विधान परिषद है। ये राज्य हैं– उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, कर्नाटक, बिहार, आंध्र प्रदेश और तेलंगाना। विधान परिषद के सदस्यों का कार्यकाल छह साल का होता है। हर दो साल में एक–तिहाई सदस्य रिटायर होते हैं। यह व्यवस्था राज्यसभा जैसी है। कम मतदान के कारण ये चुनाव जनता के व्यापक मूड को समझने का पैमाना कम और राजनीतिक दलों की चुनावी तैयारी और प्रबंधन की परीक्षा ज्यादा होते हैं। आमतौर पर वही पार्टी या उम्मीदवार जीतता है, जो ज्यादा से ज्यादा मतदाताओं का पंजीकरण कराने और उन्हें वोट डालने के लिए मतदान केंद्र तक लाने में सफल रहता है। समय के साथ इन चुनावों में धनबल और बाहुबल का महत्व भी बढ़ा है। सत्ता में रहने वाली पार्टियों को अक्सर फायदा मिलता है, क्योंकि उनके पास संसाधन और प्रशासनिक तंत्र होता है। विधान परिषद चुनावों का वोटर आम विधानसभा जैसा नहीं होता। यहां मतदाता बेहद जागरूक होता है। नतीजों ने साफ कर दिया है कि प्रबुद्ध वर्ग केवल बड़ी पार्टी के नाम पर वोट नहीं देता, बल्कि स्थानीय स्तर पर उम्मीदवार की छवि, उसकी उपलब्धता और शिक्षकोंध्कर्मचारियों के मुद्दों पर किए गए काम को प्राथमिकता देता है। ये परिणाम देश के राजनीतिक मूड का एक आंशिक लेकिन बेहद उपयोगी संकेतक हैं। संदेश साफ है कि जहां भाजपा को बड़े राज्यों में अपनी पकड़ मजबूत रखने के बावजूद स्थानीय नाराजगी से बचने के लिए संगठन में सुधार की जरूरत है, वहीं विपक्ष विशेषकर कांग्रेस को सत्ता वाले राज्यों में भी अति–आत्मविश्वास से बचकर जमीनी स्तर पर काम करने की आवश्यकता है।

भारत को चीन के प्रति सख्त रवैया अपनाने की जरूरत

दुनिया की दो बड़ी ताकतों भारत और चीन के बीच रिश्ते लंबे समय से तनावपूर्ण हैं। दोनों देशों के बीच 1962 में भीषण युद्ध के अलावा सीमा पर अक्सर झड़प होती रहती है। कई स्थानों खासकर लद्दाख और अरुणाचल प्रदेश में सीमा विवाद से यह स्थिति बनती है। भारत–चीन के बीच सीमारेखा तय करने वाली 1914 की मैकमोहन रेखा को चीन नहीं मानता है। वह समूचे अरुणाचल प्रदेश पर दावा पेश करता है। यों भी चीन का रवैया विस्तारवादी है। वह दूसरे देशों के कई इलाकों पर दावे जताता है। उसका कुछ द्वीपों के संबंध में जापान और फिलीपीन्स से विवाद सुर्खियों में रहता है। वह स्वतंत्र देश ताइवान को भी अपना हिस्सा बताता है। राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (पीएलए) को 2027 तक ताइवान पर कब्जा करने का लक्ष्य दिया है। ताजा विवाद भारत से संबंधित है। भारत–तिब्बत सीमा पुलिस के डायरेक्टर जनरल शत्रुजीत कपूर ने 23 अक्टूबर को राजस्थान में एक सम्मान समारो हमें खुलासा किया कि अरूणाचल प्रदेश में चीनी सैनिकों से कई स्थानों पर टकराव चल रहा है। कपूर जल्द ही रिटायर होने वाले हैं। लगता है, उन्होंने सरकार की सहमति से यह जानकारी उजागर की है। यह जुलाई से चल रहे तनाव की सरकारी तौर पर पहली पुष्टि थी। ध्यान रहे, ऐसी खबरें आ रहीं थी कि अरुणाचल प्रदेश में ताकसिंग के पास अस्फिला में भारत–चीन के बीच जुलाई से तनातनी जारी है। पीएलए ने नियंत्रणरेखा के 6–7 किलोमीटर अंदर टेंट लगा लिए हैं। 24 अक्टूबर को विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा, हमने पहले भी देखा है कि जब समय–समय पर चीनी सैनिक स्थापित पैटर्न से अलग हटकर गश्त करते हैं तब भारत–चीन की सीमा पर गड़बड़ी होती है। निश्चित तौर पर भारत की यह प्रतिक्रिया चीन को पसंद नहीं आई है। चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने जवाब दिया कि उसकी सेना अपनी संप्रुभता को सुरक्षित रखने के लिए सीमा पर सामान्य गश्त करती है। यहां एक और घटनाक्रम का जिक्र सामयिक होगा। 2 अक्टूबर को भारत सरकार ने लद्दाख के 28 स्थानों के नाम और पहचान घोषित कर दिए। इसके कुछ ही घंटे बाद चीन ने कहा कि उसने कभी भी तथाकथित केंद्रशासित प्रदेश लद्दाख को मान्यता नहीं दी है। बीते कुछ वर्षों से दोनों देशों के बीच नक्शे में स्थानों के नाम घोषित करने की जवाबी कार्रवाई चल रही है। 2017 के बाद चीन ने कई बार सीमारेखा पर स्थानों के नाम घोषित किए हैं। चीन ने अगस्त 2019 में जम्मू–कश्मीर और लद्दाख को केंद्रशासित प्रदेश बनाए जाने का विरोध किया था। उसने पाकिस्तान के कहने पर सुरक्षा परिषद में चर्चा के लिए यह मुद्दा पेश किया था। लेकिन परिषद के स्थायी सदस्यों अमेरिका, फ्रांस, ब्रिटेन और रूस ने चीन का समर्थन नहीं किया था। सवाल उठता है, चीन थोड़े समय के अंतर से भारत की सीमा का अतिक्रमण क्यों करता है। दोनों देशों के बीच सीमा विवाद हल करने के लिए कई बार सहमति बन चुकी है। सैनिक कमांडरों के बीच बातचीत के 36 दौर हो चुके हैं। फिर भी, चीनी सेना दस्तक देती रहती है। रक्षा विशेषज्ञ इसके कई कारण बताते हैं। वह लगातार अतिक्रमण के जरिये थोड़ी–थोड़ी जमीन हड़पता है। उस इलाके पर अपने दावे को मजबूत और जीवंत बनाए रखता है। इसके सबूत लद्दाख, अरुणाचल में उसकी हलचल से मिलते हैं। ऐसा ही वह दूसरे देशों के साथ करता है। चीनी नौसेना के जहाज और गश्ती नौकाएं जापान, फिलीपीन्स, ताइवान के आसपास आक्रामक आवाजाही करती हैं। अपने दावे को ठोस बनाए रखने के अलावा चीन की विवादित गतिविधियों के कारण उसकी अंदरूनी स्थितियों में भी खोजे जा सकते हैं। इन दिनों उसकी माली हालत पतली है। इस समय दुनिया की दूसरी बड़ी अर्थव्यवस्था गिरावट के दौर में है। लोगों की आमदनी कम होने की वजह से घरेलू उपभोक्ता मांग कमजोर है। प्रॉपर्टी बाजार लंबे समय से संकट में है। मकानों की बिक्री कम होने और कर्ज के बोझ से कई बड़ी हाउसिंग कंपनियां ध्वस्त हो चुकी हैं। ईरान युद्ध ने पेट्रोल, डीजल, गैस की कीमतों में इजाफा किया है। चीन दुनिया का सबसे बड़ा एनर्जी आयातक है। हालांकि इस साल जुलाई–सितंबर की तिमाही में विकास दर 4.5प्रतिशत रही। यह दूसरी तिमाही में 2022 के बाद सबसे कम 4.3प्रतिशत पर पहुंच गई थी। इस मामूली बढ़ोतरी में मैन्युफैक्चरिंग और निर्यात की बड़ी भूमिका है। लेकिन घरेलू मांग में कमी को देखते हुए स्थिति कमजोर बने रहने के आसार ज्यादा हैं। पुराने दुश्मन भारत से सीमा विवाद की चिंगारी भड़काए रखने से जनता का ध्यान आर्थिक मुश्किलों से कुछ समय के लिए तो हटाया जा सकता है। एक और कारण है। सर्वोच्च नेता शी जिनपिंग अपने अगले पांच वर्षीय कार्यकाल के लिए सत्तारूढ़ कम्युनिस्ट पार्टी की मुहर लगवाना चाहते हैं।

26 अक्टूबर से बीजिंग में शुरु हुए पार्टी के चार दिनी सत्र में इसकी भूमिका तैयार हो सकती है। 2028 में पांच साल में एक बार होने वाली पार्टी कांग्रेस से इसे मंजूरी मिलने की पूरी संभावना है। एक पार्टी और एक नेता के शासन वाले चीन में शी चौथी बार सर्वोच्च पद पर बने रहने वाले पहले नेता होंगे। भारत और दूसरे देशों के खिलाफ जरूरत से ज्यादा आक्रामक रवैये से शी को पार्टी खास कर पीएलए नेतृत्व के उग्र तबके की भावनाएं शांत रखने में मदद मिलेगी। चीन ने सीमा को गर्म रखने के अलावा कई अन्य मोर्चों पर भारत को नुकसान पहुंचाने के फैसले अभी हाल में किए हैं। वैसे, वह हमेशा भारत को कमजोर बनाने की कोशिश करता है। पाकिस्तान से उसकी गहरी दोस्ती का सबसे बड़ा कारण भारत ही है। अक्टूबर के महीने में चीन ने कई वस्तुओं के निर्यात पर प्रतिबंध लगाए हैं। इनसे भारत सीधे प्रभावित होगा। उसने भारत को सोलर मैन्युफैक्चरिंग टेक्नालॉजी देने पर रोक लगा दी है। उसने मेट्रो रेल और हाईवे के निर्माण में काम आने वाली टनल बोरिंग मशीनरी (टीबीएम) के निर्यात पर अंकुश लगाया है। इससे भारत में कई कंस्ट्रक्शन प्रोजेक्ट प्रभावित हो सकते हैं। तीन हजार टन वजन की बोरिंग मशीन मुंबई–अहमदाबाद हाईस्पीड रेल कॉरिडोर जैसे प्रोजेक्ट के लिए अहम है। चीन 2024 के बाद से भारत को टीबीएम के निर्यात में देर कर रहा है। इस साल मार्च में तनाव कम होने के बाद मशीनों की सप्लाई शुरू हो गई। चीन ने अब नए सिरे से प्रतिबंध लागू किए हैं। चीन के व्यापार मंत्रालय का कहना है कि चीन से विवाद रखने वाले संवेदनशील देशों को टीबीएम और अन्य भारी मशीनरी का निर्यात करने के लिए लाइसेंस और पूर्व अनुमति जरूरी है।

जियो की छलांग और विकसित भारत की नई आर्थिक गाथा

ललित गर्ग

किसी राष्ट्र की प्रगति केवल ऊँची इमारतों, चमचमाती सड़कों और बढ़ते सकल घरेलू उत्पाद के आँकड़ों से नहीं आंकी जाती, बल्कि इस बात से तय होती है कि उसकी उद्यमशीलता कितने लोगों के जीवन को बदलती है, तकनीक कितनी दूर तक पहुँचती है और आर्थिक शक्ति किस सीमा तक जनसामान्य की आकांक्षाओं को पंख देती है। भारत की विकास यात्रा में रिलायंस समूह और जियो की कहानी इसी व्यापक परिवर्तन की ओर ध्यान आकर्षित करती है। भारत के औद्योगिक इतिहास में टाटा समूह ने विश्वास, संस्थागत मूल्यों, सामाजिक उत्तरदायित्व और दीर्घकालीन दृष्टि की मजबूत विरासत निर्मित की है। दूसरी ओर, रिलायंस समूह ने बड़े पैमाने पर निवेश, बाजार की नब्ज पहचानने, तकनीक को जनसुलभ बनाने और नए क्षेत्रों में निर्णायक प्रवेश करने की क्षमता से अपनी अलग पहचान बनाई है। दोनों समूह भारतीय अर्थव्यवस्था के महत्वपूर्ण स्तंभ हैं। ऐसे में रिलायंस का टाटा समूह से आगे निकलना किसी एक की पराजय और दूसरे की विजय भर नहीं है, इसे भारतीय उद्योग जगत में प्रतिस्पर्धा के नए अध्याय के रूप में देखना अधिक उचित होगा। जियो की यात्रा एक उल्लेखनीय उदाहरण है। भारतीय दूरसंचार क्षेत्र में प्रवेश के बाद उसने इंटरनेट सेवाओं को अधिक सुलभ बनाने, डेटा की कीमतों में व्यापक बदलाव लाने और डिजिटल गतिविधियों को आम नागरिक तक पहुँचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। जियो की असली उपलब्धि केवल बाजार में अपनी हिस्सेदारी बढ़ाना नहीं, बल्कि डिजिटल अर्थव्यवस्था में भागीदारी का दायरा विस्तृत करना है।

रिलायंस की सफलता को मुकेश अंबानी के नेतृत्व में विकसित दीर्घकालीन कारोबारी दृष्टि, बड़े निवेश और बदलते समय के अनुरूप व्यवसाय का विस्तार करने की रणनीति के संदर्भ में समझना चाहिए। धीरूभाई अंबानी ने जिस उद्यमशीलता को व्यापक जनभागीदारी और पूँजी बाजार से जोड़ने की नींव रखी, उसे आगे बढ़ाते हुए समूह ने पेट्रोकेमिकल, ऊर्जा, खुदरा व्यापार और दूरसंचार जैसे विविध क्षेत्रों में अपनी उपस्थिति मजबूत की। जियो ने इस विरासत को डिजिटल युग की आवश्यकताओं से जोड़ा। इस यात्रा का संदेश स्पष्ट है–समय के साथ जो नहीं बदलता, समय उसे पीछे छोड़ देता है, जो समय की आहट पहचान लेता है, वही भविष्य की दिशा तय करने लगता है। 28 अक्टूबर 2026 को जियो प्लेटफॉर्म्स की शेयर बाजार में ऐतिहासिक सूचीबद्धता ने इस यात्रा को नया आयाम दिया। लगभग 30,213 करोड़ रुपये के सार्वजनिक निर्गम के बाद कंपनी का बाजार पूँजीकरण 12.5 लाख करोड़ रुपये से ऊपर पहुँच गया और कारोबार के पहले दिन यह देश की दूसरी सबसे मूल्यवान सूचीबद्ध कंपनी बन गई। रिलायंस समूह की सूचीबद्ध कंपनियों का संयुक्त बाजार मूल्य भी टाटा समूह से आगे निकल गया। ये आँकड़े भारतीय पूँजी बाजार के बदलते स्वरूप और डिजिटल अर्थव्यवस्था में निवेशकों के विश्वास को दर्शाते हैं। लेकिन यह समझना भी जरूरी है कि बाजार पूँजीकरण कंपनियों के मूल्यांकन का पैमाना है, आम नागरिक की समृद्धि का नहीं। शेयर बाजार में ऊँचाई तभी सार्थक है, जब उसका लाभ अर्थव्यवस्था की जड़ों तक पहुँचे। इस ऐतिहासिक अवसर पर प्रदत्त अनंत अंबानी का भावपूर्ण वक्तव्य चर्चाओं में हैं, उन्होंने इस व्यावसायिक उपलब्धि ा को पारिवारिक संस्कारों और आध्यात्मिक संवेदना से जोड़कर अर्थ के साथ अध्यात्म के महत्व को उजागर किया है। उन्होंने कारोबार की तुलना पूजा से और शेयरों को प्रसाद की तरह देश के साथ साझा करने की भावना से की। उनके शब्दों में कृतज्ञता, पारिवारिक विरासत और लाखों ग्राहकों के योगदान की स्वीकृति थी। मुकेश अंबानी का भावुक होना भी इस बात का प्रतीक था कि किसी बड़ी उपलब्धि के पीछे वर्षों का परिश्रम, संघर्ष, विश्वास और पीढ़ियों के सपने जुड़े होते हैं। यहाँ एक विचार विशेष रूप से उल्लेखनीय है–व्यापार केवल लाभ कमाने की व्यवस्था नहीं, बल्कि सामाजिक विश्वास अर्जित करने का माध्यम भी है। जब कोई कंपनी अपनी सफलता में कर्मचारियों, तकनीशियनों, साझेदारों और उपभोक्ताओं के योगदान को स्वीकार करती है, तब उद्यम का मानवीय पक्ष सामने आता है। फलदार वृक्ष जितना ऊँचा होता है, उसकी शाखाओं में उतनी ही विनम्रता होनी चाहिए। यही विनम्रता किसी कारोबारी साम्राज्य को स्थायी प्रतिष्ठा प्रदान करती है। अनंत अंबानी की पशुसेवा और वन्यजीव संरक्षण के प्रति प्रतिबद्धता भी इसी व्यापक सामाजिक उत्तरदायित्व के संदर्भ में देखी जा सकती है। उद्योग की वास्तविक प्रतिष्ठा तब बढ़ती है, जब आर्थिक प्रगति के साथ जीवों के प्रति करुणा और पर्यावरण के प्रति संवेदनशीलता भी आगे बढ़े।

दूरसंचार क्षेत्र की अग्रणी कम्पनी हिमाचल फ्यूचरिस्टिक कम्युनिकेशंस लिमिटेड (एचएफसीएल) के संस्थापक एवं उद्योगपति महेंद्र नाहटा ने जियो के ऐतिहासिक लॉन्चिंग समारोह में सहभागिता करते हुए इसे भारतीय आर्थिक शक्ति, तकनीकी प्रगति और आध यात्मिक संवेदना का अनूठा संगम बताया। उनके अनुसार, जियो की यह उड़ान केवल एक कंपनी की व्यावसायिक उपलब्धि नहीं, बल्कि भारत की डिजिटल सामर्थ्य, उद्यमशीलता और वैश्विक नेतृत्व की आकांक्षा का प्रतीक है। उनके अनुसार अनंत अंबानी के आशीर्वाद, संस्कार और जनभागीदारी से जुड़े भावपूर्ण उद्बोध ान ने इस आयोजन को मानवीय संवेदनाओं की विशिष्ट ऊँचाई प्रदान की। निस्संदेह, जियो की यह उड़ान नए भारत के आत्मविश्वास, नवाचार और विकसित भारत के संकल्प को नई ऊर्जा देने वाला ऐतिहासिक अध्याय है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में डिजिटल इंडिया, डिजिटल भुगतान, आधारभूत डिजिटल सुविधाओं और उद्यमशीलता को प्रोत्साहन देने वाली पहलों ने देश के तकनीकी परिवर्तन के लिए अनुकूल वातावरण बनाया है। इस विकास में सरकार की नीतियों, निजी क्षेत्र के निवेश, वैज्ञानिक प्रतिभा और करोड़ों नागरिकों की भागीदारी का साझा योगदान है।

एनटीपीसी संयंत्र की उड़ती राख से ग्रामीणों का जीना मुहाल, स्वास्थ्य पर मंडरा रहा खतरा

प्रातःकाल एक्सप्रेस

मेजा प्रयागराज ग्रामीणों का आरोप है कि इस प्रदूषण के कारण ग्रामीणों के जन–जीवन पर बहुत बुरा प्रभाव पड़ रहा है। हवा में उड़ने वाली बारीक राख (फ्लाई ऐस) खुले में रखे खाने–पीने के समान और पानी के पीने को स्रोतों में हैंडपंप और तालाबों में मिल रही है। खेतों और फसलों पर रख की मोटी परत जमने के कारण साग सब्जियां और अनाज ठीक से नहीं रख पा रहे हैं। इसी कारण से किसानों को खेती पर प्रभाव पड़ रहा है, जिससे खेतो में पैदावार फहले से कम हो गया है। जिससे किसानों की आवश्यकता और घरेलू खान–पान दोनों प्रभावित हो रहे हैं। गंभीर बीमारियों का लगातार सांस के साथ अंदर जाने वाली राख के कारण बच्चों महिलाओं और बुजुर्गों में दमा सांस की तकलीफ की बीमारियां तेज से बढ़ रहा हैं। आंखों में जलन और त्वचा संबंधी बीमारियां तेजी से बढ़ रहा है। राख की धूल घरों के भीतर तक घुस रही है जिस बर्तन बिस्तर और कपड़े चौबीस घंटे धूल से सने हैं। यह बेहद निराशा जनक और चिंताजनक स्थिति है। ग्रामीणों द्वारा एसडीएम ध्डीएम और एनटीपीसी मेजा ऊर्जा निगम प्रबंधन को सौंप गए विज्ञापनों पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। इस प्रकार की उपेक्षा से स्पष्ट होता है कि स्थानीय स्तर पर अधिकारी प्रदूषण और स्वास्थ्य संकट को गंभीरता से नहीं ले रहे हैं। ग्रामीणों ने ज्ञापन में अधिकारियों से स्पष्ट रूप से कहा था कि फ्लाई ऐस (राख) के अनियंत्रित और गैर कानूनी परिवहन के कारण पूरे क्षेत्र में डस्ट (धूल) का गुब्बारा छाया रहता है। जिससे लोगों को सांस लेने में कठिनाई होती है, और सांस की बीमारियां बढ़ रही है जन–जीवन यस्त–व्यस्त हो गया हैं।लेकिन स्थानीय शासन – प्रशासन की ढुलमुल और अपेक्षापूर्ण रवैये के कारण जमीन पर कोई सुधार नहीं किया जा रहा है। इसी तरह ग्रामीणों पर समस्या बनी रही तो उनके जन–जीवन और स्वास्थ्य पर बहुत बड़ा बीमारियों का सामना करना पड़ सकता हैं कौन उनका जन–जीवन यस्त–ब्यस्त हो सकता हैं। दिसम्बर 2026 को कई बार राजनीतिक पार्टी और सामाजिक संस्था और प्रधानों ने इस समस्या पर विरोध और लिखित शिकायत किये लेकिन कोई सुनवाई और न कोई सुधार हुआ। ऐसा नही है कि जिला प्रशासन या स्थानीय सांसद या विधायक को इस गंभीर समस्या से अवगत न हो, इस स्थित में ग्रमीणों का कहना है कि भाजपा के सरकार में बुलडेजर बाबा उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी महाराज जी के राज्य में ग्रामीणों को कब न्याय मिलेगा और इस समस्या से कब निजाद मिलेगा।

बारा विधायक ने किया आयुष्यमान आरोग्य मन्दिर प्रसव यूनिट का उद्घाटन

प्रातःकाल एक्सप्रेस

जारी प्रयागराज । बारा क्षेत्र के जसरा ब्लाक अंतर्गत ग्राम पंचायत मझियारी कला के खेरहट खुर्द गांव में नव निर्मित आयुष्यमान आरोग्य मन्दिर प्रसव यूनिट का शनिवार को बारा विधायक डॉ0 वाचस्पति ने फीता काटकर उद्घाटन किया। उनके साथ विशिष्ट अतिथि के रूप में ब्लॉक प्रमुख जसरा अजीत सिंह,



बीडीओ जसरा शिवम सिंह जसरा सीएचसी अधीक्षक डॉ0 सुरेश प्रसाद, डिप्टी सीएमओ प्रमोद कुमार भी मौजूद रहे। मुख्य अतिथि डॉ0 वाचस्पति ने कहा कि स्वास्थ्य सेवाएं जनमानस के लिए बहुत उपयोगी है। खेरहट खुर्द में नवनिर्मित आयुष्मान आरोग्य मन्दिर बनने से क्षेत्र के जसरा एवं शंकरगढ़ की महिलाओं को प्रसव कराने में सहूलियत होगी। कार्यक्रम का संचालन ग्राम विकास अधिकारी राजेश कुमार त्रिपाठी ने किया। कार्यक्रम में मुख्यरूप से डॉ शिवेंदु सिंह, डॉ आनंद मिश्रा, डॉ पंकज मिश्रा, डॉ विष्णु तिवारी, एडीओ पंचायत विनोद कुमार तिवारी,राकेश सिंह, संजीव पाण्डेय, नीरज केसरवानी, नीलम सिंह, गणेश तिवारी सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

सीएमपी डिग्री कॉलेज में राष्ट्रीय एकता दिवस पर सरदार पटेल के योगदान को किया गया याद

प्रातःकाल एक्सप्रेस

प्रयागराज। सीएमपी डिग्री कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के तत्वावधान में राष्ट्रीय एकता दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में एनएसएस के छात्र–छात्राओं ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया।



शुभारंभ राष्ट्रीय सेवा योजना के लक्ष्य गीत से हुआ। इस अवसर पर स्वयंसेविका शालिनी अनिहोत्री ने सरदार वल्लभभाई पटेल के राष्ट्र निर्माण में योगदान पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उन्होंने 600 से अधिक देशी रियासतों का भारतीय संघ में विलय कर अखंड भारत के निर्माण में ऐतिहासिक भूमिका निभाई। इसके बाद ज्योति त्रिपाठी, शिवम दिवाकर एवं संदीप दिवाकर ने भी अपने विचार प्रस्तुत किए। स्वास्थ्य विभाग प्रयागराज के सीएमओ कार्यालय से आए अतिथि मुकेश कुमार एवं दीपचंद ने सरदार पटेल के साहस, पराक्रम और राष्ट्र के प्रति समर्पण को याद किया। दीपचंद ने पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की पुण्यतिथि पर उनके व्यक्तित्व एवं कार्यों पर भी प्रकाश डाला। कार्यक्रम का संचालन डॉ. यशवंत कुमार ने किया। इसमें राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी उपस्थित रहे। अंत में राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

प्रयागराज जंक्शन पर ढोल–नगाड़ों और पुष्पवर्षा से हुआ अभिनंदन, केशव मौर्य और मंत्री नंदी ने दिखाई हरी झंडी

प्रातःकाल एक्सप्रेस

प्रयागराज, 31 अक्टूबर। संगम नगरी के रेल इतिहास में शनिवार को एक नया अध्याय जुड़ गया। उत्तर प्रदेश की पहली वंदे भारत स्लीपर एक्सप्रेस का प्रयागराज जंक्शन पहुंचने पर भव्य स्वागत किया गया। वाराणसी से नई दिल्ली के बीच शुरू हुई इस अत्याधुनिक रात्रिकालीन रेल सेवा को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ एवं केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बनारस रेलवे स्टेशन से रवाना किया। प्रयागराज जंक्शन पर शाम 6रू53 बजे ट्रेन के पहुंचते ही ढोल–नगाड़ों, मंत्रोच्चार और पुष्पवर्षा के बीच जोरदार अभिनंदन हुआ। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य और कैबिनेट मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी सहित जनप्रतिनिधियों ने हरी झंडी दिखाकर ट्रेन को आगे के लिए रवाना किया।

समारोह में उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारतीय रेलवे आधुनिक तकनीक और विश्वस्तरीय यात्री सुविधाओं के साथ निरंतर आगे बढ़ रही है। प्रयागराज जैसे ऐतिहासिक, धार्मिक और शैक्षणिक महत्व के शहर को इस आधुनिक रेल सेवा से जोड़ना बड़ी उपलब्धि है। इससे विद्यार्थियों, प्रतियोगी परीक्षार्थियों, व्यापारियों, नौकरीपेशा लोगों और श्रद्धालुओं को विशेष लाभ मिलेगा। कैबिनेट मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी ने कहा कि वंदे भारत स्लीपर एक्सप्रेस आधुनिक भारत की तकनीकी क्षमता का प्रतीक है। इससे प्रदेश में पर्यटन, व्यापार और आर्थिक गतिविधियों को भी गति मिलेगी।

ट्रेन वाराणसी से नई दिल्ली के बीच प्रयागराज, कानपुर सेंट्रल, अलीगढ़ और गाजियाबाद में ठहराव करेगी। रात्रिकालीन यात्रा की सुविधा मिलने से प्रयागराज के यात्रियों को समय की बचत के साथ आरामदायक सफर का विकल्प मिलेगा। आधुनिक सुरक्षा प्रणाली, आरामदायक शयन व्यवस्था और बेहतर स्वच्छता सुविधाओं से सुसज्जित यह ट्रेन लंबी दूरी की यात्रा को सुविधाजनक बनाएगी। काशी और संगम नगरी को राजधानी से जोड़ने वाली इस सेवा से धार्मिक पर्यटन और कारोबार को भी बढ़ावा मिलने की उम्मीद है।

इस मौके पर महापौर उमेश चंद्र गणेश केसरवानी, जिला पंचायत अध्यक्ष वीके सिंह, एमएलसी सुरेंद्र चौधरी, फूलपुर विधायक दीपक पटेल तथा मंडल रेल प्रबंधक रजनीश अग्रवाल सहित रेलवे के वरिष्ठ अधिकारी एवं बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे। समारोह में युवाओं और छात्र–छात्राओं में विशेष उत्साह देखने को मिला। मंत्री नंदी ने विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेता बच्चों को पुरस्कार देकर सम्मानित भी किया। नई स्लीपर वंदे भारत को प्रयागराज की रेल कनेक्टिविटी के विस्तार के साथ शिक्षा, रोजगार, पर्यटन और व्यापार के लिए महत्वपूर्ण सौगात माना जा रहा है।

सपा ने धूमधाम से मनाई सरदार पटेल की जयंती, भाजपा पर साधा निशाना

डॉ. आरके वर्मा बोले– किसानों पर अत्याचार करने वाले आज किसान हितैषी होने का दावा कर रहे

प्रातःकाल एक्सप्रेस

प्रयागराज। समाजवादी पार्टी ने शहर पश्चिमी विधानसभा क्षेत्र के सल्लाहपुर स्थित गेस्ट हाउस में सरदार वल्लभभाई पटेल की 151वीं जयंती मनाई। नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी और उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया। मुख्य अतिथि विधायक डॉ. आरके वर्मा ने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि तीन कृषि कानून लाने,



किसान आंदोलन के दौरान किसानों पर लाठियां चलवाने और 700 से अधिक किसानों की मौत के लिए जिम्मेदार लोग आज किसान हितैषी होने का दावा कर रहे हैं। उन्होंने सरदार पटेल के किसान हितों और राष्ट्रीय एकता के लिए किए गए योगदान को याद किया। एमएलसी डॉ. मान सिंह यादव ने कहा कि देश की तरक्की अमन–चौन और भाईचारे को मजबूत किए बिना संभव नहीं है। कार्यक्रम में पूर्व विधायक राधेश्याम पटेल, महानगर अध्यक्ष सैयद इफ्तेखार हुसैन, जिलाध्यक्ष अनिल यादव, रमाकांत सिंह पटेल सहित बड़ी संख्या में सपा नेता एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे। आभार प्रदर्शन रमाकांत सिंह पटेल ने किया।

जोसेफेस्ट–2026 की चैंपियनशिप ट्रॉफी पर सेंट जोसेफ कॉलेज का कब्जा

तीन दिवसीय सांस्कृतिक एवं तकनीकी महोत्सव में देशभर के विद्यालयों के विद्यार्थियों ने दिखाई प्रतिभा, बेथनी कॉन्वेंट नैनी उपविजेता

प्रातःकाल एक्सप्रेस

प्रयागराज, 31 अक्टूबर। सेंट जोसेफ कॉलेज, प्रयागराज का 76वां वार्षिक सांस्कृतिक एवं तकनीकी महोत्सव 'जोसेफेस्ट–2026' प्रतिभा, रचनात्मकता और उत्साह के रंगों के बीच संपन्न हुआ। 'समन्वय रू सिम्फनी ऑफ माइंड्स' थीम पर आयोजित इस महोत्सव में विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थियों ने संगीत, नृत्य, नाटक, साहित्य, वाद–विवाद और रचनात्मक गतिविधियों में अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। प्रतियोगिताओं में सर्वाधिक अंक हासिल कर मेजबान सेंट जोसेफ कॉलेज ने चौंपियनशिप ट्रॉफी अपने नाम की।

बेथनी कॉन्वेंट स्कूल, नैनी ने उपविजेता का खिताब हासिल किया, जबकि सेंट मैरी कॉन्वेंट, मिर्जापुर और सेंट मैरी कॉन्वेंट, प्रयागराज ने संयुक्त रूप से तीसरा स्थान प्राप्त किया।

महोत्सव का उद्घाटन आकर्षक सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के साथ हुआ। कक्षा छह और सात के विद्यार्थियों ने मंच पर अपनी प्रस्तुतियों से दर्शकों का मन मोह लिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में हंगामा डिजिटल मीडिया के सीईओ एवं संस्थापक तथा कॉलेज के पूर्व छात्र नीरज रॉय शामिल हुए। प्रधानाचार्य रेव. फादर वॉल्टर डिसिल्वा और विद्यालय समन्वयक ज्योति दुबे ने उनका स्वागत कर स्मृति चिह्न भेंट किया।

मुख्य अतिथि नीरज रॉय ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि आधुनिक डिजिटल युग में नवाचार, मेहनत और निरंतर सीखने की ललक ही सफलता की असली कुंजी है। उन्होंने विद्यार्थियों को अपनी अंतर्निहित प्रतिभा पहचानने, आत्मविश्वास बनाए रखने और लक्ष्य प्राप्ति के लिए निरंतर प्रयास करने की प्रेरणा दी।

महोत्सव के दौरान अंग्रेजी समूहगान, एकल एवं समूह नृत्य, हिंदी नाटक, अंग्रेजी वाद–विवाद, काव्यपाठ, रचनात्मक लेखन, फोटोग्राफी, पोस्टर निर्माण, कोलाज मेकिंग सहित अनेक प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। विद्यार्थियों ने अपनी कला, अभिव्यक्ति और बौद्धिक क्षमता से निर्णायकों को प्रभावित किया।

प्रतियोगिताओं में इनका रहा दबदबा

अंग्रेजी वाद–विवाद प्रतियोगिता में सेंट जोसेफ कॉलेज 140 अंकों के साथ प्रथम, आइपीईएम इंटरनेशनल 133 अंकों के साथ द्वितीय और गर्ल्स हाईस्कूल 125 अंकों के साथ तृतीय स्थान पर रहा। समूह नृत्य में गर्ल्स हाईस्कूल ने 135 अंकों के साथ पहला, बेथनी कॉन्वेंट स्कूल नैनी ने 116 अंकों के साथ दूसरा और सेंट मैरी स्कूल मिर्जापुर ने 111 अंकों के साथ तीसरा स्थान हासिल किया।

हिंदी नाटक प्रतियोगिता में सेंट मैरी कॉन्वेंट, प्रयागराज 116 अंकों के साथ प्रथम रहा। सेंट जोसेफ कॉलेज ने 110 अंकों के साथ दूसरा स्थान प्राप्त किया, जबकि सेंट जोसेफ गर्ल्स कॉलेज और गर्ल्स हाईस्कूल 104 अंकों के साथ संयुक्त रूप से तीसरे स्थान पर रहे।

काव्यपाठ में सेंट जोसेफ गर्ल्स कॉलेज की सुरभि सेन ने 46 अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। सेंट जोसेफ कॉलेज के यशार्थ प्रताप सिंह 45.5 अंकों के साथ दूसरे और सेंट मैरी स्कूल, कौशांबी की भावालिका सेन 44 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर रहीं।

हिंदी रचनात्मक लेखन में सेंट मैरी स्कूल, मिर्जापुर की भाग्यश्री उमर प्रथम, सेंट जोसेफ सीनियर सेकेंडरी स्कूल, कौशांबी के सिद्धार्थ कुमार द्वितीय और बेथनी कॉन्वेंट स्कूल, नैनी के वैभव विश्वकर्मा तृतीय रहे।

व्यक्तिगत पुरस्कारों में भी विद्यार्थियों ने मारी बाजी

अंग्रेजी वाद–विवाद में सेंट जोसेफ कॉलेज के यशार्थ प्रताप सिंह को पक्ष में सर्वश्रेष्ठ वक्ता, रायव मिश्रा को विपक्ष में सर्वश्रेष्ठ वक्ता तथा सर्वश्रेष्ठ इंटरजेक्टर का पुरस्कार मिला। कॉलेज की टीम ने सर्वश्रेष्ठ टीम का खिताब भी हासिल किया। कविता, गायन, नृत्य और अभिनय सहित विभिन्न व्यक्तिगत श्रेणियों में भी प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया।

जोसेफेस्ट–2026 ने विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा निखारने, नए विचारों को अभिव्यक्त करने और विभिन्न विद्यालयों के साथ स्वस्थ प्रतिस्पर्धा का अवसर प्रदान किया। पूरे आयोजन में उत्साह, अनुशासन और सांस्कृतिक समन्वय की झलक देखने को मिली।

नन्हीं मुस्कानों से जगमगाया वार्षिकोत्सव

'स्पार्कलिंग स्माइल्स' में बच्चों ने बिखेरे प्रतिभा के रंग

प्रातःकाल एक्सप्रेस

प्रयागराज। पतंजलि नर्सरी स्कूल में वार्षिकोत्सव–2026 का आयोजन 'स्पार्कलिंग स्माइल्स अनगिनत मुस्कानें, खूबसूरत यादें बनी।' थीम के अंतर्गत हर्षोल्लास के साथ नन्हे–मुन्ने बच्चों ने अपनी प्रतिभा एवं आत्म विश्वास का परिचय देते हुए दीपावली पर आधारित रंगारंग प्रस्तुतियां दीं।कार्यक्रम की मुख्य अतिथि जयजीत कौर मिश्रा,



अपर आयुक्त का स्वागत विद्यालय की अध्यक्षा कृष्णा गुप्ता एवं रविन्द्र गुप्ता ने तुलसी का पौधा भेंट कर किया। बच्चों ने 'सिद्धि से समृद्धि तक', 'आयो रे शुभ दिन' एवं 'लिटिल स्टेप्स, माइटी स्पिरिट' जैसी मनमोहक प्रस्तुतियाँ दीं। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण भगवान श्रीराम, माता सीता एवं लक्ष्मण के अयोध्या आगमन पर आधारित भव्य झांकी रही। 'सेफ एंड इको–फ्रेंडली दीवाली' के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। मुख्य अतिथि अपर आयुक्त श्रीमती जयजीत कौर मिश्रा ने बच्चों की प्रस्तुतियों की सराहना की। अंत में नन्हे.मुन्ने बच्चों द्वारा आभार प्रदर्शन के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। कार्यक्रम का संचालन खुशबू अग्रवाल एवं ऋचा यादव ने किया। यह आयोजन निदेशक रेखा बैद गुप्ता एवं यशोवर्धन गुप्ता के मार्गदर्शन तथा प्रधानाचार्या विभा श्रीवास्तव के सहयोग से सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

दिल्ली में कांग्रेस की महारैली, तस्लीम उद्दीन के नेतृत्व में प्रयागराज से रवाना हुए कार्यकर्ता

प्रातःकाल एक्सप्रेस

प्रयागराज। कथित श्वोट चोरीश और चुनावी प्रक्रिया में अनियमितताओं के विरोध में 1 नवंबर को दिल्ली के रामलीला मैदान में आयोजित कांग्रेस की महारैली में शामिल होने के लिए प्रयागराज से सैकड़ों कार्यकर्ता रवाना हुए।



वरिष्ठ कांग्रेस नेता तस्लीम उद्दीन के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने दिल्ली कूच किया। पूर्व शहर अध्यक्ष प्रदीप कुमार अंशुमन, मोहम्मद असलम, इरशाद उल्ला, अब्दुल कलाम आजाद, रजनीश पांडेय, दिवाकर भारती, राकेश कुमार, विष्णु पांडेय, तंजीम उद्दीन, मुस्तकीम कुरैशी, वैभव पांडेय और विक्रम पटेल सहित अनेक नेता एवं कार्यकर्ता शामिल रहे। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि लोकतंत्र और मताधिकार की रक्षा तथा चुनावी प्रक्रिया में पारदर्शिता सुनिश्चित करना जरूरी है। महारैली के माध्यम से चुनावी व्यवस्था से जुड़े सवालों को उठाकर जनता के संवैधानिक अधिकारों की आवाज बुलंद की जाएगी।

राष्ट्रीय एकता दिवस पर मंडलायुक्त ने दिलाई शपथ

प्रातःकाल एक्सप्रेस

प्रयागराज। भारत रत्न लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती के अवसर पर मंडलायुक्त कार्यालय में राष्ट्रीय एकता दिवस आज मनाया गया। इस अवसर पर मंडलायुक्त डॉ. लोकेश एम. ने अपर आयुक्त त्रिभुवन एवं श्रीमती जयजीत कौर की उपस्थिति में कार्यालय के समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों को



राष्ट्र की एकता, अखंडता एवं सुरक्षा बनाए रखने तथा राष्ट्रीय एकता की भावना को अक्षुण्ण रखने की शपथ दिलाई। इस दौरान सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने संकल्प लिया कि वे राष्ट्र की एकता एवं अखंडता के प्रति समर्पित रहेंगे तथा देशवासियों के बीच आपसी सद्भाव, भाईचारे और सामाजिक समरसता की भावना को बढ़ावा देंगे। साथ ही, बिना किसी भेदभाव के राष्ट्रहित एवं जनहित को सर्वोपरि रखते हुए अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी निष्ठा और ईमानदारी से करेंगे। मंडलायुक्त डा लोकेश एम ने कहा कि सरदार वल्लभभाई पटेल ने अपनी दृढ़ इच्छाशक्ति और दूरदर्शिता से देश की रियासतों का एकीकरण कर राष्ट्रीय एकता की मजबूत नींव रखी। उनके आदर्श आज भी हम सभी के लिए प्रेरणास्रोत हैं। उन्होंने अधिकारियों एवं कर्मचारियों से सरदार पटेल के विचारों को आत्मसात करते हुए राष्ट्रीय एकता, अखंडता, आपसी सद्भाव और वसुधैव कुटुम्बक की भावना को मजबूत बनाने में अपना योगदान देने का आह्वान किया।

अपना दल एस के बैनर तले धूमधाम से मनाई गई लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती

प्रातःकाल एक्सप्रेस

बारा भनौरी (विधानसभा बारा), यमुनापार, प्रयागराज आज दिनांक 31 अक्टूबर 2026 को विधानसभा बारा के भनौरी में अपना दल एस के बैनर तले भारत रत्न, लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल जी की जयंती बड़े ही धूमधाम एवं हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता अपना दल एस यमुनापार के जिलाध्यक्ष राम मनोहर पटेल जी ने की तथा संचालन विकास पटेल, जोन अध्यक्ष कौंधियारा ने किया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि अपना दल एस के राष्ट्रीय सचिव राजेश पटेल बुलबुल जी उपस्थित रहे। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ. विनोद पटेल, मंडल परिक्षेत्र प्रयागराज एवं परमानंद पटेल, मंडल सचिव उपस्थित रहे। कार्यक्रम में मुख्य रूप से चंद्र बहादुर पटेल, अध्यक्ष विधानसभा करछना, अजय पटेल, विधानसभा उपाध्यक्ष, किसान मंच के जिलाध्यक्ष शक्तिलाल विश्वकर्मा, आईटी मंच के जिलाध्यक्ष श्री सचिन सिंह पटेल, रामकरण पटेल, राममणि पटेल, मंगल पटेल,राजकुमार पटेल, रामबाबू, पंकज पटेल सहित बड़ी संख्या में पार्टी के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी साथियों ने कार्यक्रम में बढ़–चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि राजेश पटेल बुलबुल जी ने देश की एकता एवं अखंडता पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल जी ने आजादी के बाद देश की 565 रियासतों के एकीकरण में ऐतिहासिक भूमिका निभाई और भारत को एक सूत्र में पिरोने का महान कार्य किया। हमें भी उनके आदर्शों पर चलते हुए देश की एकता, अखंडता और संप्रभुता को मजबूत बनाने में अपना महत्वपूर्ण योगदान देना चाहिए। विशिष्ट अतिथि डॉ. विनोद पटेल जी ने सरदार वल्लभभाई पटेल जी के दृढ़ संकल्प, कर्तव्यनिष्ठा एवं समर्पण का उल्लेख करते हुए कहा कि एक बार अदालत में बहस के दौरान उन्हें अपनी पत्नी के निधन की सूचना मिली, लेकिन उन्होंने अपने कर्तव्य का निर्वहन करते हुए बहस पूरी की। उनका यह प्रसंग उनकी अद्भुत कर्तव्यनिष्ठा और दृढ़ इच्छाशक्ति का परिचायक है।

वहीं परमानंद पटेल ने कहा कि सरदार वल्लभभाई पटेल ने देश की एकता और अखंडता के लिए जो ऐतिहासिक योगदान दिया, वह सदैव स्मरणीय रहेगा। उनका राष्ट्र के प्रति समर्पण आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणास्रोत है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे जिलाध्यक्ष राम मनोहर पटेल जी ने कहा कि सरदार वल्लभभाई पटेल जी बचपन से ही नेतृत्व क्षमता, दृढ़ इच्छाशक्ति और संघर्षशील व्यक्तित्व के धनी थे।

शंकरगढ़ में सरदार पटेल की वार्षिक जयंती संपन्न, सरदार पटेल की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर दी श्रद्धांजलि!

प्रातःकाल एक्सप्रेस

शंकरगढ़ प्रयागराज। प्रयागराज के शंकरगढ़ ब्लॉक परिसर में शनिवार को सरदार वल्लभभाई पटेल की 151वीं जयंती पर समारोह आयोजित किया गया। इस दौरान मुख्य अतिथि प्रयागराज के निवर्तमान लोकसभा प्रत्याशी नीरज त्रिपाठी समेत उपस्थित जनप्रतिनिधियों, भाजपा पदाधिकारियों और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने सरदार पटेल की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। वक्ताओं ने उनके जीवन, संघर्ष और राष्ट्र निर्माण में दिए गए योगदान को याद करते हुए उनके आदर्शों पर चलने का आह्वान किया। मुख्य अतिथि नीरज त्रिपाठी ने सरदार पटेल के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि सरदार पटेल ने देश की एकता और अखंडता को मजबूत करने में ऐतिहासिक भूमिका निभाई। उनका जीवन राष्ट्रसेवा, दृढ़ इच्छाशक्ति और समर्पण की प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि सरदार पटेल के विचार आज भी देश की एकता और सामाजिक समरसता के लिए प्रासंगिक हैं। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि पूर्व जिलाध्यक्ष विभवनाथ भारती उपस्थित रहे। इसके अलावा पूर्व जिला उपाध्यक्ष संतोष त्रिपाठी, मंडल अध्यक्ष अखिलेश सिंह, वरिष्ठ समाजसेवी एवं कार्यक्रम संस्थापक सरदार रामानुज सिंह,अनिल मिश्रा, महेंद्र शुक्ला, शिक्षक बृजेश सिंह, अखिलेश त्रिपाठी, रोहित केसरवानी, दीपक केसरवानी, रामजतन बंसल, डॉ. सत्यरंजन, राहुल पांडेय, मंडल मंत्री नेहा सिंह, मंडल उपाध्यक्ष उमा वर्मा, अंग सिंह, मुन्ना मिश्रा समेत तमाम लोग मौजूद रहे।

बालेश्वर के अवध बार महासचिव निर्वाचित होने पर साथियों ने जताई खुशी

प्रातःकाल एक्सप्रेस

प्रतापगढ़। लालगंज तहसील परिसर में शनिवार को अधिवक्ताओं ने बैठक कर लखनऊ अवध बार एसोसिएसन के चुनाव में महासचिव पद पर वरिष्ठ अधिवक्ता बालकेश्वर श्रीवास्तव के निर्वाचित होने पर खुशी जतायी। आल इण्डिया रूरल बार एसोसिएसन की हुई बैठक में वकीलों ने नवनिर्वाचित महासचिव बालकेश्वर श्रीवास्तव तथा संयुक्त सचिव भूमिका बाजपेई एवं संयुक्त सचिव अतुल द्विवेदी के निर्वाचन को अधिवक्ता सुरक्षा अधिनियम विधेयक के संघर्ष की मजबूती का पैगाम कहा। बैठक की अध्यक्षता एसोसिएसन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल एवं संचालन राष्ट्रीय महासचिव अनिल तिवारी महेश ने किया। इस मौके पर वरिष्ठ अधिवक्ता गिरीश मिश्र, विजय पाल, आनंद त्रिपाठी, रोहित तिवारी, विकास मिश्र, विपिन शुक्ल, सत्येन्द्र श्रीवास्तव, प्रभात श्रीवास्तव, मो0 असलम, गीता सिंह, हिना अंसारी, शिव प्रसाद यादव, शिव नारायण शुक्ल आदि अधिवक्ता रहे।

गोवर्धन पूजा उत्सव में श्रद्धालुओं का समागम, हुआ पूजन अर्चन

प्रातःकाल एक्सप्रेस

प्रतापगढ़। नगर के प्रतापगढ़ रोड पर शनिवार को गोवर्धन पूजा उत्सव में श्रद्धालुओं की भीड़ जुटी दिखी। कथावाचक आचार्य माधवपति त्रिपाठी के वैदिक मंत्रोच्चारण के मध्य श्रीगोवर्धन का फूल, अक्षत तथा भोग प्रसाद अर्पण के साथ पूजन अर्चन हुआ। वहीं महिलाओं ने भगवान गोवर्धन से सुख समृद्धि की कामना में मंगलगीत से वातावरण को भक्तिमय बना दिया। कार्यक्रम के संयोजक डॉ. पुरूषोत्तम शुक्ल एवं दयावती शुक्ला ने आचार्य समूह को अंगवस्त्रम तथा श्रीफल प्रदान कर सम्मानित किया। संचालन हाईकोर्ट अवध बार एसोसिएसन के पूर्व उपाध्यक्ष जयकृष्ण शुक्ल तथा सह संयोजन डॉ. आशीष शुक्ल व शिक्षिका रीतू शुक्ला ने किया। इस मौके पर चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी, डॉ. पूर्णिमा मिश्रा, पूर्व प्राचार्य दयाशंकर पाण्डेय, ज्ञानप्रकाश शुक्ल, सभासद धर्मपाल गौतम, बड़ेलाल वर्मा, राममूरत शर्मा, राहुल मिश्र, सुनील तिवारी आदि रहे।

बरसात के चलते एक दिन बढ़ा अजुहा मेला, अब रविवार को होगा भव्य समापन

प्रातःकाल एक्सप्रेस

देवीगंज कौशाम्बी । चक्रवाती बारिश ने नगर पंचायत अजुहा के ऐतिहासिक दशहरा मेले की रौनक में खलल डाल दिया। लगातार बारिश के चलते मेले में अव्यवस्था उत्पन्न होने पर मेला प्रबंधन ने आयोजन की अवधि एक दिन बढ़ाने का निर्णय लिया है। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार नगर पंचायत अजुहा का मेला 30 और 31 अक्टूबर 2026 को आयोजित होना था, लेकिन खराब मौसम के कारण मेले की तैयारियां और व्यवस्थाएं प्रभावित हो गईं। शनिवार को नगर पंचायत अजुहा में रोशनी कमेटी एवं चौकी कमेटी के पदाधिकारियों ने मेला प्रबंधक ओमप्रकाश कुशवाहा से मुलाकात कर स्थिति पर चर्चा की। विचार–विमर्श के बाद सर्वसम्मति से मेले की अवधि एक दिन बढ़ाने का निर्णय लिया गया। कमेटी के लोगो ने बताया कि नगर पंचायत अजुहा में अब मेले का भव्य समापन रविवार, 1 नवंबर 2026 को होगा। मेला प्रबंधन के अनुसार सभी प्रदर्शन एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम रविवार तक जारी रहेंगे। मेले की अवधि बढ़ाए जाने से क्षेत्रीय लोगों और दुकानदारों को भी राहत मिलने की उम्मीद है। आयोजकों ने क्षेत्रवासियों एवं मेलार्थियों से मेले में पहुंचकर कार्यक्रमों का आनंद लेने की अपील की है।

खेत बटाई को लेकर मारपीट, एक के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज

प्रातःकाल एक्सप्रेस

कौशाम्बी । पईसा थाना क्षेत्र के रमसहाय पुर का मजरा भान का पुरवा गांव में खेत की बटाई को लेकर विपक्षी पीड़ित के साथ मारपीट कर चोटिल कर दिया और जान से मारने की धमकी देने लगे, पीड़ित की शिकायत पर प्राथमिकी दर्ज कर पुलिस जांच में जुट गई है। पईसा थाना क्षेत्र के भान का पुरवा निवासी संगीता देवी पत्नी दारा सिंह ने पईसा पुलिस को शिकायती पत्र देकर बताया कि गुरुवार की रात करीब नौ बजे दारा सिंह खेत बटाई को लेकर देवर गाली गलौच कर मारपीट करते हुए चोटिल कर दिया और जान से मारने की धमकी देने लगा। पीड़ित की शिकायत पर संजय सिंह के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर पुलिस जांच पड़ताल में जुट गई है।

ट्रैक्टर हटाने को लेकर मारपीट, चार के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज

प्रातःकाल एक्सप्रेस

कौशाम्बी । कोखराज थाना क्षेत्र के झंडापुर गांव में ट्रैक्टर हटाने को लेकर हुई मारपीट में पीड़ित चोटिल हो गया, पीड़ित की तहरीर पर प्राथमिकी दर्ज कर पुलिस जांच पड़ताल में जुट गई है। कोखराज थाना क्षेत्र के झंडापुर गांव निवासी मोईन उल्ला पुत्र अजीम उल्ला ने कोखराज पुलिस को शिकायती पत्र देकर बताया कि गुरुवार की सुबह नौ बजे के करीब वह ट्रैक्टर लेकर जा रहा था, इस दौरान सामने से आ रहे एक ट्रैक्टर चालक को हटाने के लिए तो विपक्षी गाली गलौच कर मारपीट करने लगा और चोटिल कर दिया, पीड़ित की शिकायत पर कोखराज पुलिस ने सकील अहमद , सफीक अहमद , कमर रजा , अंजार अहमद आदि के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर कार्यवाही में जुट गई है।

मेला देखने आई महिला के गले से लॉकीट चोरी, अज्ञात के विरुद्ध केस दर्ज

प्रातःकाल एक्सप्रेस

कौशाम्बी । कोखराज थाना क्षेत्र के बम्हरौली में दो दिन पहले मेला देखने गई महिला के गले से अज्ञात महिलाओं ने लॉकीट चोरी कर लिया, पीड़िता की शिकायत पर केस दर्ज कर पुलिस जांच पड़ताल में जुट गई है। कोखराज थाना क्षेत्र के सुनीता देवी पत्नी भीमसेन ने कोखराज पुलिस को शिकायती पत्र देकर बताया कि गुरुवार को वह बम्हरौली मेला देखने गई थी, पीड़िता का आरोप है कि इस दौरान तीन चार अज्ञात महिलाओं ने सोने की लॉकीट चोरी कर लिया, पीड़िता की शिकायत पर अज्ञात महिलाओं के विरुद्ध केस दर्ज कर पुलिस जांच में जुट गई है।

धूमधाम से मनाया गया राजा भैया का 57वां जन्मदिन

बेंती कोठी में उमड़ा समर्थकों का हुजूम, दूर-दराज से पहुंचे लोगों ने दी शुभकामनाएं
डिजिटल टीम ने छत्रपति शिवाजी महाराज का चित्र भेंटकर किया सम्मानित

प्रातःकाल एक्सप्रेस

प्रतापगढ़। कुंडा विधायक एवं जनसत्ता दल लोकतांत्रिक के राष्ट्रीय अध्यक्ष कुंवर रघुराज प्रताप सिंह उर्फ राजा भैया का 57वां जन्मदिन शनिवार को बेंती कोठी में हर्षोल्लास और धूमधाम के साथ मनाया गया। जन्मदिन समारोह में प्रतापगढ़ सहित प्रदेश के विभिन्न जनपदों से बड़ी संख्या में समर्थक, शुभचिंतक और पार्टी कार्यकर्ता पहुंचे। सुबह से ही बेंती कोठी में बधाई देने वालों का सिलसिला जारी रहा।



जन्मदिन के अवसर पर राजा भैया ने सबसे पहले हनुमान जी की प्रतिमा के समक्ष पहुंचकर पूजा–अर्चना की और आशीर्वाद प्राप्त किया। वैदिक मंत्रोच्चार के बीच मंदिर के पुजारी ने उन्हें विजय तिलक लगाया। इसके बाद उन्होंने लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किए। समर्थकों ने फूल–मालाओं और पुष्पगुच्छ भेंटकर उन्हें जन्मदिन की बधाई दी तथा दीर्घायु और उत्तम स्वास्थ्य की कामना की।

समारोह के दौरान राजा भैया ने समर्थकों और शुभचिंतकों के बीच केक काटकर जन्मदिन मनाया। इस मौके पर बेंती कोठी में उत्सव जैसा माहौल नजर आया। समर्थकों में उनके साथ तस्वीर खिंचवाने और शुभकामनाएं देने की होड़ लगी रही। वहीं राजा भैया डिजिटल टीम के सदस्य विनोद यादव और राहुल त्रिपाठी ने छत्रपति शिवाजी महाराज का चित्र भेंटकर उन्हें जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं और सम्मानित किया।

इस अवसर पर एमएलसी अक्षय प्रताप सिंह उर्फ गोपाल भैया, बाबागंज विधायक विनोद सरोज, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रशासक कुलदीप पटेल, पूर्व प्रमुख हितेश प्रताप सिंह पंकज, प्रमुख संतोष सिंह, जिला पंचायत सदस्य बबलू सिंह, सोनू सिंह नारियावा, कुंवर साहब सिंह, प्रभात सिंह, प्रांजल त्रिपाठी समेत बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, पार्टी पदाधिकारी और समर्थक मौजूद रहे।

जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने यातायात माह का किया शुभारम्भ

प्रातःकाल एक्सप्रेस

कौशाम्बी। जिलाधिकारी डॉ. अमित पाल एवं पुलिस अधीक्षक सत्य नारायण ने आज थाना मंझनपुर में आयोजित कार्यक्रम में यातायात माह का शुभारम्भ तथा यातायात नियमों के प्रति आमजन को जागरूक करने के उद्देश्य से आयोजित जन–जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

जिलाधिकारी ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि हेलमेट न पहनना, सीट बेल्ट न लगाना, सिग्नल तोड़ना एवं यातायात नियमों की अनदेखी जैसी छोटी–छोटी लापरवाहियां गंभीर सड़क दुर्घटनाओं का कारण बनती हैं। उन्होंने जनपदवासियों से अपील की कि वे स्वयं यातायात नियमों का पालन करने का संकल्प लें तथा दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करें। सड़क सुरक्षा के नियमों को अपनी दैनिक आदत में शामिल करें। उन्होंने कहा कि यातायात नियमों का पालन कर हम न केवल अपनी, बल्कि दूसरों की जान भी सुरक्षित रख सकते हैं। वाहन चलाते समय हेलमेट एवं सीट बेल्ट का अनिवार्य रूप से प्रयोग करें, ओवरस्पीडिंग एवं नशे की हालत में वाहन न चलाये तथा ट्रैफिक लाइट एवं यातायात संकेतों का पालन करें।

पुलिस अधीक्षक ने कहा कि नवम्बर माह को यातायात माह के रूप में मनाया जाता है। इसका मुख्य उद्देश्य आमजन को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करना तथा सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए



दुर्घटना संभावित ब्लैक स्पॉट चिन्हित करना है। यातायात माह के दौरान विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। विद्यालयों में भी कार्यक्रमों के माध्यम से छात्र–छात्राओं को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए सरकार द्वारा निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने सभी नागरिकों से अपील की कि वाहन चलाते समय अपनी लेन में रहें, हेलमेट पहनें, सीट बेल्ट लगाएं तथा यातायात नियमों का अनिवार्य रूप से पालन करें।

इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक अमिता सिंह, क्षेत्राधिकारी यातायात, सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी तारकेश्वर मल्ल सहित अन्य संबंधित अधिकारीगण एवं आमजन उपस्थित रहे।

दिव्यांग बच्चों को मिला शिक्षा की राह आसान बनाने का संबल, 155 को बांटे गए सहायक उपकरण

प्रातःकाल एक्सप्रेस

कौशाम्बी। परिषदीय और पीएमश्री विद्यालयों में पढ़ने वाले दिव्यांग बच्चों की शिक्षा की राह आसान बनाने और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में शनिवार को बीआरसी सिराथू में सहायक उपकरण वितरण शिविर का आयोजन किया गया। समग्र शिक्षा अभियान के अंतर्गत समेकित शिक्षा के तहत आयोजित शिविर में 155 दिव्यांग बच्चों को उनकी जरूरत के अनुसार विभिन्न सहायक उपकरण और उपस्कर वितरित किए गए। इन उपकरणों से बच्चों को विद्यालय आने–जाने, कक्षा में अध्ययन करने और दैनिक गतिविधियों में सहूलियत मिलेगी।

शिविर का शुभारंभ जिला पंचायत अध्यक्ष कल्पना सोनकर, राज्य महिला आयोग की सदस्य प्रतिभा कुशवाहा,



ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि लवकुश मौर्य और जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डा. कमलेन्द्र कुमार कुशवाहा ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलित कर किया। अधिकारियों और अतिथियों ने बच्चों को उपकरण वितरित करते हुए उनका उत्साहवर्धन किया।

शिविर में दिव्यांगता की प्रकृति और बच्चों की आवश्यकता के अनुसार उपकरण उपलब्ध कराए गए। अस्थि दिव्यांग बच्चों को 15 ट्राई साइकिल, पांच रोलेटर, छह एल्बो क्रच और नौ कैलिपर दिए गए। दृष्टिबाधित बच्चों को चार ब्रेल किट और एक स्मार्ट केन वितरित की गई। वहीं, बौद्धिक दिव्यांगता से प्रभावित बच्चों को 79 एमआर किट, सेरेब्रल पाल्सी से प्रभावित बच्चों को 19 व्हीलचेयर और श्रवण बाधित बच्चों को 30 श्रवण यंत्र प्रदान किए गए। कुल 155 बच्चों को उपकरण वितरित किए गए। इनमें 13 बच्चों को उनकी विशेष आवश्यकता के अनुसार दो–दो उपकरण भी उपलब्ध कराए गए।

उपकरण वितरण की प्रक्रिया एलिम्को कानपुर के विशेषज्ञ आदर्श द्विवेदी की देखरेख में पूरी कराई गई। शिविर का आयोजन जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डा. कमलेन्द्र कुमार कुशवाहा के निर्देशन, खंड शिक्षा अधिकारी सिराथू डा. प्रज्ञा सिंह और जिला समन्वयक समेकित शिक्षा अवधेश कुमार पांडेय के मार्गदर्शन में किया गया।

इस दौरान विशेष शिक्षक पुष्पेंद्र सिंह, दीपेंद्र कुमार श्रीवास्तव, छेदीलाल, बृजेश कुमार चौधरी, शारदा कुमार सिंह, राम बहादुर कुशवाहा, वशिष्ठ नारायण शुक्ला, श्रद्धा सिंह, मोहम्मद अफसर, राजीव कुमार तिवारी सहित अन्य शिक्षक और कर्मचारी मौजूद रहे। फिजियोथेरेपिस्ट पंकज साहू ने भी शिविर में सहयोग किया।

बदलते परिवेश में पत्रकारों की भूमिका पर हुआ मंथन

प्रेस क्लब खागा इकाई ने आयोजित किया पत्रकार सम्मान समारोह एवं विचार गोष्ठी
वरिष्ठ पत्रकार प्रेमकांत तिवारी रहे मुख्य अतिथि

प्रातःकाल एक्सप्रेस

खागा/फतेहपुर। प्रेस क्लब खागा इकाई की ओर से पत्रकार सम्मान समारोह एवं विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में 'बदलते परिवेश में पत्रकारों की भूमिका' विषय पर चर्चा हुई। राजधानी लखनऊ सहित विभिन्न जनपदों से आए पत्रकारों ने शिरकत की। इस दौरान मंच से क्षेत्र के सभी पत्रकारों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वरिष्ठ पत्रकार प्रेमकांत तिवारी रहे। प्रेस क्लब के संस्थापक प्रेमशंकर अवस्थी, संरक्षक सरोज पांडेय और अध्यक्ष रितेश पांडेय ने अतिथियों का स्वागत एवं सम्मान किया। संस्था के पदाधिकारी इंदल सिंह, राजू दुबे, इसराइल फारुकी सहित अन्य सदस्यों ने आयोजन की जिम्मेदारी निभाई। गोष्ठी में विभिन्न पत्रकारों ने अपने विचार रखते हुए पत्रकारिता के दायित्वों और बदलते दौर की चुनौतियों पर चर्चा की। मुख्य वक्ता प्रेमकांत तिवारी ने अकबर इलाहाबादी के मशहूर शेर – हर शख्स को गुमान है कि मैं भी हूं कुछ चीज और हमको नाज है कि मैं कुछ नहीं, से अपने संबोधन की शुरुआत की। उन्होंने कहा कि पत्रकारों को अहंकार और गुमान से दूर रहना चाहिए। पत्रकारिता में विनम्रता, विवेक और जिम्मेदारी का विशेष महत्व है। उन्होंने कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) के बढ़ते प्रभाव पर कहा कि एआई का निर्माण इंसान ने किया है, इसलिए विवेक का वास्तविक स्वामित्व भी इंसान के पास ही रहना चाहिए। पत्रकारों को एआई का सकारात्मक उपयोग करना चाहिए और पूरी तरह उसके भरोसे नहीं रहना चाहिए। उन्होंने पत्रकारों को अपनी परंपराओं और मूल्यों से जुड़े रहने की सीख दी। कहा कि बदलते समय के साथ तकनीक को अपनाना जरूरी है, लेकिन पत्रकारिता की बुनियादी जिम्मेदारियों और मानवीय विवेक को बनाए रखना भी उतना ही महत्वपूर्ण है। उन्होंने शेर – हर शख्स को गुमान है कि मैं भी हूं कुछ चीज और हमको नाज है कि मैं कुछ नहीं, के माध्यम से अपनी बात समाप्त करते हुए वर्तमान को भविष्य से जोड़कर चलने का संदेश दिया। कार्यक्रम में पत्रकारिता के विभिन्न पहलुओं पर विचार–विमर्श के साथ पत्रकारों का सम्मान किया गया।

छेड़छाड़ को लेकर नौ आरोपियों के खिलाफ गंभीर धाराओं में केस

प्रातःकाल एक्सप्रेस

प्रतापगढ़। उदयपुर पुलिस ने पीड़िता के साथ छेडछाड और अभद्र व्यवहार को लेकर नौ आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया है। थाना क्षेत्र के आहरबीहर निवासी स्व0 नरसिंह बहादुर सिंह की पुत्री निधि सिंह ने दी गई तहरीर में कहा है कि आरोपी गांव के अभय प्रताप सिंह पुत्र वीरेन्द्र सिंह, आनंद सिंह पुत्र धीरेन्द्र, नीलेश पुत्र अमित प्रताप सिंह, वीरेन्द्र व उदय प्रताप पुत्रगण रंजीत, सर्वेश सिंह पुत्र अमित प्रताप, वीर विक्रम सिंह पुत्र राजेन्द्र तथा किरन सिंह पत्नी अभय प्रताप व शिवानी पत्नी उदय प्रताप द्वारा बीती तेईस सितंबर को रात बारह बजे उसके घर के दरवाजे को तोड़ने का प्रयास किया गया। आरोपियों द्वारा गालीगलौज की गयी तब डरी सहमी पीड़िता ने खिड़की से देखा तब आरोपी अभद्र स्थिति में गालीगलौज के साथ धमकी दे रहे थे। पीड़िता का कहना है कि इसके पहले भी आरोपी उसे परेशान कर चुके हैं। तहरीर के मुताबिक बीती पन्द्रह अक्टूबर को भी आरोपियो ने घर की घेराबंदी कर ईट पत्थर चलाया गया। तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपी अभय प्रताप सिंह समेत नौ के खिलाफ गंभीर धाराओं में केस दर्ज किया है।

पीड़िता के साथ गालीगलौज को लेकर आरोपी पर मुकदमा

प्रातःकाल एक्सप्रेस

प्रतापगढ़। पीड़िता के साथ फोन पर गालीगलौज तथा अश्लील बातों से परेशान करने को लेकर उदयपुर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज किया है। थाना क्षेत्र के अठेहा पूरे लाला निवासी रामसुख वर्मा की पुत्री दीपा वर्मा ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि उसकी शादी पूरबगांव गौरीगंज में हुई है। पीड़िता के मायके का निवासी आरोपी शिवम पुत्र ईश्वरचंद्र श्रीवास्तव उसे आये दिन फोन करके गालियां दिया करता है। तहरीर के मुताबिक आरोपी पीड़िता से अश्लील फोनिक बात कर परेशान करता है। पीड़िता ने तहरीर में कहा है कि आरोपी द्वारा उसके पति को जान से मार देने की धमकी भी दी है। तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपी शिवम के खिलाफ गंभीर धाराओं में केस दर्ज किया है।

बालेश्वर के अवध बार महासचिव निर्वाचित होने पर साथियों ने जताई खुशी

प्रातःकाल एक्सप्रेस

प्रतापगढ़। लालगंज तहसील परिसर में शनिवार को अधिवक्ताओं ने बैठक कर लखनऊ अवध बार एसोसिएसन के चुनाव में महासचिव पद पर वरिष्ठ अधिवक्ता बालकेश्वर श्रीवास्तव के निर्वाचित होने पर खुशी जतायी। आल इण्डिया रूरल बार एसोसिएसन की हुई बैठक में वकीलों ने नवनिर्वाचित महासचिव बालकेश्वर श्रीवास्तव तथा संयुक्त सचिव भूमिका बाजपेई एवं संयुक्त सचिव अतुल द्विवेदी के निर्वाचन को अधिवक्ता सुरक्षा अधिनियम विधेयक के संघर्ष की मजबूती का पैगाम कहा। बैठक की अध्यक्षता एसोसिएसन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल एवं संचालन राष्ट्रीय महासचिव अनिल तिवारी महेश ने किया। इस मौके पर वरिष्ठ अधिवक्ता गिरीश मिश्र, विजय पाल, आनंद त्रिपाठी, रोहित तिवारी, विकास मिश्र, विपिन शुक्ल, सत्येन्द्र श्रीवास्तव, प्रभात श्रीवास्तव, मो0 असलम, गीता सिंह, हिना अंसारी, शिव प्रसाद यादव, शिव नारायण शुक्ल आदि अधिवक्ता रहे।

गोवर्धन पूजा उत्सव में श्रद्धालुओं का समागम, हुआ पूजन अर्चन

प्रातःकाल एक्सप्रेस

प्रतापगढ़। नगर के प्रतापगढ़ रोड पर शनिवार को गोवर्धन पूजा उत्सव में श्रद्धालुओं की भीड़ जुटी दिखी। कथावाचक आचार्य माधवपति त्रिपाठी के वैदिक मंत्रोच्चारण के मध्य श्रीगोवर्धन का फूल, अक्षत तथा भोग प्रसाद अर्पण के साथ पूजन अर्चन हुआ। वहीं महिलाओं ने भगवान गोवर्धन से सुख समृद्धि की कामना में मंगलगीत से वातावरण को भक्तिमय बना दिया। कार्यक्रम के संयोजक डॉ. पुरूषोत्तम शुक्ल एवं दयावती शुक्ला ने आचार्य समूह को अंगवस्त्रम तथा श्रीफल प्रदान कर सम्मानित किया। संचालन हाईकोर्ट अवध बार एसोसिएसन के पूर्व उपाध्यक्ष जयकृष्ण शुक्ल तथा सह संयोजन डॉ. आशीष शुक्ल व शिक्षिका रीतू शुक्ला ने किया। इस मौके पर चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी, डॉ. पूर्णिमा मिश्रा, पूर्व प्राचार्य दयाशंकर पाण्डेय, ज्ञानप्रकाश शुक्ल, सभासद धर्मपाल गौतम, बड़ेलाल वर्मा, राममूरत शर्मा, राहुल मिश्र, सुनील तिवारी आदि रहे।

छेड़छाड़ को लेकर नौ आरोपियों के खिलाफ गंभीर धाराओं में केस

प्रातःकाल एक्सप्रेस



प्रतापगढ़। उदयपुर पुलिस ने पीड़िता के साथ छेडछाड और अभद्र व्यवहार को लेकर नौ आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया है। थाना क्षेत्र के आहरबीहर निवासी स्व0 नरसिंह बहादुर सिंह की पुत्री निधि सिंह ने दी गई तहरीर में कहा है कि आरोपी गांव के अभय प्रताप सिंह पुत्र वीरेन्द्र सिंह, आनंद सिंह पुत्र धीरेन्द्र, नीलेश पुत्र अमित प्रताप सिंह, वीरेन्द्र व उदय प्रताप पुत्रगण रंजीत, सर्वेश सिंह पुत्र अमित प्रताप, वीर विक्रम सिंह पुत्र राजेन्द्र तथा किरन सिंह पत्नी अभय प्रताप व शिवानी पत्नी उदय प्रताप द्वारा बीती तेईस सितंबर को रात बारह बजे उसके घर के दरवाजे को तोड़ने का प्रयास किया गया। आरोपियों द्वारा गालीगलौज की गयी तब डरी सहमी पीड़िता ने खिड़की से देखा तब आरोपी अभद्र स्थिति में गालीगलौज के साथ धमकी दे रहे थे। पीड़िता का कहना है कि इसके पहले भी आरोपी उसे परेशान कर चुके हैं। तहरीर के मुताबिक बीती पन्द्रह अक्टूबर को भी आरोपियो ने घर की घेराबंदी कर ईट पत्थर चलाया गया। तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपी अभय प्रताप सिंह समेत नौ के खिलाफ गंभीर धाराओं में केस दर्ज किया है।

पीड़िता के साथ गालीगलौज को लेकर आरोपी पर मुकदमा

प्रातःकाल एक्सप्रेस

प्रतापगढ़। पीड़िता के साथ फोन पर गालीगलौज तथा अश्लील बातों से परेशान करने को लेकर उदयपुर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज किया है। थाना क्षेत्र के अठेहा पूरे लाला निवासी रामसुख वर्मा की पुत्री दीपा वर्मा ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि उसकी शादी पूरबगांव गौरीगंज में हुई है। पीड़िता के मायके का निवासी आरोपी शिवम पुत्र ईश्वरचंद्र श्रीवास्तव उसे आये दिन फोन करके गालियां दिया करता है। तहरीर के मुताबिक आरोपी पीड़िता से अश्लील फोनिक बात कर परेशान करता है।

सरदार पटेल की जयंती पर मनाया गया राष्ट्रीय एकता दिवस

प्रातःकाल एक्सप्रेस

मीरजापुर (अमरेश चंद्र पाण्डेय)। लौह पुरूष सरदार बल्लभ भाई पटेल के जन्म दिवस के अवसर पर शनिवार को जनपद में राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाई गई। इस अवसर पर सरकारीध्गैरसरकारी कार्यालयों, प्राथमिक विद्यालयों, माध्यमिकध्महाविद्यालयों में स्कूली छात्र–छात्राओं के द्वारा प्रभात फेरी व रैली निकालने के साथ ही विचार गोष्ठी, स्लोगन संकलन, रन फार यूनिटी आदि कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में सरदार पटेल चौराहा भरूहना पर भव्य कार्यक्रम आयोजित कर लौह पुरूष सरदार पटेल जी के प्रतिमा पर माल्यार्पण व पुष्पांजलि का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर राज्यमंत्री स्वास्थ्य परिवार कल्याण एवं रसायन उर्वरक भारत सरकार अनुप्रिया पटेल, विधायक नगर रत्नाकर मिश्र के द्वारा सरदार पटेल जी के प्रतिमा पर माल्यार्पणध्पुष्पार्जन कर उन्हें नमन किया गया। प्रेस प्रतिनिधियों से वार्ता के दौरान केन्द्रीय राज्यमंत्री ने कहा कि आज लौह पुरूष सरदार बल्ल भाई पटेल के जी के 151वीं जंयती के अवसर पर कहा कि सरदार पटेल चौराहा भरूहना पर आज जंयती के अवसर पर भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया है जिसमें जनपद के नागरिक, जनप्रतिनिधिगण, नागरिकों के द्वारा उपस्थित होकर पुष्पार्जन किया गया है।

इसी क्रम में मण्डलायुक्त विन्ध्याचल मण्डल राजेश प्रकाश, उप पुलिस महानिरीक्षक पूनम, जिलाधिकारी पवन कुमार गंगवार, पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक ने भी सरदार पटेल चौराहा पर पहुंचकर पटेल के प्रतिमा पर पुष्पार्जन किया गया।



इस अवसर पर भारी संख्या में नागरिक व पदाकारियों के द्वारा भी पुष्पांर्जन किया गया। मण्डलायुक्त कार्यालय में मण्डलायुक्त राजेश प्रकाश अपर आयुक्त राज कुमार द्विवेदी, संयुक्त विकास आयुक्त रमेश चन्द्र, जिलाधिकारी कार्यालय कलेक्ट्रेट में जिलाधिकारी पवन कुमार गंगवार, अपर जिलाधिकारी भू0ध्रा0 विजेता, अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे संगम लाल, नगर मजिस्ट्रेट अविनाश सिंह सहित कलेक्ट्रेट के सभी सम्बन्धित अधिकारी व कर्मचारियों के द्वारा लौह पुरूष सरदार पटेल जी के चित्र पर माल्यार्पण कर नमन किया गया तथा आयोजित विचार गोष्ठी में सरदार पटेल जी जीवन व संघर्षों यथा राष्ट्र की एकता एवं अखण्डता तथा सम्प्रभुता को अक्षुण्य बनाए रखने के दृष्टिगत विचार प्रकट किए गए।

जिलाधिकारी ने कहा कि सरदार पटेल जी के द्वारा छोटे–छोटे राज्यों को मिलाकर एक राष्ट्र की परिकल्पना को साकार किया गया।

कार्यक्रम के तहत बिनानी कालेज से कलेक्ट्रेट तक रन फार यूनिटी का भी कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर मण्डलायुक्त व जिलाधिकारी द्वारा राष्ट्रीय एकता एवं अखण्डता को मजबूत करने के दष्टिगत शपथ भी दिलाई गई।

आम आदमी पार्टी कार्यालय में मनाई गई सरदार पटेल की जयंती

प्रातःकाल एक्सप्रेस

मीरजापुर । भारत के प्रथम उप प्रधानमंत्री एवं गृह मंत्री, अखंड भारत के निर्माता लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की



जयंती शनिवार को आम आदमी पार्टी के जिला कार्यालय पर धूमधाम से मनाई गई। कार्यक्रम की शुरुआत पार्टी के वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष सुनील कुमार पांडे एडवोकेट ने सरदार पटेल के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित करके की। इस दौरान उन्होंने कहा कि सरदार पटेल ने 562 रियासतों को एक सूत्र में पिरोकर अखंड भारत का निर्माण किया। उनका त्याग, दृढ़ इच्छाशक्ति और राष्ट्र के प्रति समर्पण आज भी हम सभी के लिए प्रेरणा का स्रोत है। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष प्रो. बी. सिंह, प्रदेश सचिव रमाशंकर साहू, जिला महासचिव संतोष कुमार पांडे, मनबोध दुबे, जिला प्रवक्ता राजबहादुर, महिला प्रकोष्ठ की जिलाध्यक्ष मीरा देवी पटेल, सीमा प्रजापति, राजबहादुर मौर्य, संतोष सोनी, मोहन कुमार केसरवानी, आनंद कुमार सिंह समेत कई कार्यकर्ताओं ने भी चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें याद किया। वक्ताओं ने कहा कि सरदार पटेल के विचारों को जन–जन तक पहुंचाना ही उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

बीएचयू साउथ कैंपस में रविवार को लगेगा मेगा विधिक सहायता शिविर

प्रातःकाल एक्सप्रेस

मीरजापुर। उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देश पर रविवार 1 नवंबर को बीएचयू साउथ कैंपस बरकच्छा में मेगा विधिक सहायता एवं सेवा शिविर लगेगा। शिविर में आयुष्मान कार्ड, वृद्धावस्था पेंशन, निराश्रित महिला पेंशन, दिव्यांग पेंशन, श्रमिक कल्याण, आजीविका मिशन और महिला व बाल कल्याण से जुड़ी योजनाओं का लाभ दिया जाएगा। सभी विभागों के स्टॉल लगेंगे। पात्र लोगों का मौके पर पंजीकरण और आवेदन लिया जाएगा। साथ ही निशुल्क विधिक सहायता, पॉक्सो एक्ट, घरेलू हिंसा और महिलाओं व बच्चों के अधिकारों की जानकारी दी जाएगी। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने लोगों से अपील की है कि अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर योजनाओं का लाभ लें।

सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती पर नगर पालिका में दी गई श्रद्धांजलि, राष्ट्रीय एकता की ली शपथ

प्रातःकाल एक्सप्रेस

मीरजापुर। सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती एवं राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर नगर पालिका कार्यालय में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान नगर पालिका अधिशासी अधिकारी जी लाल,अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने लौहपुरुष सरदार पटेल के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इसके साथ ही अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने राष्ट्रीय एकता और अखंडता बनाए रखने की शपथ ली।नगर पालिका अध्यक्ष श्यामसुंदर केशरी ने एकता दिवस पर लौपुरुष को श्रद्धांजलि अर्पित की है और कहा है कि सरदार वल्लभभाई पटेल का देश की एकता और अखंडता में अतुलनीय योगदान रहा है। इस दौरान कर अधीक्षक शरदेंदु सिंह,कार्यालय अधीक्षक विनोद गुप्ता,संजय श्रीवास्तव,सौरभ कुमार,उमेश यादव,राकेश गुप्ता सहित पालिका के अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

डॉ. शक्ति श्रीवास्तव का सपा कार्यालय पर किया गया स्वागत

प्रातःकाल एक्सप्रेस

मीरजापुर। स्नातक खंड, वाराणसी – मीरजापुर से विधान परिषद सदस्य के चुनाव में ऐतिहासिक मतों से पुनः निर्वाचित होने पर आशुतोष सिन्हा के मीरजापुर जनपद प्रतिनिधि डॉ. शक्ति श्रीवास्तव का समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय लोहिया ट्रस्ट पर माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। इस अवसर पर नवनिर्वाचित एम. एल. सी. आशुतोष सिन्हा के प्रतिनिधि डॉ. शक्ति श्रीवास्तव ने पार्टीजनों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि लोकतांत्रिक प्रक्रिया का मखौल उड़ाने वाली इस तानाशाह सरकार के तमाम षडयंत्रों व कुचक्र के बावजूद मिलने वाली यह ऐतिहासिक जीत समर्पित कर्मनिष्ठ कार्यकर्ताओं के कठिन परिश्रम व सहयोग का ही परिणाम है, जिसने सिद्ध कर दिया कि प्रदेश में आगामी विधानसभा चुनावों में प्रबल जनसमर्थन के बल पर समाजवादी पार्टी की सरकार बनने जा रही है और पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव जी ही प्रदेश के अगले मुख्यमंत्री होंगे। इस अवसर पर मुख्य रूप से बाबा साहब अम्बेडकर वाहिनी के राष्ट्रीय महासचिव राजेश भारती, जिला महामंत्री आदर्श यादव, जिला कोषाध्यक्ष सुभाष पटेल, पार्टी प्रवक्ता अशोक सिंह मुन्ना, पूर्व जिला महामंत्री अभय यादव, रजत श्रीवास्तव, राजकुमार यादव, शिवम श्रीवास्तव, लवकुश पहलवान, अभय यादव, बृजलाल मौर्य व शिव कुमार इत्यादि प्रमुख रूप से शामिल रहे।



उत्तर मध्य रेलवे

टेण्डरसंख्या-230-वि0/क0वि0/प्रयागराज/ई टेण्डर/2026/671 दिनांक : 29.10.2026

ई-निविदा सूचना

वरिष्ठ मण्डल विद्युत अभियन्ता/क0वि0/30मी0रे0/प्रयागराज, द्वारा भारत के राष्ट्रपति के लिये एवं उनकी ओर से निम्न कार्य हेतु ई निविदा आमंत्रित की जाती है। जिनका विवरण निम्न प्रकार है-

निविदा सं0 : 230-क0वि0-कार्य ठेका-1060-2026

कार्य का विवरण : एन0एच-135ए पर 4-लेन मिर्ज़ापुर बाईपास निर्माण के कारण उत्तर मध्य रेलवे के प्रयागराज मंडल के अंतर्गत डीडीयू-प्रयागराज रेल खंड के विन्ध्याचल यार्ड में 25 के.वी. ओ.एच.ई. में संशोधन का कार्य।

अनुमानित लागत : रू0 48,28,052.54	बिड सुरक्षा राशि : रू0 96,600.00
कार्य अवधि : 12 महीना	बोली प्रणाली : एक पैकेट

निविदा बन्द होने की तिथि तथा समय : 20.11.2026, 14:00 बजे

निविदा खुलने की तिथि तथा समय : 20.11.2026, 15:00 बजे

नोटः- 1. उपरोक्त ई-निविदा का पूर्ण विवरण (निविदा प्रपत्र सहित) वेबसाइट www.ireps.gov.in पर निविदा खोलने की तिथि से 21 दिन पहले से उपलब्ध होगा। 2. उपरोक्त निविदा में ई.बिड के अलावा किसी अन्य रूप में बिड स्वीकार नहीं की जायेगी। इस प्रयोजन हेतु बेन्डरों को चाहिए कि वे अपने आपको डिजिटल हस्ताक्षर प्रमाणपत्र के साथ IREPS की वेबसाइट पर पंजीकृत करायें। 3. किसी भी प्रकार की तकनीकी समस्या के समाधान के लिए IREPS की वेबसाइट की हेल्पलाइन से सम्पर्क किया जा सकता है। 2482/26 (AS)

North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in @CPRONCR

जिला अस्पताल के रक्त केंद्र में रक्त की कमी को देखते हुए श्री साईं परिवार संगठन ने बढ़ाया सेवा का हाथ

प्रातःकाल एक्सप्रेस

मीरजापुर। जिला अस्पताल के रक्त केंद्र में रक्त की कमी को देखते हुए श्री साईं परिवार सेवा संगठन ने सेवा का हाथ बढ़ाया। सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के अवसर पर शनिवार को रैदानी कॉलोनी स्थित साईं आंचल मंदिर में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर में डा. विनोद कन्नौजिया ने रक्तदाताओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया। कुल 15 लोगों ने रक्तदान के लिए पंजीकरण कराया, जिसमें से 10 लोगों ने सफलतापूर्वक रक्तदान किया।



संस्था के अध्यक्ष शुभम गुप्ता व अमित गुप्ता ने सभी रक्तवीर योद्धाओं का आभार व्यक्त किया। रक्तदाताओं को जनसंपर्क अधिकारी राम कुमार गुप्ता तथा संस्था के अध्यक्ष शुभम गुप्ता ने प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया।

आयोजन में लायनेस क्लब की अध्यक्षा वंदना राय का महत्वपूर्ण योगदान रहा। रक्तदान करने वालों में रवि प्रकाश, मनोज कुमार माली, साबिर खान, सतीश, अनिल जायसवाल, विकास गुप्ता, शुभम गुप्ता, चंद्रकांत सविता सहित अन्य शामिल रहे।

संस्था की ओर से शुभम गुप्ता, अमित गुप्ता, अश्वनी पंडा, वंदना राय, ज्योति गुप्ता, शालिनी पांडेय, पिंकी जायसवाल, पूनम नागपाल आदि ने सहभागिता की। संगठन ने सभी रक्तदाताओं, स्वयंसेवकों और सहयोगियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि भविष्य में भी इस तरह के सामाजिक कार्यों का आयोजन किया जाता रहेगा।

डीबीए द्वारा लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की मनाई गई 151वीं जयंती

प्रातःकाल एक्सप्रेस

सोनभद्र । डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन सोनभद्र के तत्वावधान में शनिवार को डीबीए सभागार में देश के प्रथम गृह मंत्री, राष्ट्रीय एकता के शिल्पकार एवं लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 151वीं जयंती श्रद्धा, सम्मान एवं उत्साह के साथ मनाई गई।



कार्यक्रम में उपस्थित अधिवक्ताओं ने सरदार पटेल के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर उनके महान व्यक्तित्व एवं राष्ट्र के प्रति अतुलनीय योगदान का स्मरण किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व महामंत्री एवं डीजीसी रामजियावान सिंह यादव ने की। इस अवसर पर वक्ताओं ने सरदार पटेल के अदम्य साहस, दृढ़ इच्छाशक्ति, दूरदर्शी नेतृत्व एवं राष्ट्र के प्रति समर्पण को याद करते हुए कहा कि आधुनिक भारत के निर्माण और देश की एकता एवं अखंडता को मजबूत करने में उनका योगदान अविस्मरणीय है। उन्होंने अपनी कुशल राजनीतिक सूझबूझ एवं दृढ़ संकल्प से देश की सैकड़ों रियासतों का एकीकरण कर अखंड भारत की नींव को मजबूत किया। कार्यक्रम का कुशल एवं प्रभावशाली संचालन महामंत्री राजेंद्र कुमार यादव एडवोकेट ने किया। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित अधिवक्ताओं ने सरदार पटेल के आदर्शों एवं सिद्धांतों पर चलने तथा राष्ट्र की एकता, अखंडता और सामाजिक समरसता को अक्षुण्ण बनाए रखने का संकल्प लिया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में अधिवक्तागण उपस्थित रहे।

सपा कार्यालय पर लौहपुरूष सरदार पटेल व आचार्य नरेन्द्र देव की मनाई गई जयंती

प्रातःकाल एक्सप्रेस

मीरजापुर । आधुनिक भारत के निर्माता भारत रत्न लौहपुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल एवं समाजवादी नेता व विचारक आचार्य नरेंद्र देव की जयंती समारोह समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय लोहियाट्रस्ट पर कार्यवाहक जिलाध्यक्ष अशोक यादव की अध्यक्षता में धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर संगोष्ठी का भी आयोजन किया गया।

इस मौके पर उपस्थित पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने दोनो महापुरूषो के चित्रों पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धाजंलि दी। संगोष्ठी में बतौर मुख्य अतिथि जौनपुर मुगरा बादशाहपुर के विधायक पंकज पटेल मौजूद रहें।

इस मौके पर विधायक पंकज पटेल ने कहा कि देश के प्रथम गृहमंत्री सरदार वल्लभ भाई पटेल ने अपने कठिन परिश्रम से भारत का एक नये सिरे से निर्माण किया। उनके प्रयासों से भारत की आर्थिक, सामाजिक, सांस्कृतिक स्थिति में एक नया मोड़ आया।

संगोष्ठी में समाजवादी पार्टी के कार्यवाहक जिलाध्यक्ष अशोक यादव ने कहा कि देश की एकता और अखंडता में सरदार पटेल के योगदान को देखते हुए उनका जन्म दिन एकता दिवस के रूप में मनाया जाता है। सरदार पटेल ने भारत को एक सूत्र में पिरोने का काम किया। गोष्ठी की अध्यक्षता कार्यवाहक जिलाध्यक्ष अशोक यादव एवं संचालन जिला महासचिव आदर्श यादव ने किया।

संगोष्ठी में पूर्व मंत्री कैलाश चौरसिया, पूर्व विधायक जगतम्बा सिंह पटेल, पूर्व जिलाध्यक्ष शिवशंकर सिंह यादव, मुन्नी यादव, आशीष यादव, रविन्द्र बहादुर सिंह, सुरेन्द्र सिंह पटेल, रामराज पटेल, राजेश भारती, अवधेश पटेल, परवीन बानो, राणा प्रताप सिंह, सत्यप्रकाश यादव, झल्लू यादव, विजय पटेल, सतीश मिश्रा, संतोष गोयल, रामजी मौर्या, अभय यादव, आदि मौजूद रहें।

विद्या वाचस्पति की मानद उपाधि से सम्मानित हुए राम अनुज धर द्विवेदी

प्रातःकाल एक्सप्रेस

सोनभद्र,प्रयागराज। साहित्यिक संस्था जगदीश साहित्य संस्थान प्रयागराज अपने द्वितीय स्थापना दिवस के अवसर पर व काशी हिन्दी विद्यापीठ द्वारा संयुक्त रूप से एक समारोह का आयोजन शनिवार को किया गया। यह कार्यक्रम संस्थान की ओर से इस अवसर पर 'पुस्तक विमोचन, कवि सम्मेलन, सम्मान समारोह एवं विशेष मानद सम्मान'का कार्यक्रम आयोजित किया गया।

संस्थान के अध्यक्ष 'सरदार मनमोहन सिंह तन्हा' की ओर से सभी साहित्य प्रेमियों और सम्मानित अतिथियों को सादर सम्मानित किया गया किया गया है।यह कार्यक्रम हिन्दुस्तानी एकेडमी, प्रयाग संगीत समिति के पास, कमला नेहरू रोड, सिविल लाइंस, प्रयागराज, उत्तर प्रदेश में आयोजित किया। गया है। इस कार्यक्रम के आयोजक संरक्षक कवि इन्द्रजीत तिवारी निर्भीक और संस्थापिका महासचिव जगदीश कौर ने व मंचासीन अतिथियों द्वारा सभी को सम्मानित किया गया हैं। इस समारोह में देश के कई प्रतिष्ठित कवि, लेखक और साहित्यकारों को सम्मानित किया गया, इसी क्रम में काशी हिन्दी विद्यापीठ के कुल सचिव व उपकुलपति व मुख्य अतिथि आदि द्वारा राम अनुज धर द्विवेदी को उनके लेखन, कविता संग्रह, साहित्यिक कार्यक्रमों में शामिल होने व उनके उत्तम कार्यों को देखते हुए यह उपाधि दी गई। सम्मान में अंग वस्त्र,पट्टिका, मोमेंट,मेडल,व प्रमाण पत्र आदि देकर सम्मानित किया गया। इसके अनेक लोगों को भी उपाधि प्रदान किया गया। और कुछ पत्रिकाओं का भी विमोचन किया गया। इसके अलावा तमाम लोगों को कार्यक्रम में शामिल लोगों को भी सम्मानित किया गया। इस अवसर पर तमाम क्षेत्रों से आए हुए कवि साहित्यकार लेखक आदि लोग मौजूद रहे।

भारत रत्न सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती समारोह में उमड़ा जनसैलाब

पटेल समाज ने समाजवादी पार्टी की सरकार बनाने का संकल्प लिया

देवा सरकार

प्रातःकाल एक्सप्रेस

चकिया, चन्दौली। राष्ट्रीय एकता एवं अखंडता के प्रतीक, भारत रत्न लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की 151वीं जयंती के अवसर पर सोनहुल स्थित गणपति लॉन में उनका भव्य जयंती समारोह का आयोजन किया गया। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के दिशा–निर्देश पर आयोजित इस कार्यक्रम में पटेल समाज सहित विभिन्न वर्गों के लोगों की भारी भागीदारी देखने को मिली। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में रोहनिया, वाराणसी के पूर्व विधायक महेंद्र सिंह पटेल उपस्थित रहे। इस अवसर पर उन्होंने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए सरदार वल्लभ भाई पटेल के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि लौह पुरुष सरदार पटेल का जीवन देश की एकता, अखंडता और सामाजिक समरसता के लिए समर्पित रहा। उनके आदर्शों और विचारों को अपना कर समाज को एकजुट एवं मजबूत बनाने की आवश्यकता है। वहीं समारोह का प्रमुख आकर्षण उस



समय देखने को मिला, जब मुख्य अतिथि महेंद्र सिंह पटेल के नेतृत्व में पटेल समाज के अनिल पटेल, प्रधान राजेश पटेल, जंगबहादुर पटेल, रामकृत पटेल, मिलन पटेल, गुड्डू पटेल, महानंद पटेल, संजीव पटेल, धीरज पटेल, कुंवरजीत पटेल, राजेश पटेल सहित भारी संख्या में उपस्थित सम्मानित लोगों ने आगामी विधानसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी की सरकार बनाने का संकल्प लिया। इस दौरान कार्यक्रम स्थल समाजवादी पार्टी के समर्थन और एकजुटता के नारों से गूंज उठा। कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष सत्यनारायण राजभर, विधानसभा अध्यक्ष प्रभुनारायण यादव, पूर्व विधायक जितेंद्र कुमार एडवोकेट, पूर्व विधायक पूनम सोनकर, सुधाकर कुशवाहा, लोकप्रिय नेता पूर्व जिला पंचायत सदस्य महेंद्र राव, टोनी खरवार, कमलेश पति कुशवाहा, जिला पंचायत सदस्य दशरथ सोनकर, अश्विनी सोनकर, अरशद खान, विनोद सोनकर, श्रीकांत मौर्य, मृत्युंजय पांडेय, प्रधान सजाउद्दीन, चन्दन पाल, तनवीर खान एवं बबलू खान सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता रामा पटेल ने की तथा संचालन सदर मुश्ताक साहब ने किया। इस दौरान समारोह में सरदार वल्लभ भाई पटेल के आदर्शों एवं विचारों पर चलने और सामाजिक एकता को मजबूत करने का संदेश दिया गया।

चिराग पासवान से बड़ा दलित चेहरा एनडीए में नहीं : कमल तिवारी

प्रातःकाल एक्सप्रेस

भदोही । लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान का जन्मदिन आज भदोही स्थित जिला कार्यालय पर पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं द्वारा हर्षोल्लास और धूमधाम के साथ मनाया गया। इस अवसर पर केक काटकर उनके स्वस्थ, दीर्घायु एवं सफल राजनीतिक जीवन की कामना की गई। कार्यकर्ताओं ने एक–दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशियां साझा कीं।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक फिरदौस फातिमा द्वारा 79-ए-मोतीलाल नेहरू रोड, जिला-प्रयागराज -211002, (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 79-ए-मोतीलाल नेहरू रोड, जिला-प्रयागराज -211002, (उ.प्र.) से प्रकाशित।

सम्पादक

फिरदौस फातिमा

मो.9451721210

UPHIN/2015/61843

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.वी. एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इससे उत्पन्न समस्त विवाद जनपद न्यायालय इलाहाबाद, जिला प्रयागराज के अधीन होंगे।

हमने माफिया को मिट्टी में मिला दिया- योगी

यूपी के सभी जिलों में बनेंगे सरदार पटेल स्किल एंड एम्प्लॉयमेंट जोन
सरदार पटेल जयंती पर मुख्यमंत्री ने किया योजना का शुभारंभ
कांग्रेसियों ने देश को लूटा, टेलीफोन और रसोई गैस के कनेक्शन तक बेचते थे

लखनऊ (संवाददाता)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लोकभवन में लौहपुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 151वीं जयंती पर सरदार वल्लभभाई पटेल कौशल प्रशिक्षण एवं रोजगार क्षेत्र विकास योजना का शुभारंभ किया। उन्होंने घोषणा की कि प्रदेश के सभी 75 जनपदों में सरदार वल्लभभाई पटेल स्किल एंड एम्प्लॉयमेंट जोन विकसित किए जाएंगे। पहले चरण में गोरखपुर, लखनऊ, कानपुर, झांसी गौतमबुद्धनगर में इन केंद्रों की स्थापना की प्रक्रिया शुरू की गई है। इसके बाद 18 मंडल मुख्यालयों और फिर प्रदेश के प्रत्येक जनपद तक योजना का विस्तार होगा। पहले चरण में पांच जनपदों से योजना प्रारंभ की गई है। सभी 18 मंडल मुख्यालयों के लिए धनराशि की व्यवस्था पहले ही की जा चुकी है। जमीन उपलब्ध होते ही केंद्रों का निर्माण कराया जाएगा। गौतमबुद्धनगर में यमुना प्राधिकरण यह केंद्र विकसित कर रहा है और टाटा जैसी संस्था उससे जुड़ चुकी है। गोरखपुर में गोरखपुर औद्योगिक विकास प्राधिकरण भी इस पहल से जुड़ा है। कोई युवा हाईस्कूल पास है



और काम चाहता है तो केंद्र पर उसका पंजीकरण होगा। उसकी रुचि के अनुसार स्किलिंग होगी और फिर किसी संस्थान, फैक्ट्री अथवा अन्य क्षेत्र में प्लेसमेंट कराया जाएगा। नर्सिंग का प्रशिक्षण प्राप्त युवा जापान या जर्मनी जाना चाहता है तो उसे संबंधित देश की भाषा सिखाई जाएगी। वहां की जरूरत के अनुसार प्रशिक्षण देकर संबंधित दूतावास के सहयोग से रोजगार की व्यवस्था होगी। कोई युवा ही नहीं, अधिक उम्र का व्यक्ति भी रोजगार चाहता है तो वह एम्प्लॉयमेंट जोन में जा सकेगा। टाटा इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ स्किल्स, अशोक लीलैंड, बीबीसी ग्रुप, पीटीसी, सीआईपैट, एशियन डेवलपमेंट बैंक, मिंडा और अवाडा जैसी संस्थाओं के साथ एमओयू किए गए हैं। इन संस्थाओं के अनुभव और तकनीक का लाभ युवाओं को मिलेगा। उन्होंने लखनऊ में वाहन निर्माण और अशोक लीलैंड के इलेक्ट्रिक वाहन उत्पादन का भी उल्लेख किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि फूड प्रोसेसिंग में वैल्यू एडिशन से किसानों की आय कई गुना बढ़ सकती है। दूध से छाछ, घी, मक्खन और पनीर जैसे उत्पाद बनाकर अधिक मूल्य प्राप्त किया जा सकता है। इसी तरह फल-सब्जियों की प्रोसेसिंग और पैकेजिंग से बेहतर आमदनी संभव है। भारत के पास दुनिया की सबसे युवा आबादी है और उत्तर प्रदेश के पास देश की सबसे बड़ी युवा आबादी है। यह हमारी सबसे बड़ी ताकत है। उन्होंने कांग्रेस और समाजवादी पार्टी पर हमला बोलते हुए कहा कि कांग्रेस और सपा के लोग इसे बोझ मानते थे, हमने इसको उपलब्धि माना। मुख्यमंत्री ने पिछली सरकारों पर तीखा हमला करते हुए कहा कि पहले लोग कहते थे उत्तर प्रदेश नहीं बदल सकता। हमने कहा कि यूपी बदलेगा जरूर। जो बदलना नहीं चाहते थे, उन्होंने यूपी को बीमारू बना दिया था। पिछली सरकारें श्वन डिस्ट्रिक्ट-वन माफियाश पालती थीं। हमने माफिया को मिट्टी में मिलाया और उत्तर प्रदेश के प्रोडक्ट्स को प्लेटफॉर्म और पहचान दी। पिछले साढ़े नौ वर्षों में साढ़े नौ लाख से अधिक युवाओं को सीधे सरकारी नौकरी दी गई है। 'वन डिस्ट्रिक्ट-वन प्रोडक्ट' के माध्यम से प्रदेश में 3.25 करोड़ से अधिक लोगों को रोजगार मिला है। मुख्यमंत्री ने कांग्रेस व समाजवादी पार्टी पर निशाना साधते हुए कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने जनधन खातों की बात की थी तो कांग्रेस, समाजवादी पार्टी और अन्य लोग हंसते थे। कांग्रेस के समय एक प्रधानमंत्री अपनी लाचारी बताते थे कि 100 भेजते हैं तो गरीब तक 15 पहुंचते हैं। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य एवं ब्रजेश पाठक, एमएसएमई मंत्री भूपेंद्र चौधरी, औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी, श्रम एवं सेवायोजन मंत्री अनिल राजभर सहित विधायकगण, शासन व उद्योग जगत के वरिष्ठ अधिकारी, उद्योगपति एवं बड़ी संख्या में युवा उपस्थित रहे।

एमएलसी चुनाव बीजेपी के लिए सबक !

2027 में फूंक फूंक कर रखेगी कदम,सौ से ज्यादा कट सकते विधायकों के टिकट

लखनऊ (संवाददाता)। विधान परिषद की 11 सीटों के नतीजों ने राज्य विधानसभा चुनावों से ठीक पहले भाजपा नेतृत्व को आत्ममंथन पर मजबूर कर दिया है। बीजेपी ने 11 में 6 सीटें जीती जरूर हैं लेकिन वाराणसी, लखनऊ और आगरा जैसे मजबूत गढ़ गंवाने और गोरखपुर में मामूली अंतर से मिली जीत ने साफ कर दिया है कि 2024 के लोकसभा नतीजों के बाद भी मतदाताओं का असंतोष है। एमएलसी चुनाव के नतीजे इशारा करते हैं कि 2024 के लोकसभा चुनाव में विपक्ष खासकर समाजवादी पार्टी की बढ़त तुक्का नहीं थी। मतदाताओं की नाराजगी शिकायतें बरकरार है। समाजवादी पार्टी ने वाराणसी स्नातक और शिक्षक सीटें बरकरार रखने के साथ ही भाजपा से लखनऊ स्नातक और आगरा शिक्षक सीटें भी छीन लीं। वाराणसी तो प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का संसदीय क्षेत्र है। सपा द्वारा वहां सीटें बरकरार रखना भाजपा की श्मनोवैज्ञानिकश हार है। वाराणसी में भाजपा की हार 2027 में विधानसभा और 2029 के लोकसभा चुनाव के लिए खतरे की घंटी हैं एमएलसी नतीजे? मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रभाव वाले क्षेत्र गोरखपुर में भाजपा की जीत का अंतर 307 वोटों का रहा, जो चेतावनी से कम नहीं है। एमएलसी चुनाव में शिक्षक और स्नातक ही मतदाता होते हैं। इन सीटों पर हार या कड़ा मुकाबला भाजपा के प्रति इस वर्ग की असहजता को दर्शाता है।आगरा में सपा प्रत्याशी आकाश अग्रवाल की जीत के बाद अखिलेश यादव ने अपने श्पीडीएश पिछड़े, दलित, अल्पसंख्यक फॉर्मूले में श्एश का दायरा बढ़ाकर श्अग्रवाल और वैश्यश समुदाय तक हो गया जो बीजेपी के कोर वोट बैंक में सेंधमारी का सीधा संकेत है। सोशल इंजीनियरिंग का फॉर्मूला सपा विधानसभा चुनाव 2027 में अपना सकती है।

इंडिया गठबंधन में सीट शेयरिंग सबसे कठिन सवाल

लखनऊ (संवाददाता)। उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव 2027 को लेकर इंडिया गठबंधन में सीटों के बंटवारे की सुगबुगाहट बेहद तेज हो गई है। सवाल बड़ा है लेकिन राहुल और अखिलेश सुलझे लीडर,सुलझा लेंगे। सूत्रों के मुताबिक कांग्रेस ने यूपी असेम्बली इलेक्शन में अपने प्रत्याशी उतारने खातिर समाजवादी पार्टी को अपनी पसंद की सीटों की एक लिस्ट सौंप दी है। कांग्रेस राज्य की 125 से 130 विधानसभा सीटों पर अपने उम्मीदवार चाहती है। समाजवादी पार्टी इतनी बड़ी संख्या में सीटें कांग्रेस को देने के मूड में नहीं है। सूत्रों के अनुसार कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने सूची सीधे समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव को सौंपी है। बताया गया है कि सपा कांग्रेस को 40 से 50 सीटें ही ऑफर करने को राजी है। 2027 के रण से पहले दोनों दलों के बीच सीटों का गणित नाजुक मोड़ पर आ गया है। कांग्रेस का आने वाले यूपी विधानसभा चुनाव में प्रदेश की कुल 403 विधानसभा सीटों में से लगभग 125 से 130 सीटों पर अपने प्रत्याशियों को चुनावी मैदान में उतारने का प्लान है। पार्टी ने इसी रणनीति के तहत 130 विधानसभा क्षेत्रों की पहचान करके लिस्ट तैयार की है, जहां वह चुनाव लड़ना चाहती है।

Notice

I Manna Devi is legally mothar of Army No-JC 782844M Rank Nb sub Sanjay kumar yadav presently resident of village - Nibi Bujurg post - Bamhour teh sadar Dist- Azamgarh state - uttar-pradesh pin no - 276404 have changed my name Manna Devi to Manna and date of Birth 01 july 1952 to 01 January 1951 vide affidavit no- IN-UP00213937195774Y date 23 sep 2026 .

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा अशुद्ध नाम UVAISH KHAN (उवैस खान) है. जब की हमारा सही एवं शुद्ध नाम -उवैस खान मुमताज खान (UVAIS KHAN MUMTAZ KHAN) है. जो आधार नम्बर 489729811672 पर दर्ज है. न्यायहित में आवश्यक है कि हमें उवैस खान मुमताज खान (UVAIS KHAN MUMTAZ KHAN) सही नाम से जाना वह पहचान जाए।

उवैस खान मुमताज खान
निवासी : कुंडा प्रतापगढ़
यूपी.

सरदार पटेल राष्ट्रीय एकता की अप्रतिम मिशाल

राष्ट्र की एकता, अखंडता एवं समरसता को मजबूत बनाने का लें संकल्प-केशव

लखनऊ (संवाददाता)। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने आज लखनऊ स्थित अपने सरकारी आवास, सात कालिदास मार्ग पर राष्ट्रीय एकता एवं अखंडता के प्रतीक, भारत रत्न, लौहपुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 151वीं जयंती के अवसर पर उनके चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धापूर्वक नमन किया। उन्होंने देश एवं प्रदेशवासियों को राष्ट्रीय एकता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं दीं। श्री ने कहा कि सरदार वल्लभभाई पटेल राष्ट्रीय एकता की अप्रतिम मिसाल हैं। उन्होंने अपनी लौह इच्छाशक्ति, अदम्य साहस एवं कूटनीतिक दूरदर्शिता के बल पर सैकड़ों रियासतों को एकता के सूत्र में पिरोकर अखंड भारत के निर्माण में अतुलनीय योगदान दिया। स्वतंत्र भारत के प्रथम गृह मंत्री एवं उप प्रधानमंत्री के रूप में देश की एकता, अखंडता और



आंतरिक सुरक्षा को मजबूत बनाने में उनकी भूमिका सदैव स्मरणीय रहेगी। राष्ट्र निर्माण के प्रति उनके समर्पण और किसानों के अधिकारों के लिए किए गए संघर्ष से आज भी देशवासियों को प्रेरणा मिलती है। सरदार पटेल का संपूर्ण जीवन देशभक्ति, कर्तव्यनिष्ठा और दृढ़ संकल्प का अनुपम उदाहरण है। उनका जीवन दर्शन आज भी प्रासंगिक है और हम सभी के लिए प्रेरणास्रोत है। गुजरात में स्थापित 'स्टैच्यू ऑफ यूनिटी' उनके अद्वितीय व्यक्तित्व, फौलादी संकल्प और राष्ट्र के प्रति समर्पण का प्रतीक है। उन्होंने सभी देशवासियों से आग्रह किया कि जीवन में एक बार स्टैच्यू ऑफ यूनिटी अवश्य जाएं और सरदार पटेल के राष्ट्र निर्माण के योगदान से प्रेरणा लें। हम सभी को सरदार पटेल की जयंती पर राष्ट्र की एकता, अखंडता एवं संप्रभुता की रक्षा करने, राष्ट्रीय एकता की भावना को बलवती बनाने तथा एक सशक्त, आत्मनिर्भर एवं स्वाभिमानी भारत के निर्माण में योगदान देने का संकल्प लेना चाहिए। सरदार पटेल के जीवन दर्शन को केवल स्मरण ही नहीं, बल्कि आत्मसात कर अपने जीवन में उतारना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

दीपोत्सव-2026: श्री मंदिर ऐप के माध्यम से अयोध्या में प्रज्वलित होंगे 1 लाख दीप

देश-विदेश के रामभक्त डिजिटल माध्यम से बनेंगे सहभागी,श्रद्धालुओं के नाम से पुरोहित लेंगे संकल्प

लखनऊ (संवाददाता)। भगवान श्री राम की नगरी अयोध्या में होने वाले श्दीपोत्सव-2026श के 10वें संस्करण में देश-विदेश में बैठे करोड़ों सनातन श्रद्धालुओं को सीधे जोड़ने के लिए डिजिटल तकनीक का अनूठा समन्वय देखने को मिल रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा पावन सरयू नदी के 56 घाटों पर 30 लाख दीप प्रज्वलित करने के महा-लक्ष्य के बीच भारत का प्रमुख डिजिटल धार्मिक प्लेटफॉर्म श्री मंदिर ऐप श्रद्धालुओं की ओर से 1 लाख दीप प्रज्वलित करवाकर इस भव्य आयोजन में सहभागी बन रहा है। 5वें वर्ष दुनिया के किसी कोने में बैठा श्रद्धालु अयोध्या के ऐतिहासिक राजद्वार में प्रभु श्री राम के चरणों में अपनी आस्था का दीप समर्पित कर सकेगा। श्रद्धालु श्री मंदिर ऐप के माध्यम से 1, 5, 11 अथवा 21 दीप अर्पित करने का विकल्प चुन सकते हैं। श्रद्धालु द्वारा दीप अर्पण का विकल्प चयन करते ही अयोध्या के राजद्वार में उपस्थित विद्वान पुरोहितों द्वारा संबंधित श्रद्धालु के नाम और गोत्र से विधिवत संकल्प लिया जाएगा और पूरी वैदिक मर्यादा के साथ दीप प्रज्वलित किया जाएगा।श्रद्धालुओं की आस्था और पारदर्शिता को अक्षुण्ण रखने के लिए इस संपूर्ण प्रक्रिया की वीडियो रिकॉर्डिंग कराई जाएगी, जिसे बाद में डिजिटल माध्यम से सीधे श्रद्धालु के साथ साझा किया जाएगा। प्रत्येक दीप प्रभु श्री राम के चरणों में समर्पित वैश्विक श्रद्धालुओं की श्रद्धा, विश्वास और मंगलकामनाओं का प्रतीक बनेगा।दीपोत्सव के इस पावन पर्व पर धार्मिक अनुष्ठानों का दायरा केवल दीप प्रज्वलन तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि श्री मंदिर ऐप द्वारा कई विशेष आयोजन किए जा रहे हैं। मर्यादा पुरुषोत्तम के जीवन आदर्शों के स्मरण हेतु अखंड रामायण पाठ किया जाएगा तथा विद्वान आचार्यों एवं ब्राह्मणों का विधि-विधान से वंदन व सेवा संपन्न होगी। सनातन धर्म में महादान माने जाने वाले अन्नदान अंतर्गत दीपोत्सव के अवसर पर पांच हजार से अधिक साधु-संतों, श्रद्धालुओं एवं जरूरतमंदों के लिए भंडारे व भोजन की व्यवस्था की जा रही है। श्री मंदिर के मुख्य कार्यकारी अधिकारी प्रशांत सचान ने कहा कि उनका विश्वास है कि किसी भी श्रद्धालु की आस्था और उसके आराध्य के पवित्र तीर्थस्थल के बीच भौगोलिक दूरी बाधा नहीं बननी चाहिए। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में उत्तर प्रदेश सरकार अयोध्या दीपोत्सव और भारतीय सांस्कृतिक धरोहर को वैश्विक पटल पर जिस भव्यता से स्थापित कर रही है, उसमें एक सहयोगी के रूप में योगदान देना उनके लिए परम सौभाग्य की बात है। उनका यह दायित्व है कि दुनिया भर में बैठे प्रत्येक रामभक्त का पावन संकल्प अयोध्या तक पहुंचे और उनके नाम का हर दीप पूर्ण विधि-विधान, श्रद्धा और सम्मान के साथ प्रज्वलित हो।4 करोड़ से अधिक डाउनलोड के साथ श्री मंदिर ऐप देश भर के 100 से अधिक प्रमुख मंदिरों से जुड़ी ऑनलाइन पूजा, सेवा, चढ़ावा अर्पण एवं प्रसाद वितरण जैसी सेवाएं सुलभ करा रहा है।

बसपा प्रमुख मायावती ने 5 नवंबर को बुलाई बैठक

6 दिसंबर को लखनऊ की रैली का कर सकती हैं ऐलान

लखनऊ (संवाददाता)। बहुजन समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने 5 नवंबर को यूपी के पदाधिकारियों की एक अहम बैठक बुलाई है। इस बैठक में राष्ट्रीय समन्वयक आकाश आनंद भी मौजूद रहेंगे। पार्टी सूत्रों के मुताबिक मायावती 6 दिसंबर को लखनऊ में एक बड़ी रैली करने जा रही है। इस रैली को लेकर पार्टी पदाधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी जाएगी। बैठक पार्टी कार्यालय में होगी। इसमें प्रदेश अध्यक्ष विश्वनाथ पाल सहित जिलाध्यक्ष और मंडल कोआर्डिनेटर बुलाए गए हैं। इस बैठक में घोषित हो चुके विधानसभा प्रभारियों को नहीं बुलाया गया है। आजाद समाज पार्टी के प्रमुख एवं नगीना सांसद चंद्रशेखर 26 नवंबर को संविधान दिवस पर लखनऊ के रमाबाई पार्क में एक बड़ी रैली की तैयारी में हैं। चंद्रशेखर इस रैली में 5 लाख से अधिक की भीड़ जुटाकर मायावती के रिकॉर्ड को तोड़ना चाहते हैं।

संक्षिप्त

आचार्य नरेंद्र देव की जयंती पर अखिलेश यादव ने दी श्रद्धांजलि

लखनऊ (संवाददाता)। राजधानी में शनिवार को सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने आचार्य नरेंद्र देव की 137वीं जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित की। गोमती नदी तट स्थित समाधि स्थल पर पुष्पांजलि कार्यक्रम में बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता और पदाधिकारी मौजूद रहे। अखिलेश यादव ने कहा कि आचार्य नरेंद्र देव उच्च कोटि के शिक्षक और स्वतंत्रता सेनानी थे। उन्होंने समाजवादी आंदोलन को नई दिशा दी और शांतिपूर्ण क्रांति के जरिए समाज में बदलाव की बात कही। अखिलेश ने कहा कि यह गौरव की बात है कि समाजवादी विचारधारा को आगे बढ़ाया जा रहा है। समाजवाद को मजबूत बनाने में योगदान देने वाले महापुरुषों को ज्यादा से ज्यादा पढ़ना और समझना चाहिए। भारतीय जनता पार्टी पर हमला करते हुए कहा कि नकारात्मक सोच का दल है, दरार वादियों का एक गुट है। वह पॉलीटिकल पार्टी नहीं गैंग है। वहीं सरदार पटेल जी को हम लोग इसलिए भी याद करते हैं कि उन्होंने कम्युनल फोर्स आरएसएस को बैन किया था। गृहमंत्री के दौरे पर तंज कसते हुए कहा कि बहुत देर कर दी मेहरबाँ आते-आते। उत्तर प्रदेश की जनता ने मन बना लिया है कि भारतीय जनता पार्टी का सफाया हो इस बार। अखिलेश यादव ने कहा कि हमारे कार्यकर्ता एकजुट होकर भारतीय जनता पार्टी का मुकाबला करने के लिए तैयार है। ये लोग यूपी से हटेंगे तो देश से हटेंगे। पिछले 10 साल में 500 से ज्यादा प्राइवेट नर्सिंग होम या अस्पताल रजिस्टर हुए बीजेपी की सरकार में।

यूपी में चक्रवात अर्नब का असर, 23 जिलों में भारी बारिश का अलर्ट, बढ़ी ठिठुरन

लखनऊ (संवाददाता)। उत्तर प्रदेश में चक्रवाती तूफान'अर्नब के प्रभाव से मौसम का मिजाज लगातार तीसरे दिन भी बदला हुआ है। शनिवार सुबह से राजधानी लखनऊ समेत प्रदेश के करीब 10 शहरों में बारिश हो रही है, हालांकि पश्चिमी जिलों में चटक धूप निकलने से राहत मिली है। लगातार बारिश और ठंडी हवाओं ने मौसम में ठंडक बढ़ा दी है। कई जिलों में तापमान में पांच से आठ डिग्री सेल्सियस तक की गिरावट दर्ज की गई है। लखनऊ में पिछले करीब 40 घंटे से रुक-रुककर रिमझिम बारिश का सिलसिला जारी है। इसके अलावा उन्नाव, बाराबंकी, हरदोई और सीतापुर समेत कई जिलों में बारिश से जनजीवन प्रभावित हुआ है। लगातार बादल छाए रहने और ठंडी हवाएं चलने से लोगों को समय से पहले सर्दी का एहसास होने लगा है। पश्चिमी उत्तर प्रदेश के कई जिलों में घने कोहरे से दृश्यता प्रभावित हुई है मगर धूप निकलने से मौसम सुहावना हो गया। काशी हिंदू विश्वविद्यालय (बीएचयू) के मौसम वैज्ञानिक प्रो. रवि शंकर सिंह के अनुसार, पूर्वी उत्तर प्रदेश के 23 जिलों में शनिवार को भारी से बहुत भारी बारिश होने की संभावना है।

25 हजार का इनामी चाचा राजेश शुक्ला गिरफ्तार, अब तक 7 आरोपी पकड़े गए

लखनऊ (संवाददाता)। लखनऊ के सआदतगंज इलाके में हुए चर्चित ट्रिपल मर्डर केस में पुलिस को बड़ी कामयाबी मिली है। पुलिस ने वारदात के बाद से भाग रहे 25 हजार के इनामी आरोपी राजेश शुक्ला को धर दबोचा है। राजेश इस पूरे मामले के मुख्य आरोपी ऋषभ शुक्ला का चाचा है। इस हत्याकांड में पुलिस अब तक 7 लोगों को गिरफ्तार कर चुकी है, जबकि आरोपी की बहन की तलाश में अभी भी छापेमारी की जा रही है।यह पूरी घटना 26 अक्टूबर को नौबस्ता ब्राह्मण टोला में हुई थी। बरगद के पेड़ के पास चबूतरा बनाने और गाड़ी खड़ी करने को लेकर दो पक्षों में कहासुनी शुरू हुई, जिसने देखते ही देखते खूनी रूप ले लिया। आरोप है कि मर्चेंट नेवी के पूर्व अफसर और शूटिंग में गोल्ड मेडलिस्ट ऋषभ शुक्ला ने अंधाधुंध गोलियां बरसा दीं। इस फायरिंग में एक ही परिवार के तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। इस सिरफिरे हमले में सचिवालय से रिटायर शिवाजी तिवारी, उनके भाई शिवेंद्र तिवारी और शिवाजी के 30 साल के बेटे सुयश तिवारी की जान चली गई। सुयश की 5 दिसंबर को शादी होने वाली थी और घर में तैयारियां चल रही थीं, लेकिन इस घटना ने हंसते-खेलते परिवार की खुशियां छीन लीं। घटना के बाद से इलाके के लोगों में भारी गुस्सा है।

14 करोड़ के 7 बाज, दुबई-सऊदी तक कनेक्शन, एसटीएफ के हत्थे चढ़ा इंटरनेशनल वाइल्डलाइफ तस्कर

लखनऊ (संवाददाता)। उत्तर प्रदेश एसटीएफ (यूपी एसटीएफ) ने लखनऊ के मड़ियांव इलाके के इरादतनगर में छापेमारी कर एक अंतरराष्ट्रीय वन्यजीव तस्कर को रंगे हाथों दबोच लिया है। पकड़ा गया आरोपी फिरोज मुशर्रत खान मूल रूप से मुंबई का रहने वाला है। एसटीएफ ने उसके कब्जे से 7 बेहद दुर्लभ फाल्कन (बाज) पक्षी बरामद किए हैं। इंटरराष्ट्रीय बाजार में इन दुर्लभ बाज पक्षियों की कीमत करीब 14 करोड़ रुपये आंकी गई है। शुरुआती पूछताछ में सामने आया है कि इन परिंदों की खाड़ी देशों में भारी मांग है। आरोपी इन दुर्लभ पक्षियों की तस्करी कर दुबई, सऊदी अरब और बहरीन तक सप्लाई करता था। एसटीएफ को लंबे समय से दुर्लभ वन्यजीवों की तस्करी की सूचना मिल रही थी, जिसके बाद यह कार्रवाई की गई। बरामद सभी 7 फाल्कन पक्षियों को सुरक्षित वन विभाग की टीम के हवाले कर दिया गया है। एसटीएफ अब इस नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की तलाश में जुटी है और आरोपी के खिलाफ वन्यजीव संरक्षण अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है।

बोलेरो पिकअप की टक्कर से बुलेट सवार की मौत,पीछे बैठा साथी घायल

लखनऊ (संवाददाता)। राजधानी के बिजनौर थाना क्षेत्र में बोलेरो पिकअप और बुलेट की आमने-सामने टक्कर में 16 साल के यश की मौत हो गई। बुलेट पर पीछे बैठा 18 साल का आयुष घायल हो गया। हादसा शनिवार सुबह बंथरा-बिजनौर रोड पर भौनवाल स्कूल के पास हुआ। पुलिस के मुताबिक बिजनौर थाना क्षेत्र के नूर नगर भदरसा निवासी किसान कश्मीर यादव का बेटा यश कक्षा 8 में पढ़ता था। गांव के दूधिया अखिलेश यादव का बेटा आयुष कक्षा 10 का छात्र है। दोनों किसी काम से बिजनौर जा रहे थे। बुलेट यश चला रहा था और आयुष पीछे बैठा था। पुलिस के मुताबिक, तहसील से पहले सामने से आ रही बोलेरो पिकअप ने उनकी बुलेट को टक्कर मार दी। यश सड़क किनारे जा गिरा और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। आयुष के पैर टूट गए। राहगीर ने पुलिस को सूचना दी।

लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती पर जनपद में उत्साह एवं उल्लास के साथ मनाया गया राष्ट्रीय एकता दिवस

कमाल खान/प्रातःकाल एक्सप्रेस

बलरामपुर।लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के अवसर पर जनपद बलरामपुर में राष्ट्रीय एकता दिवस उत्साह, उमंग एवं देशभक्ति की भावना के साथ मनाया गया। इस अवसर पर राष्ट्रीय एकता, अखंडता एवं सामाजिक समरसता का संदेश जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से स्पोर्ट्स स्टेडियम से कलेक्ट्रेट तक भव्य ङ्रन फॉर यूनिटी' (एकता दौड़)ङ्क का आयोजन किया गया।



एकता दौड़ में विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं, खिलाड़ियों, अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया तथा देश की एकता, अखंडता एवं भाईचारे का संदेश दिया। प्रतिभागियों ने राष्ट्र की एकता एवं अखंडता को सुदृढ़ बनाए रखने का संकल्प व्यक्त किया।

इस अवसर पर जिलाधिकारी डॉ. विपिन कुमार जैन ने छात्र-छात्राओं, खिलाड़ियों एवं उपस्थित अधिकारियों-कर्मचारियों को राष्ट्रीय एकता दिवस की शपथ दिलाई। सभी ने राष्ट्र की एकता, अखंडता एवं सुरक्षा को बनाए रखने के लिए स्वयं को समर्पित करने तथा देशवासियों के बीच एकता एवं सद्भावना की भावना को मजबूत करने का संकल्प लिया।

जिलाधिकारी डॉ. विपिन कुमार जैन ने कहा कि लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल ने देश की एकता एवं अखंडता को सुदृढ़ बनाने में ऐतिहासिक भूमिका निभाई। उन्होंने स्वतंत्रता के पश्चात विभिन्न रियासतों का एकीकरण कर भारत को एक मजबूत एवं अखंड राष्ट्र के रूप में स्थापित करने का महान कार्य किया।ङ्क

जिलाधिकारी ने कहा कि सरदार वल्लभभाई पटेल का जीवन दृढ़ संकल्प, अनुशासन, राष्ट्रसेवा एवं समर्पण का प्रेरणादायी उदाहरण है। उनके आदर्श हमें राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखते हुए एकजुट होकर कार्य करने की प्रेरणा देते हैं। राष्ट्रीय एकता दिवस केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि देश की एकता, अखंडता एवं सामाजिक सद्भाव को बनाए रखने के प्रति अपनी जिम्मेदारियों का स्मरण करने का महत्वपूर्ण अवसर है।

उन्होंने छात्र-छात्राओं एवं युवाओं का आह्वान करते हुए कहा कि युवा पीढ़ी राष्ट्र का भविष्य है। सभी युवा सरदार वल्लभभाई पटेल के जीवन एवं उनके आदर्शों से प्रेरणा लेते हुए आपसी भाईचारे, सद्भाव एवं एकता की भावना को मजबूत करें तथा राष्ट्र निर्माण में अपनी सक्रिय भूमिका निभाएं।

राष्ट्रीय एकता दिवस पर आयोजित दौड़ प्रतियोगिता के विजेता खिलाड़ियों को डीएम ने किया सम्मानितङ्क

राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर स्पोर्ट्स स्टेडियम में दौड़ प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया, जिसमें खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग करते हुए अपनी खेल प्रतिभा एवं शारीरिक दक्षता का प्रदर्शन किया।इस अवसर पर जिलाधिकारी ने खिलाड़ियों को बधाई देते हुए कहा कि खेलकूद गतिविधियां युवाओं में अनुशासन, टीम भावना, आत्मविश्वास एवं नेतृत्व क्षमता का विकास करती हैं। खेल न केवल शारीरिक एवं मानसिक विकास का माध्यम है, बल्कि आपसी सहयोग, एकता एवं सकारात्मक प्रतिस्पर्धा की भावना को भी बढ़ावा देते हैं।

उन्होंने छात्र-छात्राओं को शिक्षा के साथ-साथ खेलकूद एवं अन्य रचनात्मक गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी करने के लिए प्रेरित किया। साथ ही खिलाड़ियों को निरंतर अभ्यास, मेहनत एवं लगन के साथ आगे बढ़ते हुए जनपद एवं प्रदेश का नाम रोशन करने के लिए प्रोत्साहित किया।

राष्ट्रीय एकता दिवस पर आयोजित कार्यक्रमों के माध्यम से उपस्थित सभी छात्र-छात्राओं, खिलाड़ियों एवं अधिकारियों-कर्मचारियों ने सरदार वल्लभभाई पटेल के आदर्शों पर चलने तथा राष्ट्र की एकता, अखंडता एवं सुरक्षा को बनाए रखने का संकल्प लिया।इस दौरान अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) संदीप केला, अपर जिलाधिकारी (न्यायिक), आईजी स्टाम्प सहित अन्य संबंधित अधिकारी, कर्मचारीगण, शिक्षक, छात्र-छात्राएं एवं खिलाड़ी उपस्थित रहे।

दीवानी न्यायालय परिसर की दुकानों व वाहन स्टैंड की नीलामी पांच नवंबर को

प्रातःकाल एक्सप्रेस

सिद्धार्थनगर। दीवानी न्यायालय सिद्धार्थनगर मुख्यालय परिसर में स्थित विभिन्न दुकानों और वाहन स्टैंड के संचालन के लिए नीलामी की प्रक्रिया पांच नवंबर को संपन्न कराई जाएगी। इच्छुक व्यक्ति निर्धारित तिथि और समय पर जनपद न्यायालय सभागार में उपस्थित होकर बोली लगा सकते हैं। जनपद न्यायाधीश के आदेश के क्रम में नीलामी समिति के अध्यक्ष व विशेष न्यायाधीश (एससी/एसटी एक्ट) ने विज्ञप्ति जारी कर यह जानकारी दी है। उन्होंने बताया कि न्यायालय परिसर स्थित कैंटीन, फोटोकॉपी मय फोटोग्राफी की दुकान संख्या एक, जनरल स्टोर एवं बेकरी की दुकान, पान की दुकान तथा वाहन स्टैंड का ठेका आवंटित किया जाना है। इसके लिए पांच नवंबर को दोपहर डेढ़ बजे जनपद न्यायालय के सभागार में खुली नीलामी का आयोजन निश्चित किया गया है। प्रशासन की ओर से स्पष्ट किया गया है कि जो भी व्यक्ति अथवा फर्म उक्त नीलामी या ठेके में भाग लेने की इच्छुक हो, वह निर्धारित तिथि व समय पर सभी आवश्यक औपचारिकताओं और नियमों का पालन करते हुए न्यायालय सभागार में प्रतिभाग कर सकती है।

दीपावली पर मिलावटखोरी के खिलाफ छापेमारी, छह नमूने भरे, 23 किलो बेसन सीज

प्रातःकाल एक्सप्रेस



सिद्धार्थनगर । आगामी दीपावली पर्व के दृष्टिगत मिलावटी खाद्य व पेय पदार्थों की बिक्री पर प्रभावी रोकथाम के लिए खाद्य सुरक्षा विभाग ने जनपद में सघन चेकिंग अभियान चलाया। सहायक आयुक्त (खाद्य) द्वितीय के निर्देशन में सचल दल ने विभिन्न प्रतिष्ठानों पर छापेमारी कर दूध, छेना, पेड़ा, कलाकंद और बेसन सहित कुल छह नमूने एकत्र कर जांच के लिए प्रयोगशाला भेजे। बांसी में मानक के अनुरूप न पाए जाने पर 23.4 किलोग्राम बेसन को मौके पर ही सीज कर दिया गया। खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन आयुक्त तथा जिलाधिकारी के निर्देश पर गठित सचल दल ने जिला न्यायालय नौगढ़ स्थित विनायक रेस्टोरेंट से दूध का एक नमूना लिया। इसके बाद टीम ने बर्डपुर नौगढ़ स्थित अमन स्वीट्स से छेना मिठाई और पेड़े का एक-एक नमूना संग्रहित किया। सचल दल ने बांसी स्थित राजस्थान स्वीट्स की मिठाई विनिर्माण इकाई पर औचक निरीक्षण किया। यहां से छेना मिठाई, कलाकंद और बेसन का एक-एक नमूना जांच के लिए लिया गया। वहीं परिसर में रखा 23.4 किलोग्राम बेसन गुणवत्ता मानकों के अनुरूप न मिलने पर उसे तुरंत सीज करने की कार्रवाई की गई। अधिकारियों ने बताया कि संग्रहित किए गए सभी छह नमूनों को जांच के लिए राजकीय प्रयोगशाला भेजा गया है। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के उपरांत संबंधित कारोबारियों के खिलाफ खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के तहत कठोर विधिक कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। साथ ही सभी मिष्ठान विक्रेताओं और खाद्य कारोबारियों को निर्माण प्रक्रिया में स्वच्छता और सुरक्षा मानकों का कड़ाई से पालन करने की हिदायत दी गई। सचल दल में खाद्य सुरक्षा अधिकारी हीरा लाल, नीरज कुमार चौधरी और रंजन कुमार श्रीवास्तव शामिल रहे।

राष्ट्रीय एकता दिवस पर राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालय बिशुनपुर विश्राम में प्रदान की गई हाउसवार टी-शर्ट

कमाल खान/ प्रातःकाल एक्सप्रेस



बलरामपुर। जनपद में शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार के साथ-साथ छात्राओं के सर्वांगीण विकास एवं उनकी छिपी प्रतिभाओं को निखारने की दिशा में जिलाधिकारी डॉ. विपिन कुमार जैन की विशेष पहल पर राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर विकासखंड पचपेड़वा स्थित राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालय बिशुनपुर विश्राम में एक अभिनव पहल करते हुए ङ्डहाउस सिस्टम की शुरुआत की गई है।ङ्क सामान्यतः कॉन्वेंट एवं प्रतिष्ठित निजी विद्यालयों में संचालित होने वाली हाउस सिस्टम की व्यवस्था अब राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालय की छात्राओं को भी उपलब्ध होगी।इस नई व्यवस्था के शुभारंभ से विद्यालय की छात्राओं में विशेष उत्साह एवं उमंग का वातावरण है। हाउस सिस्टम के माध्यम से छात्राओं को न केवल शैक्षणिक गतिविधियों, बल्कि खेलकूद, सांस्कृतिक कार्यक्रमों, रचनात्मक प्रतियोगिताओं एवं अन्य पाठ्येतर गतिविधियों में भी अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने के बेहतर अवसर प्राप्त होंगे।उल्लेखनीय है कि गत माह जिलाधिकारी डॉ. विपिन कुमार जैन द्वारा राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालय बिशुनपुर विश्राम का निरीक्षण किया गया था। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने विद्यालय की छात्राओं से आत्मीय संवाद करते हुए उनकी पढ़ाई, रुचियों, प्रतिभाओं एवं विद्यालय में उपलब्ध गतिविधियों के संबंध में जानकारी प्राप्त की थी।जिलाधिकारी ने इस दौरान विशेष रूप से इस बात पर जोर दिया था कि छात्राओं का विकास केवल पाठ्यपुस्तकों एवं कक्षा शिक्षण तक सीमित नहीं रहना चाहिए, बल्कि उन्हें खेलकूद, सांस्कृतिक गतिविधियों, नेतृत्व, रचनात्मकता एवं व्यक्तित्व विकास के पर्याप्त अवसर भी मिलने चाहिए।इसी उद्देश्य से जिलाधिकारी ने विद्यालय में कॉन्वेंट विद्यालयों की तर्ज पर हाउस सिस्टम लागू किए जाने के निर्देश दिए थे, ताकि छात्राओं में स्वस्थ प्रतिस्पर्धा, अनुशासन, सामूहिक उत्तरदायित्व एवं नेतृत्व की भावना विकसित हो सके।

राष्ट्रीय एकता दिवस पर चार हाउस का गठन, छात्राओं को मिली नई पहचान

जिलाधिकारी के निर्देशों के अनुपालन में 31 अक्टूबर को लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती एवं राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर विद्यालय में हाउस सिस्टम की शुरुआत की गई।

इसके अंतर्गत छात्राओं को चार हाउस–ङ्डरेड हाउस, येलो हाउस, ग्रीन हाउस एवं ब्लू हाउसङ्क में विभाजित किया गया है। छात्राओं को उनके संबंधित हाउस की पहचान के अनुरूप टी-शर्ट भी प्रदान की गईं।इसके साथ ही प्रत्येक हाउस में छात्राओं के बीच से प्रेसिडेंट एवं वाइस प्रेसिडेंट भी बनाए गए हैं, जो अपने-अपने हाउस की गतिविधियों में नेतृत्व एवं समन्वय की भूमिका निभाएंगे।हाउस सिस्टम की शुरुआत एवं हाउसवार टी-शर्ट मिलने से छात्राओं में विशेष उत्साह देखने को मिला। नई व्यवस्था से छात्राओं को अपनी अलग पहचान मिलने के साथ ही विद्यालय की विभिन्न गतिविधियों में सक्रिय सहभागिता का अवसर प्राप्त होगा।छात्राओं में विकसित होगी नेतृत्व क्षमता एवं स्वस्थ प्रतिस्पर्धाङ्डहाउस सिस्टम के माध्यम से विद्यालय में विभिन्न शैक्षणिक, खेलकूद, सांस्कृतिक एवं पाठ्येतर गतिविधियों को अधिक व्यवस्थित एवं सहभागितापूर्ण बनाने में मदद मिलेगी।चारों हाउस की छात्राएं विभिन्न प्रतियोगिताओं एवं गतिविधियों में भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर सकेंगी। इससे छात्राओं में स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना विकसित होने के साथ-साथ टीमवर्क, आपसी सहयोग, निणय्र लेने की क्षमता, आत्मविश्वास एवं नेतृत्व कौशल को बढ़ावा मिलेगा।हाउस के प्रेसिडेंट एवं वाइस प्रेसिडेंट बनाए जाने से छात्राओं को कम उम्र से ही जिम्मेदारी निभाने, समूह का नेतृत्व करने तथा सामूहिक निणय्र लेने का व्यावहारिक अनुभव भी प्राप्त होगा।जिलाधिकारी डॉ. विपिन कुमार जैन की इस पहल का उद्देश्य राजकीय विद्यालयों में अध्ययनरत छात्राओं को भी गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ-साथ व्यक्तित्व विकास के ऐसे अवसर उपलब्ध कराना है, जो सामान्यतः प्रतिष्ठित निजी विद्यालयों में देखने को मिलते हैं।जिलाधिकारी का विशेष जोर है कि राजकीय विद्यालयों की छात्राओं को अपनी प्रतिभा निखारने के लिए बेहतर वातावरण एवं अवसर प्राप्त हों। शिक्षा के साथ खेल, कला, संस्कृति, नेतृत्व एवं अन्य पाठ्येतर गतिविधियों में उनकी सहभागिता सुनिश्चित हो, ताकि वे आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ सकें।

राष्ट्रीय एकता दिवस पर कलेक्ट्रेट में सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती मनाई

डीएम ने दिलाई राष्ट्रीय एकता की शपथ; मेडिकल कॉलेज में मरीजों के बीच फल वितरित कर जाना स्वास्थ्य सुविधाओं का हाल

प्रातः काल एक्सप्रेस ब्यूरो कुशीनगर



कुशीनगर -: लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती आज 31 अक्टूबर को राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर कलेक्ट्रेट स्थित जिलाधिकारी कार्यालय कक्ष में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी संजय चौहान ने सरदार वल्लभभाई पटेल के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धापूर्वक नमन किया। तत्पश्चात जिलाधिकारी ने उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलाई। सभी ने राष्ट्र की एकता, अखंडता एवं सुरक्षा को बनाए रखने तथा देश की आंतरिक सुरक्षा सुनिश्चित करने में अपना योगदान देने का संकल्प लिया।इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि सरदार वल्लभभाई पटेल का जीवन राष्ट्र के प्रति समर्पण, दृढ़ इच्छाशक्ति और नेतृत्व क्षमता का अद्वितीय उदाहरण है। स्वतंत्रता के पश्चात देशी रियासतों के एकीकरण में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका के कारण उन्हें लौह पुरुष के रूप में जाना जाता है। उनके आदर्श एवं विचार आज भी हम सभी को राष्ट्रीय एकता, अखंडता और सामाजिक समरसता बनाए रखने की प्रेरणा देते हैं।

इसके उपरांत जिलाधिकारी ने मुख्य विकास अधिकारी के साथ मेडिकल कॉलेज पहुंचकर वहां भर्ती मरीजों के बीच फल वितरित किए। इस दौरान जिलाधिकारी ने मरीजों से उनके उपचार, दवाओं एवं अस्पताल में उपलब्ध कराई जा रही अन्य चिकित्सा सुविधाओं के संबंध में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने मरीजों से चिकित्सा व्यवस्था एवं इलाज के दौरान किसी प्रकार की असुविधा होने के संबंध में भी जानकारी ली।

जिलाधिकारी ने मौके पर उपस्थित मुख्य चिकित्सा अधिकारी को मरीजों को बेहतर एवं गुणवत्तापूर्ण इलाज उपलब्ध कराने के साथ-साथ आवश्यक दवाओं एवं अन्य चिकित्सा सुविधाओं की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त मुख्य चिकित्सा अधिकारी से मेडिकल कॉलेज में उपलब्ध चिकित्सा व्यवस्थाओं, आवश्यक चिकित्सा उपकरणों तथा विभिन्न रोगों के विशेषज्ञ चिकित्सकों की उपलब्धता के संबंध में विस्तृत जानकारी प्राप्त की।जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि मेडिकल कॉलेज में जिन चिकित्सा सुविधाओं एवं उपकरणों की उपलब्धता नहीं है अथवा जिनमें कोई कमी है, उनके संबंध में आवश्यक कार्रवाई करते हुए उपलब्धता सुनिश्चित कराई जाए। साथ ही मरीजों को बेहतर चिकित्सा सुविधा एवं गुणवत्तापूर्ण उपचार उपलब्ध कराने में किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए, ताकि आमजन को सुगम एवं बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं प्राप्त हो सकें।इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी वंदिता श्रीवास्तव, मुख्य चिकित्सा अधिकारी चन्द्र प्रकाश, प्राचार्य मेडिकल कालेज सहित मुख्य चिकित्सा अधीक्षक एवं अन्य स्टाफ मौजूद रहे।

बढ़नी में प्रतिमा विसर्जन के दौरान उपद्रव करने वाले सात वांछितों पर दस-दस हजार का इनाम

प्रातःकाल एक्सप्रेस

बढ़नी (सिद्धार्थनगर)। कस्बे में बीते दिनों दुर्गा प्रतिमा विसर्जन के दौरान माहौल बिगाड़ने और बवाल करने वाले अराजक तत्वों पर पुलिस प्रशासन का शिकंजा कस गया है। थाना ढेबरुआ में दर्ज दो अलग-अलग मुकदमों में वांछित चल रहे सात उपद्रवियों पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक महाजन ने दस-दस हजार रूपये का इनाम घोषित किया है। पुलिस की टीमें लगातार इनकी गिरफ्तारी के लिए दबिश दे रही है।विदित हो कि बीते दिनों प्रतिमा विसर्जन यात्रा के दौरान कस्बा बढ़नी में कुछ अराजक तत्वों द्वारा शांति व्यवस्था भंग करते हुए उपद्रव किया गया था। इस मामले को गंभीरता से लेते हुए थाना ढेबरुआ में आरोपियों के खिलाफ दो गंभीर अभियोग पंजीकृत किए गए थे। घटना के बाद से ही नामजद आरोपी फरार चल रहे है और पुलिस से बचने के लिए लगातार ठिकाने बदल रहे है।अपराध और अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे सघन अभियान के तहत पुलिस अधीक्षक ने सख्त रुख अपनाते हुए सभी सात फरार आरोपियों पर दस-दस हजार रूपये का नकद पुरस्कार घोषित किया है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि कानून व्यवस्था से खिलवाड़ करने वाले किसी भी अराजक तत्व को बख्शा नहीं जाएगा।पुलिस द्वारा जारी सूची के अनुसार वांछितों में वार्ड नंबर सात कल्लनडिहवा निवासी प्रदीप चतुर्वेदी के तीन पुत्र पंकज चतुर्वेदी, प्रिन्स चतुर्वेदी और विवेक चतुर्वेदी शामिल है। इसके अलावा इसी वार्ड का राजन विश्वकर्मा पुत्र जगलाल विश्वकर्मा, वार्ड नंबर तीन लोहियानगर निवासी जयंत पाण्डेय पुत्र कृष्णनाथ पाण्डेय, मधवानगर निवासी भोला पाण्डेय पुत्र रामतीरथ पाण्डेय तथा सेवरा निवासी चतुर्भुज पाठक उर्फ कल्लू पुत्र केशव पाठक वांछित है। पुलिस का कहना है कि इन सभी की धरपकड़ के लिए संभावित ठिकानों पर लगातार छापेमारी की जा रही है और जल्द ही सभी सलाखों के पीछे होंगे।

जनगणना के दूसरे चरण को लेकर बैठक, 16 नवंबर से होगी स्वगणना

प्रातःकाल एक्सप्रेस

सिद्धार्थनगर। जनपद में जनगणना के द्वितीय चरण के तहत जनसंख्या गणना और स्वगणना के व्यापक प्रचार-प्रसार को लेकर शनिवार को कलेक्ट्रेट में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। मुख्य विकास अधिकारी एवं अपर प्रमुख जनगणना अधिकारी बलराम सिंह तथा अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) संदीप कुमार श्रीवास्तव की संयुक्त अध्यक्षता में आयोजित बैठक में जनपद स्तरीय अधिकारियों, तहसीलदारों और निकाय अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

बैठक में जनगणना निदेशालय से नामित मंडल प्रभारी संजय, जनपद प्रभारी नागेन्द्र यादव और मास्टर ट्रेनर ने प्रजेंटेशन के माध्यम से 16 से 30 नवंबर तक चलने वाली स्वगणना की प्रक्रिया समझाई। इसके साथ ही एक दिसंबर से चार जनवरी 2027 तक चलने वाली प्रत्यक्ष जनसंख्या गणना के दौरान पूछे जाने वाले 40 महत्वपूर्ण प्रश्नें के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।

मुख्य विकास अधिकारी बलराम सिंह ने सभी विभागीय अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए कि वे अपने अधीनस्थ समस्त कर्मचारियों की शत-प्रतिशत स्वगणना सुनिश्चित कराएं। इसके लिए सभी विभाग तीन दिन के भीतर अपने कार्मिकों का डाटा तैयार कर जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी कार्यालय को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। बैठक के दौरान उपस्थित अधिकारियों को जनपद अनुदेश पुस्तिका का वितरण भी किया गया और पूरी प्रक्रिया का गहन अध्ययन करने को कहा गया।

अधिकारियों ने बताया कि आगामी दो नवंबर को दोपहर 12 बजे आवासीय विद्यालयों, जिला कारागार, मेडिकल कॉलेज, सिद्धार्थ विश्वविद्यालय तथा मीडिया प्रतिनिधियों के साथ भी इस संबंध में महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की जाएगी। अधिकारियों ने राष्ट्रीय महत्व के इस कार्य को सर्वोच्च प्राथमिकता देने और व्यापक जनजागरूकता फैलाने का आह्वान किया। इस मौके पर जिला विद्यालय निरीक्षक अरुण कुमार, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी शैलेश कुमार, जनगणना सहायक गया प्रसाद मिश्र, बृजेश यादव सहित सभी उपजिलाधिकारी और अधिशासी अधिकारी मौजूद रहे।

जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक सम्पन्न

प्रातः काल एक्सप्रेस ब्यूरो कुशीनगर

कुशीनगर -: जिलाधिकारी/अध्यक्ष, जिला सड़क सुरक्षा समिति संजय चौहान की अध्यक्षता में आज कलेक्ट्रेट सभागार में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में शिक्षा विभाग, परिवहन विभाग, पुलिस विभाग, लोक निर्माण विभाग, स्वास्थ्य विभाग, एनएचएआई एवं पीडब्ल्यूडी एनएच डिवीजन सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारियों एवं समिति के सदस्यों ने प्रतिभाग किया।

बैठक में सहायक अभियंता, लोक निर्माण विभाग द्वारा गत बैठक में दिए गए निर्देशों के अनुपालन तथा जनपद के चिह्नित ब्लैक स्पॉट पर संबंधित कार्यदायी संस्थाओं द्वारा कराए गए लघु सुधारात्मक कार्यों की जानकारी दी गई। अधिशासी अभियंता द्वारा हाटा ब्लैक स्पॉट पर लघु सुधारात्मक कार्यवाही पूर्ण किए जाने तथा दीर्घकालिक सुधारात्मक कार्य के अंतर्गत फ्लाईओवर निर्माण की प्रगति से जिलाधिकारी को अवगत कराया गया।इस पर जिलाधिकारी ने सड़क सुरक्षा समिति के सभी संबंधित विभागों को सख्त निर्देश दिए कि केवल कागजी कार्यवाही तक सीमित न रहें, बल्कि किए गए कार्यों का धरातल पर प्रभाव भी सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं एवं उनमें होने वाली मृत्यु की संख्या में कितनी कमी आई है, सुधारात्मक कार्यों के बाद क्या परिणाम सामने आए हैं तथा कार्यों के क्रियान्वयन में किस प्रकार की व्यावहारिक समस्याएं आ रही है, इन सभी पहलुओं का विभागवार आकलन करते हुए ठोस एवं परिणामपरक कार्ययोजना तैयार की जाए, जिससे आमजन को वास्तविक लाभ मिल सके।जिलाधिकारी ने सचिव, जिला सड़क सुरक्षा समिति को निर्देशित किया कि आगामी बैठक के लिए नए एवं प्रभावी एजेंडा बिंदु निर्धारित करते हुए सभी संबंधित विभागों से समन्वय स्थापित कर 15 दिवस के भीतर अगली बैठक आयोजित की जाए। उन्होंने विशेष रूप से शहर की यातायात व्यवस्था को जाममुक्त बनाने, अवैध पार्किंग तथा सड़कों पर किए गए अवैध अतिक्रमण/अधिग्रहण के विरुद्ध प्रभावी कार्ययोजना बनाकर कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।जिलाधिकारी ने जनपद की समस्त सड़कों का विस्तृत रोड मैप तैयार कराने के निर्देश दिए। इसमें सड़कवार दुर्घटना बाहुल्य क्षेत्रों एवं ब्लैक स्पॉट का चिह्नांकन करते हुए पूर्व में चिह्नित ब्लैक स्पॉट पर कराए गए सुधारात्मक कार्यों का विवरण तथा उन कार्यों के परिणामस्वरूप सड़क दुर्घटनाओं एवं मृत्यु की संख्या में आई कमी अथवा वृद्धि का तुलनात्मक विवरण प्रस्तुत करने को कहा।

भाजपा के पदाधिकारियों सहित भाजपा (अनु0 मो0)जिलाध्यक्ष यशवीर सिंह ने लखनऊ में पार्टी शीर्ष नेतृत्व की मुलाक़ात

डा0 एम ए तोमर

मुजफ्फरनगर।भाजपा के जिला अध्यक्ष सुधीर सैनी के नेतृत्व में जिला उपाध्यक्ष सचिन त्यागी एवं विजय प्रजापति ने लखनऊ में पार्टी के शीर्ष नेतृत्व से मुलाकात कर अनुसूचित जाति समाज से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की। इस दौरान पश्चिम उत्तर प्रदेश भाजपा प्रभारी एवं राज्यसभा सांसद राम प्रताप सिंह से शिष्टाचार भेंट हुई।इसके अलावा भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री लाल सिंह आर्य,भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं सांसद शिवेश कुमार तथा उत्तर प्रदेश अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद अशोक रावत से भी मुलाकात की गई। इन बैठकों में अनुसूचित जाति समाज के सामाजिक,राजनीतिक एवं संगठनात्मक हितों, उत्थान और समाज की भागीदारी को लेकर विचार-विमर्श हुआ।प्रतिनिधिमंडल ने उत्तर प्रदेश भाजपा के संगठन महामंत्री धर्मपाल सिंह से भी लखनऊ में मुलाकात कर अनुसूचित जाति समाज से जुड़े विषयों पर चर्चा की। भाजपा के वरिष्ठ नेताओं के साथ हुई इन मुलाकातों को संगठन की सामाजिक पहुंच मजबूत करने और समाज के मुद्दों को शीर्ष नेतृत्व तक पहुंचाने की दिशा में महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

इटावा पुलिस ने राष्ट्रीय एकता दिवस पर ली एकता और अखंडता की शपथ

एसएसपी बृजेश कुमार श्रीवास्तव के नेतृत्व में निकाला गया एकता पैदल मार्च, डीएम शुभ्रान्त कुमार शुक्ल भी हुए शामिल

प्रातः काल एक्सप्रेस



इटावा। लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के अवसर पर शनिवार को जनपद में राष्ट्रीय एकता दिवस पूरे उत्साह और गरिमा के साथ मनाया गया। इस अवसर पर रिजर्व पुलिस लाइन में शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया, जिसके बाद पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों ने एकता पैदल मार्च निकालकर राष्ट्रीय एकता एवं अखंडता का संदेश दिया।कार्यक्रम का शुभारंभ वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव ने सरदार वल्लभभाई पटेल के चित्र का अनावरण एवं माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित करने के साथ किया। इसके बाद उन्होंने उपस्थित पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों को राष्ट्र की एकता, अखंडता एवं सुरक्षा बनाए रखने की शपथ दिलाई। सभी ने देश की आंतरिक सुरक्षा सुनिश्चित करने और राष्ट्रीय एकता का संदेश जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया।

धान की पौध नष्ट करने पर भाजपा नेता समेत 9 पर मुकदमा

प्रातः काल एक्सप्रेस

औरैया। बेला थाना क्षेत्र के कसहरी गांव में धान की पौध नष्ट करने और धमकी देने के आरोप में भाजपा नेता समेत 9 लोगों पर केस दर्ज हुआ है। गांव निवासी रमेश सिंह पुत्र बहादुर सिंह ने तहरीर में बताया कि 28 जून 2026 को उन्होंने 50 बीघा खेत में धान रोपने की तैयारी की थी। दोपहर करीब 2 बजे विपक्षी ट्रैक्टर से पौध जोतकर नष्ट करने लगे। विरोध पर गाली-गलौज और विजय सिंह उर्फ ठेकेदार द्वारा तमंचा दिखाकर धमकाने का आरोप है।पीड़ित ने 29 अक्टूबर को थाना बेला में शिकायत दी। पुलिस ने भाजपा नेता राहुल सिंह समेत 9 लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू की है।

सपा ने धूमधाम से मनाई सरदार पटेल जयंती



प्रयागराज। लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की 151वीं जयंती समाजवादी पार्टी ने धूमधाम से मनाई। शहर पश्चिमी विधानसभा के सल्लाहपुर स्थित गेस्ट हाउस में कार्यकर्ताओं ने चित्र पर माल्यार्पण कर संकल्प लिया।

मुख्य अतिथि विधायक डॉ. आरके वर्मा ने कहा कि कृषि में तीन काले कानून लाने, किसानों के रास्ते में कील बिछाने और 700 से अधिक किसानों की मौत के जिम्मेदार भाजपाई अब किसानों के मसीहा पटेल की जयंती पर दावे कर रहे हैं। पटेल ने किसानों के हित में संघर्ष किया और एपीएए को एकता में बाधक बताकर प्रतिबंधित किया था।

एमएलसी डॉ. मानसिंह यादव ने कहा कि देश की तरक्की नफरत से नहीं, प्रेम और भाईचारे से होगी। कार्यक्रम में महानगर अध्यक्ष सैयद इफ्तेखार हुसैन, जिलाध्यक्ष अनिल यादव, पूर्व विधायक राधेश्याम पटेल, रमाकांत पटेल समेत सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

जाम से निजात के लिए प्रशासन ने शुरू की कवायद

विजयनगर और भरथना चौराहे का किया निरीक्षण

प्रातः काल एक्सप्रेस



इटावा। शहर की यातायात व्यवस्था को सुगम बनाने और आए दिन लगने वाले जाम से आमजन को राहत दिलाने के लिए जिला प्रशासन और पुलिस विभाग ने पहल शुरू कर दी है। जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव के निर्देशन में शनिवार को विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने शहर के प्रमुख चौराहों का संयुक्त निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान एसपी सिटी बबीता सिंह, सिटी मजिस्ट्रेट, लोक निर्माण विभाग (पीडब्लूडी), विद्युत विभाग और नगर पालिका के अधिकारी मौजूद रहे। संयुक्त टीम ने विजयनगर चौराहा एवं भरथना चौराहे का भ्रमण कर यातायात संचालन में आ रही बाधाओं और जाम की समस्या का मौके पर जायजा लियाअधिकारियों ने चौराहों की इंजीनियरिंग व्यवस्था में सुधार, सड़कों के आवश्यक चौड़ीकरण तथा विद्युत विभाग एवं नगर पालिका के पोलों को शिफ्ट करने सहित अन्य जरूरी कार्यों को चिन्हित किया। इन कार्यों के माध्यम से यातायात व्यवस्था को व्यवस्थित करने पर चर्चा की गई।

अध्यक्ष पद के प्रत्याशी प्रबल प्रताप सिंह का अधिवक्ताओं ने गर्म जोशी के साथ किया जोरदार स्वागत

प्रातः काल एक्सप्रेस



इटावा जिला बार एसोसिएशन इटावा के आगामी चुनाव में अध्यक्ष पद के प्रत्याशी एडवोकेट प्रबल प्रताप सिंह का शनिवार को अधिवक्ताओं ने फूल-मालाओं से गर्मजोशी के साथ जोरदार स्वागत किया अधिवक्ताओं के सम्मान, सुरक्षा और अधिकारों की रक्षा का लिया संकल्प यह स्वागत समारोह हिमांशु यादव एडवोकेट, सुलह अधिकारी के कार्यालय पर आयोजित किया गया, जहां बड़ी संख्या में अधिवक्ताओं ने पहुंचकर प्रबल प्रताप सिंह के प्रति अपना समर्थन व्यक्त किया। इस दौरान अधिवक्ताओं ने एकजुटता दिखाते हुए कहा कि इस बार प्रबल प्रताप सिंह को अध्यक्ष पद पर भारी मतों से विजयी बनाकर अधिवक्ताओं के सम्मान और अधिकारों की लड़ाई को मजबूत किया जाएगा। अधिवक्ताओं के सम्मान और सुरक्षा को प्राथमिकता स्वागत समारोह को संबोधित करते हुए अध्यक्ष पद के प्रत्याशी एडवोकेट प्रबल प्रताप सिंह ने कहा कि अधिवक्ताओं की एकता ही उनकी सबसे बड़ी ताकत है और अधिवक्ताओं का सम्मान ही उनकी पहचान है। उन्होंने कहा कि जिला बार एसोसिएशन को मजबूत, प्रभावी और अधिवक्ताओं के हितों के लिए सक्रिय बनाने का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने अधिवक्ताओं के मान-सम्मान और स्वाभिमान की रक्षा, उनकी सुरक्षा एवं अधिकारों की बुलंद आवाज बनने, अधिवक्ता प्रोटेक्शन एक्ट के लिए प्रभावी पहल करने तथा प्रत्येक अधिवक्ता साथी की समस्याओं के समाधान के लिए प्रतिबद्धता जताई? प्रबल प्रताप सिंह ने कहा कि यह चुनाव केवल एक पद का चुनाव नहीं है, बल्कि अधिवक्ताओं के सम्मान, अधिकार और उज्ज्वल भविष्य की दिशा तय करने का अवसर है उन्होंने सभी अधिवक्ताओं से एकजुट होकर बार एसोसिएशन को नई मजबूती देने का आह्वान किया। इस अवसर पर इंतरपाल पाल सिंह बाथम एडवोकेट, जिला उपाध्यक्ष पिछड़ा वर्ग भारतीय जनता पार्टी; हिमांशु यादव एडवोकेट, सुलह अधिकारी तहसील सैफई; रामकुमार यादव एडवोकेट, प्रत्याशी कनिष्ठ सदस्य; लक्ष्मी शंकर यादव एडवोकेट; हुकुम सिंह यादव उर्फ पंकज एडवोकेट, प्रत्याशी संयुक्त मंत्री ॐ; हिमांशु यादव, सदस्य ॐ; कुलदीप सिंह यादव एडवोकेट; रवि पाल एडवोकेट; विद्याराम एडवोकेट; इरफान मंसूरी एडवोकेट; निधि पाल एडवोकेट, जिला कार्यसमिति सदस्य भाजपा; कुलदीप यादव एडवोकेट; सुजाता देवी एडवोकेट; अम्बुज पाल एडवोकेट; मोहम्मद नौशाद एडवोकेट सहित कई अधिवक्ता मौजूद रहे।

संयुक्त प्रेस क्लब का फैसलाः दिसंबर में इटावा प्रदर्शनी में होगा विशाल पत्रकार सम्मेलन



प्रातः काल एक्सप्रेस

इटावा। जिला सूचना कार्यालय प्रेस क्लब सभागार में संयुक्त प्रेस क्लब की बैठक में निणय्य लिया गया कि दिसंबर के दूसरे सप्ताह में इटावा प्रदर्शनी पंडाल में भव्य पत्रकार सम्मेलन एवं सम्मान समारोह आयोजित होगा।? बैठक में पत्रकार हितों की रक्षा के लिए 'संघर्ष समिति' गठित करने और मीडिया प्रतिनिधियों के लिए आचार संहिता का पालन करने पर चर्चा हुई। अध्यक्ष राजेंद्र भसीन ने कहा कि आजादी की रक्षा और समाज निर्माण में मीडिया की भूमिका अतुलनीय है। पत्रकारिता केवल पेशा नहीं, जुनून और राष्ट्र सेवा है। बैठक की अध्यक्षता राजेंद्र भसीन ने की, संचालन महामंत्री सुधीर मिश्र ने किया। संरक्षक सविका धर्मलाल चतुर्वेदी, गणेश ज्ञानार्थी, उपाध्यक्ष संजय सिंह चौहान, मसूद तैमूरी, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया अध्यक्ष अनन्न चौरसिया सहित तीन दर्जन पत्रकार मौजूद रहे।

अकीदत और रूहानियत के साथ मनाया जा रहा दरबारे सफवी का सालाना उर्स

महफिले समां में उमड़े अकीदतमंद, सोमवार को कुल शरीफ के साथ होगा चार रोजा जलसे का इख्तिताम

प्रातः काल एक्सप्रेस



प्रयागराज। शाहनूर अलीगंज स्थित दरबारे सफवी का चार रोजा सालाना उर्स अकीदत और एहतराम के साथ मनाया जा रहा है। शनिवार को हजरत कादिर उल्लाह शाह चिश्ती निजामी सफवी के उर्स के मौके पर नमाजे जोहर के बाद महफिले समां और नमाजे असर के बाद कुल शरीफ की रस्म अदा की गई। हकीम रिजवान हमीद साबरी साहब की सरपरस्ती में आयोजित रस्मों में अकीदतमंदों ने शिरकत की। रविवार को तीसरे दिन हजरत शाह इफ्तेखार उल्लाह अलमारूफ अब्दुर्रहमान चिश्ती निजामी सफवी के उर्स पर कुरआनख्वानी, फातेहा और महफिले समां का एहतमाम होगा। सोमवार को हजरत मौलाना महबूब उल्लाह अलमारूफ हकीम मोहम्मद हामिद चिश्ती निजामी सफवी के उर्स की रस्मों के साथ जलसे का इख्तिताम होगा। पुराना काला डांडा स्थित मजार-ए-अकदस पर सुबह 10 बजे गुस्ल व चादरपोशी और रात में महफिले समां होगी।

उर्स में जबलपुर, गुजरात, भोपाल और मिर्जापुर से आए मेंराज अहमद जमाली, नसीम, मोईन अख्तर, रहीम मुल्ला, मोहम्मद जमालुद्दीन, मोहम्मद रशीद खान, मोहम्मद इरफान, मोहम्मद शादाब, हाफिज मोहम्मद हफीज खान, मोहम्मद सलमान सफवी, रेहान हामिद सफवी, अब्दुल मुनअम, नजमुस साकिब सफवी और मोहम्मद सईद समेत अन्य मेहमानों का इस्तकबाल किया गया। शगुन गरुप की ओर से नजरानए अकीदत पेश किया गया। यह जानकारी मुहिब्बाने औलिया कमेटी के सदर मोहम्मद महबूब दावर ने दी।

ट्रैक्टर से गिरकर पहिए के नीचे दबा 5 साल का मासूम, मौत



प्रातः काल एक्सप्रेस

औरैया। अजीतमल कोतवाली क्षेत्र के हजारीपुर गांव में दर्दनाक हादसे में 5 वर्षीय मासूम की मौत हो गई।किसान ध्रुव सिंह ट्रैक्टर से खेत में खाद डालने जा रहे थे। ट्रैक्टर शिवराज सिंह का था, जिसे बुद्ध सिंह का पुत्र पंकज चला रहा था। ध्रुव सिंह दूसरी ओर बैठे थे और उनका इकलौता बेटा आर्यन (5) मडगार्ड पर बैठा था।रास्ते में ढाल पर ब्रेक लगने से आर्यन संतुलन खोकर नीचे गिर गया और पहिए के नीचे दबकर गंभीर घायल हो गया। परिजन उसे सीएचसी अजीतमल ले गए, जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा।? आर्यन अपने माता-पिता ध्रुव सिंह और खुशबू का इकलौता बेटा था, उसकी एक तीन साल की बहन है। हादसे से गांव में शोक छा गया।

राष्ट्रीय एकता दिवस एवं सरदार वल्लभभाई पटेल की 151वीं जयंती पर शपथ ग्रहण समारोह का हुआ आयोजन

प्रातः काल एक्सप्रेस

औरैया। जनपद के विकास खंड अजीतमल में भारत की एकता एवं अखंडता के शिल्पकार, भारत रत्न लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 151वीं जयंती के अवसर पर शनिवार को राष्ट्रीय एकता दिवस के उपलक्ष्य में खंड विकास कार्यालय में शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर खंड विकास अधिकारी वीरेंद्र नारायण द्विवेदी, एडीओ पीपी प्रदीप कुमार, वरिष्ठ सहायक वीरेंद्र प्रताप, सुमन कुमारी, एडीओ ंध सुनील कुमार सहित अन्य कर्मचारी व समूह की महिलाएं उपस्थित रहे।

नाबालिग से दुष्कर्म का वांछित आरोपी एक साल बाद गिरफ्तार

प्रातः काल एक्सप्रेस



औरैया। अजीतमल कोतवाली पुलिस ने नाबालिग के अपहरण और दुष्कर्म के मामले में एक साल से फरार आरोपी को गिरफ्तार किया। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर 30 अक्टूबर को अटसू चौराहे के पास से आरोपी को दबोचा। आरोपी की पहचान ग्राम सांफर निवासी नीरज कुमार उर्फ जोगिंदर (22) पुत्र अशोक कुमार के रूप में हुई। उसके खिलाफ पॉक्सो एक्ट और एससी-एसटी एक्ट सहित अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज है। पुलिस ने उसे न्यायालय में पेश कर विधिक कार्रवाई शुरू की।

भारतीय किसान यूनियन(टिकैत) ने बलराम सिंह को सौंपी पश्चिमी यूपी के संगठन मंत्री की जिम्मेदारी

एनसीआर महामंत्री के रूप में भी निभा चुके हैं संगठन की जिम्मेदारी,अनुभव और सक्रियता को देखते हुए प्रदेश नेतृत्व ने जताया भरोसा

डा0 एम ए तोमर प्रातः काल एक्सप्रेस

मुजफ्फरनगर।भारतीय किसान यूनियन(टिकैत)ने संगठनात्मक विस्तार और मजबूती की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए मुजफ्फरनगर के बलराम सिंह को पश्चिमी उत्तर प्रदेश का संगठन मंत्री मनोनीत किया है। उनके संगठन के प्रति समर्पण, संघर्षशील कार्यशैली और लंबे समय से निभाई जा रही सक्रिय भूमिका को देखते हुए प्रदेश नेतृत्व ने उन्हें यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है।भारतीय किसान यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष राजपाल शर्मा ने 31 अक्टूबर 2026 को जारी मनोनयन पत्र के माध्यम से बलराम सिंह पुत्र सुरेश चंद निवासी नुमाइश कैंप मुजफ्फरनगर को पश्चिमी उत्तर प्रदेश का संगठन मंत्री नियुक्त किया।बलराम सिंह इससे पूर्व भारतीय किसान यूनियन में एनसीआर महामंत्री के पद पर रहकर संगठन की सेवा कर चुके है।इस दौरान उन्होंने संगठन की नीतियों और विचारधारा को आगे बढ़ाने,किसानों के बीच संगठन की पहुंच मजबूत करने तथा संगठनात्मक गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी निभाने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा की। उनकी कार्यक्षमता, अनुभव और संगठन के प्रति निष्ठा को देखते हुए उन्हें अब पश्चिमी उत्तर प्रदेश में बड़ी जिम्मेदारी दी गई है।प्रदेश अध्यक्ष राजपाल शर्मा ने उम्मीद जताई कि बलराम सिंह चौधरी महेंद्र सिंह टिकैत की विचारधारा और किसान हितों से जुड़े संघर्षों को आगे बढ़ाते हुए संगठन को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने का कार्य करेंगे।साथ ही संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने और किसानों की आवाज को प्रभावी ढंग से बुलंद करने में अपनी अहम भूमिका निभाएंगे।बलराम सिंह के मनोनयन से मुजफ्फरनगर सहित पश्चिमी उत्तर प्रदेश के किसान कार्यकर्ताओं में उत्साह है। उनके समर्थकों और संगठन से जुड़े लोगों ने इस नियुक्ति का स्वागत करते हुए विश्वास जताया कि उनके अनुभव और सक्रिय नेतृत्व से भारतीय किसान यूनियन को नई ऊर्जा और मजबूती मिलेगी।

जानलेवा हमले के मामले में चार दोषियों को आजीवन कारावास,प्रत्येक पर 1.05 लाख रुपये जुर्माना

डा0 एम ए तोमरप्रातः काल एक्सप्रेस

मुजफ्फरनगर।रामराज थाना क्षेत्र के गांव हुसैनपुर मेंवर्ष 2010 में जमीन विवाद को लेकर हुए जानलेवा हमले के मामले में अदालत ने चार दोषियों को आजीवन कारावास और प्रत्येक पर 1 लाख 5 हजार 500 रुपये का अर्थदंड लगाया है।मामले के अनुसार, 28 मार्च 2010 को गांव हुसैनपुर निवासी विजयपाल ने रामराज थानेमेंमुकदमा दर्ज कराया था। आरोप था कि जमीन विवाद के चलते रामअवतार,प्रदीप,कुंवरपाल और बिजनौर के हीमपुरदीपा क्षेत्र के फैजीपुर निवासी जनेश्वर ने एकराय होकर जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए उनके परिवार पर हमला किया और जान से मारने की नीयत से फायरिंग की थी।पुलिस ने मामले में विवेचना पूरी कर 15 मई 2010 को अदालत में आरोप पत्र दाखिल किया था।ऑपरेशन कन्विक्शन के तहत पुलिस और अभियोजन पक्ष की प्रभावी पैरवी तथा गवाहों को समय से न्यायालय में पेश किए जाने के बाद 31 अक्टूबर 2026 को एडीजे/विशेष एससी-एसटी न्यायालय के न्यायाधीश डा0 विजय कुमार ने रामअवतार,प्रदीप,कुंवरपाल और जनेश्वर को दोषी ठहराते हुए आजीवन कारावास और प्रत्येक पर 1,05,500 रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई।

सरदार पटेल जयंती पर मिनी मैराथन का भव्य आयोजन, 235 धावकों ने लगाई दौड़

आजमगढ़ के विक्की राजवर ने मारी बाजी, विजेताओं को नकद पुरस्कार देकर किया सम्मानित

प्रातः काल एक्सप्रेस

झाँसी। लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती एवं राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर शनिवार, 31 अक्टूबर को नगरा-हाट मैदान, झाँसी में मिनी मैराथन का भव्य आयोजन किया गया। कनफेडरेशन ऑफ एक्स पैरामिलिट्री फोर्सेस माटि्यर्स वेलफेयर एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष एवं इंडिया पुलिस मेडल से सम्मानित दिलीप सिंह सेंगर के नेतृत्व में आयोजित इस प्रतियोगिता में बच्चों, युवाओं और वरिष्ठ नागरिकों सहित कुल 235 प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया।

मिनी मैराथन का शुभारंभ फेडरेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष जयेंद्र सिंह राणा एवं अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी तथा सेवानिवृत्त असिस्टेंट कमांडेंट सत्येंद्र सिंह तोमर ने हरी झंडी दिखाकर किया। इस अवसर पर एशियाड खेलों के विजेता एवं असिस्टेंट कमांडेंट होशियार सिंह (टेकनपुर), भूपेंद्र सिंह सेंगर, फिजिकल ट्रेनर एवं सोशल मीडिया इनफ्लुएंसर देव दुष्यंत सिंह, जयदीप सिंह राजावत, धीरेंद्र सिंह सेंगर एवं रविंद्र बाजपेई मास्टर सहित अनेक गणमान्य नागरिक और खेलप्रेमी मौजूद रहे।



प्रतियोगिता में धावकों ने पूरे जोश, उत्साह और अनुशासन के साथ अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन किया। मुख्य दौड़ में आजमगढ़ के विक्की राजवर ने प्रथम स्थान प्राप्त कर बाजी मारी। मुरादाबाद के राजवीर द्वितीय तथा अमरदीप रावत, एथलीट कोच नूरुद्दीन खान, जिला अस्पताल के वरिष्ठ हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. गोकुल प्रसाद, डॉ. प्रदीप यादव, डॉ. पाल तृतीय स्थान पर रहे। विजेता धावकों को क्रमशः 5 हजार, 3 हजार एवं 2 हजार रुपये की नकद पुरस्कार राशि प्रदान कर सम्मानित किया गया। इसके अलावा चौथे से नौवें स्थान तक रहने वाले छह प्रतिभागियों को एक-एक हजार रुपये की पुरस्कार राशि दी गई। प्रतियोगिता में प्रथम 30 स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को टी-शर्ट प्रदान कर प्रोत्साहित किया गया। वहीं बालक जूनियर वर्ग के विजेताओं को भी पुरस्कृत किया गया।वरिष्ठ नागरिक वर्ग में वेदराम ने प्रथम, चेतराम ने द्वितीय तथा देशराज ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वरिष्ठ नागरिकों की उत्साहपूर्ण भागीदारी ने यह साबित किया कि खेल, स्वास्थ्य और फिटनेस के प्रति जागरूकता के लिए उम्र कोई बाधा नहीं है।

कार्यक्रम का सफल संचालन श्रीमती नीतू साहू एवं डॉ. आदित्य साहू ने किया। आयोजन के दौरान वक्ताओं ने कहा कि सरदार वल्लभभाई पटेल का संपूर्ण जीवन राष्ट्रीय एकता, अखंडता, दृढ़ इच्छाशक्ति और राष्ट्रसेवा का अनुपम उदाहरण है। उन्होंने देश की एकता और अखंडता को मजबूत करने में ऐतिहासिक भूमिका निभाई। उनकी जयंती पर आयोजित इस प्रकार के कार्यक्रम उनके आदर्शों को जन-जन तक पहुंचाने का सशक्त माध्यम हैं।

वक्ताओं ने कहा कि मिनी मैराथन जैसे आयोजन युवाओं को शारीरिक रूप से स्वस्थ रहने के लिए प्रेरित करने के साथ ही स्थानीय खेल प्रतिभाओं को आगे बढ़ने का अवसर प्रदान करते हैं। साथ ही समाज में अनुशासन, आपसी सद्भाव, सकारात्मक ऊर्जा और राष्ट्रीय एकता की भावना को मजबूत करते हैं। आयोजन के माध्यम से प्रतिभागियों को फिटनेस और खेलों को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने का संदेश दिया गया।

डीएम-एसएसपी ने किया जिला कारागार का औचक निरीक्षण, दिए निर्देश

बंदियों से बात कर लिया सुविधाओं का फीडबैक, परखी खाने की गुणवत्ता

डॉ0रईस अहमद उस्मानी
प्रातः काल एक्सप्रेस

लखीमपुर खीरी 31 अक्टूबर। कारागार प्रशासन द्वारा बन्दियों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं, कारागार की साफ-सफाई तथा अन्य व्यवस्थाओं का जायज़ा लेने के लिए शनिवार को डीएम अंजनी कुमार सिंह व एसएसपी डॉ ख्याति गर्ग ने संयुक्त रुप से जिला कारागार का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की पड़ताल की।डीएम-एसपी ने बंदी ग्रह में जाकर बंदियों का हालचाल जाना एवं खाने-पीने के बारे में जानकारी प्राप्त की। साथ ही जेल प्रशासन को जरूरी दिशा निर्देश दिए। उन्होंने विभिनन बैरिकों में जाकर बंदियों से मूलभूत सुविधाओं एवं व्यवस्थाओं की जानकारी ली। कारागार में साफ-सफाई व्यवस्था मिलने पर संतोष व्यक्त किया। निर्देश दिए कि इसी प्रकार प्रतिदिन जेल में साफ-सफाई बनाए रखी जाए। बंदियों से बात कर सुविधाओं का फीडबैक लिया।

डीएम-एसपी ने जेल अधीक्षक को निर्देशित किया कि नियमित रूप से कारागार का निरीक्षण करते रहें। संवेदनशील बंदियों पर विशेष निगरानी रखने के निर्देश दिए। समय-समय पर कारागार मे निरुद्ध बंदियों की गतिविधियों के संबंध में जानकारी देते रहें।

डीएम-एसपी ने जेल के बैरक, पाकशाला, अस्पताल, आदि का निरीक्षण किया। बंदियों से वार्ता कर स्थिति का जायजा लिया। उनकी समस्याओं की जानकारी लेकर उनके निस्तारण के लिए जेल अधिकारियों को निर्देश दिया।उन्होंने सीसीटीवी कंट्रोल कक्ष का अवलोकन किया। उन्होंने एक-एक कैमरे के जरिए पूरे परिसर की गतिविधियों को देखा। निर्देश दिए कि इस कंट्रोल कक्ष के माध्यम से भी सतत निगरानी की जाए। इस दौरान कारागार अधीक्षक पीडी सलोनिया, जेलर देवकांत वर्मा मौजूद रहे।

राष्ट्रीय एकता दिवस पर जीआरपी पुलिस लाइन में गूंजा एकता का संदेश, 'रन फॉर यूनिटी' का भव्य आयोजन

पुलिस अधीक्षक रेलवे विपुल कुमार श्रीवास्तव ने हरी झंडी दिखाकर दौड़ को किया रवाना, अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने ली राष्ट्र की एकता और अखंडता की शपथ

प्रातः काल एक्सप्रेस

झांसी। भारत की एकता और अखंडता के शिल्पकार, भारत रतन लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 151वीं जयंती एवं राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर 31 अक्टूबर 2026 को जीआरपी पुलिस



लाइन, झांसी में 'रन फॉर यूनिटी' का भव्य आयोजन किया गया।कार्यक्रम का शुभारंभ पुलिस अधीक्षक रेलवे विपुल कुमार श्रीवास्तव ने हरी झंडी दिखाकर दौड़ को रवाना किया। इस अवसर पर लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए गए।कार्यक्रम के दौरान सरदार पटेल के आदर्शों एवं राष्ट्र निर्माण में उनके अतुलनीय योगदान को याद किया गया। साथ ही उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को देश की एकता, अखंडता, आपसी सद्भाव और भाईचारे को बनाए रखने के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर सभी अधिकारी एवं कर्मचारीगण को राष्ट्र की एकता और अखंडता बनाए रखने की शपथ भी दिलाई गई।आयोजन के माध्यम से राष्ट्रीय एकता, सामाजिक समरसता और देश की अखंडता का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में पुलिस उपाधीक्षक रेलवे झांसी सलीम खान, प्रतिसार निरीक्षक जीआरपी लाइन झांसी विजय कुमार यादव सहित अनुभागीय कार्यालय एवं पुलिस लाइन के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

महेश कश्यप को डॉक्टरेट की मानद उपाधि से किया सम्मानित

प्रातः काल एक्सप्रेस

झाँसी। देश की राजधानी नई दिल्ली में 25 अक्टूबर को पं. दीनदयाल उपाध्याय हिन्दी विद्यापीठ , वृन्दावन धाम, मथुरा द्वारा नई दिल्ली के पांच सितारा होटल रेडिसन ब्लू में आयोजित भव्य सम्मान समारोह में देश के विभिनन राज्यों से आए विद्वत जनों को मेडल , प्रशस्ति पत्र एवं शॉल ओढ़ाकर डॉक्टरेट की मानद उपाधि (विद्या वाचस्पति सारस्वत सम्मान) से सम्मानित किया गया। हिन्दी संगोष्ठी एवं भव्य सम्मान समारोह का आयोजन रानी लक्ष्मीबाई केन्द्रीय कृषि विश्वविद्यालय झांसी के पूर्व कुलपति पद्मश्री डॉ. अरविन्द कुमार के मुख्य आतिथ्य, विद्यापीठ के कुलपति डॉ. इंदुभूषण मिश्र देवेन्दु की अध्यक्षता , मुख्य वक्ता के रूप में मेरठ के सुभारती विश्विद्यालय, मेरठ के प्रशासनिक अधिकारी डॉ. इन्द्रजीत सिंह एवं अखिल भारतीय शैक्षिक महासंघ ,उत्तराखण्ड के अध्यक्ष डॉ. नरेंद्र सिंह तोमर के विशिष्ट आतिथ्य में किया गया। ाजनीति के अंतर्गत किए गए सामाजिक कार्य एवं समाज सेवा के कार्यों में विशेष योगदान के लिए महेश कश्यप को डॉक्टरेट की मानद उपाधि (विद्या वाचस्पति सारस्वत सम्मान) से सम्मानित किया गया।समारोह का संचालन कशिश चावला ने किया ।

भेल के पटेल पार्क में सरदार पटेल को किया नमन, ली राष्ट्रीय एकता की शपथ

प्रातः काल एक्सप्रेस

झांसी। अखंड भारत के निर्माता भारत रतन लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 151वीं जयंती पर पटेल सेवा संस्थान द्वारा पटेल सप्ताह के अंतर्गत भेल स्थित पटेल पार्क में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान सरदार पटेल की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उपस्थित लोगों ने राष्ट्रीय एकता की शपथ ली।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भेल के अपर महाप्रबंधक प्रसनन अरविंद वेदया रहे। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि स्वतंत्रता के बाद देश की सैकड़ों रियासतों का एकीकरण कर अखंड भारत के निर्माण में सरदार पटेल की भूमिका ऐतिहासिक रही है। उनके योगदान को सदैव याद किया जाएगा। उन्होंने पटेल सेवा संस्थान द्वारा लगभग 30 वर्षों से किए जा रहे सामाजिक एवं शैक्षणिक कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि बच्चों और युवाओं को आगे बढ़ाने के लिए प्रतियोगिताओं का आयोजन तथा निशुल्क सरदार पटेल पुस्तकालय का संचालन सराहनीय पहल है। इसके बाद उन्होंने सभी को राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलाई।कार्यक्रम में भेल इंटक यूनियन अध्यक्ष आनंद वर्मा, संयुक्त मंत्री केके गौतम, एटक यूनियन अध्यक्ष विकास गुप्ता, महामंत्री सगीर अहमद, एचएमएस यूनियन अध्यक्ष अनार सिंह, महामंत्री आशीष झा, सीटू अध्यक्ष रमेश कुमार, महामंत्री चंद्रशेखर यादव, भेल वर्कर्स ट्रेड यूनियन अध्यक्ष उमेश प्रजापति, एजुकेटिव एसोसिएशन प्रतिनिधि बबलू कुमार, सुपरवाइजर एसोसिएशन महामंत्री अवधेश गुप्ता, संयुक्त मंत्री सुंदर सिंह, एससी-एसटी एसोसिएशन अध्यक्ष सुधीर कुमार एवं महामंत्री चंद्रकांत बगेरिया उपस्थित रहे।

भारतीय कलचुरी जायसवाल समवर्गीय महासभा की राष्ट्रीय कार्यकारिणी बैठक संपन्न, झांसी में होगा राष्ट्रीय अधिवेशन

कलचुरी भवन का भूमिपूजन और दीनदयाल सभागार में शपथ ग्रहण समारोह, केंद्रीय मंत्री श्रीपाद नायक और यूपी के कैबिनेट मंत्री रवींद्र जायसवाल होंगे मुख्य अतिथि

प्रातः काल एक्सप्रेस

झांसी। भारतीय कलचुरी जायसवाल समवर्गीय महासभा की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में महासभा के आगामी राष्ट्रीय अधिवेशन की तैयारियों, कार्यक्रमों की रूपरेखा, संगठनात्मक विस्तार तथा समाज की एकजुटता को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। राष्ट्रीय कार्यकारिणी के पदाधिकारियों ने अधिवेशन को ऐतिहासिक एवं भव्य स्वरूप प्रदान करने के लिए अपने-अपने सुझाव रखे और आयोजन को सफल बनाने के लिए सामूहिक प्रयासों पर जोर दिया।महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं बसेरा ग्रुप झांसी के चेयरमैन वीरेंद्र राय के नेतृत्व में आयोजित होने वाले इस राष्ट्रीय कार्यक्रम में देश के विभिनन राज्यों से समाज के वरिष्ठ पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता एवं गणमान्य नागरिक शामिल होंगे। कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री भारत सरकार श्रीपाद नायक तथा उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री रवींद्र जायसवाल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे।राष्ट्रीय अधिवेशन के अंतर्गत झांसी में दो प्रमुख कार्यक्रम निर्धारित किए गए हैं। प्रथम कार्यक्रम के तहत सुबह 9:30 बजे ग्वालियर-कानपुर बाईपास रोड स्थित सहारा सिटी में कलचुरी भवन के निर्माण के लिए भूमिपूजन कार्यक्रम आयोजित होगा। यह भवन समाज की एकता, सामाजिक गतिविधियों, संगठनात्मक बैठकों तथा विभिनन रचनात्मक कार्यक्रमों के संचालन के लिए महत्वपूर्ण केंद्र के रूप में विकसित करने की परिकल्पना है।

इसके उपरांत सुबह 11 बजे किला मार्ग स्थित दीनदयाल सभागार में शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया जाएगा। इसमें महासभा के नवनियुक्त पदाधिकारी संगठन के प्रति अपनी जिम्मेदारियों एवं कर्तव्यों के निर्वहन की शपथ लेंगे। इस अवसर पर संगठन की भावी कायर्योजना, सामाजिक उत्थान, युवाओं की भागीदारी और समाज को संगठित करने के विषयों पर भी चर्चा होगी।इस राष्ट्रीय आयोजन में बिहार सरकार के राज्य मंत्री दिलीप जायसवाल, मध्य प्रदेश के पूर्व राज्य मंत्री प्रदीप जायसवाल, बिहार के पूर्व मंत्री डॉ. अशोक जायसवाल, उत्तर प्रदेश की पूर्व मंत्री एवं विधायक अनुपमा जायसवाल, मध्य प्रदेश के सुसनेर विधायक लोकेश जायसवाल, सिवनी विधायक दिनेश राय 'मुनमुन', उत्तर प्रदेश के एमएलसी विजय शिवहरे तथा बिहार के पूर्व विधायक सुनील राय की विशेष सहभागिता रहेगी।महासभा की केंद्रीय कार्यकारिणी के प्रमुख पदाधिकारियों में वीरेंद्र चौधरी, मऊरानीपुर के पूर्व चेयरमैन राजकुमार शिवहरे, राष्ट्रीय महासचिव राकेश जायसवाल, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष सूरज जायसवाल, राष्ट्रीय मुख्य संगठक अरविन्द जायसवाल, राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष दयाराम राय, रोशनलाल गुप्ता/चौधरी, चन्द्रप्रकाश शिवहरे, सुभाष कुमार जायसवाल एवं भगवान सिंह जायसवाल शामिल हैं।महिला संगठन की ओर से राष्ट्रीय महिला अध्यक्ष अनिता जायसवाल, राष्ट्रीय महिला उपाध्यक्ष आशा राय तथा राष्ट्रीय महिला महासचिव कंचन जायसवाल की सहभागिता रहेगी। इनके अतिरिक्त राष्ट्रीय कार्यालय मंत्री महेश जायसवाल, राष्ट्रीय प्रचार मंत्री पुरुषोत्तम राय, राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी कुलदीप राय, उत्तर प्रदेश प्रदेश अध्यक्ष श्याम जी जायसवाल, महिला प्रदेश अध्यक्ष उर्मिला राय, महिला प्रदेश महासचिव सुमन राय तथा झांसी के महेश राम 'कुंज वाटिका' सहित अन्य पदाधिकारी एवं समाज के गणमान्य लोग भी कार्यक्रम में शामिल होंगे।

राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में इस बात पर विशेष जोर दिया गया कि समाज की संगठनात्मक शक्ति को मजबूत करने के साथ-साथ शिक्षा, सामाजिक सहयोग, युवाओं के मार्गदर्शन और जरूरतमंद परिवारों के उत्थान के लिए योजनाबद्ध तरीके से कार्य किया जाए। कलचुरी भवन का भूमिपूजन इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। वहीं शपथ ग्रहण समारोह के माध्यम से संगठन के पदाधिकारियों को नई जिम्मेदारियां सौंपकर महासभा की गतिविधियों को और अधिक प्रभावी बनाने का संकल्प लिया जाएगा।

राष्ट्रीय अध्यक्ष वीरेंद्र राय के नेतृत्व में झांसी में आयोजित होने वाले ये कार्यक्रम भारतीय कलचुरी जायसवाल समवर्गीय महासभा के संगठनात्मक इतिहास में महत्वपूर्ण उपलब्धि के रूप में देखे जा रहे हैं।

बेटी की शादी के लिए बैंक खाते में जुटाई 4.71 लाख की जमा पूंजी निकलने पर धनराशि को साइबर पुलिस ने कराया वापस

डा0 एम ए तोमर प्रातः काल एक्सप्रेस

मुजफ्फरनगर। साइबर क्राइम थाना पुलिस ने सराहनीय कार्रवाई करते हुए सुरक्षा गार्ड राजकुमार के बैंक खाते से निकली 4 लाख 71 हजार रुपये की पूरी धनराशि वापस करा दी। यह रकम उसने दिन-रात मेहनत कर अपनी बेटी की शादी के लिए जमा की थी।जीवनभर की कमाई वापस मिलने पर राजकुमार के चेहरे पर खुशी लौट आई और उसने पुलिस का आभार जताया।जानकारी के अनुसार मूल रूप से फर्रुखाबाद निवासी और वर्तमान में गांव शेरनगर नई मंडी क्षेत्र में रहने वाला राजकुमार रोडी प्लांट में सुरक्षा गार्ड है।उसका पुराना मोबाइल फोन और सिम खो गया था लेकिन उसने पुराना सिम बंद नहीं कराया।बाद में दूरसंचार कंपनी ने वही नंबर शाहजहांपुर के एक अन्य व्यक्ति को आवंटित कर दिया।नए धारक द्वारा पेमेंट एप का इस्तेमाल करने पर नंबर राजकुमार के बैंक खाते से लिंक हो गया और अनजाने में भुगतान उसके खाते से होने लगे।धीरे-धीरे खाते से 4.71 लाख रुपये निकल गए।बैंक पहुंचने पर खाते में मात्र 30 रुपये शेष मिलने से उसके होश उड़ गए।एसएसपी सूरज कुमार राय के निर्देशन में साइबर क्राइम थाना पुलिस ने मामले की जांच कर तकनीकी प्रयासों से पूरी धनराशि राजकुमार के बैंक खाते में वापस करा दी।इस कार्रवाई में एसपी क्राइम इन्दु सिद्धार्थ,सीओ क्राइम सुभाष चन्द्र के पर्यवेक्षण तथा साइबर क्राइम थाना प्रभारी कर्मवीर सिंह के नेतृत्व में टीम ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।टीम में उपनिरीक्षक महेन्द्र सिंह,उपनिरीक्षक पंकज कुमार,कंप्यूटर ऑपरेटर ज्ञान सिंह और अतुल सिंह शामिल रहे।मुजफ्फरनगर पुलिस ने लोगों से अपील की है कि मोबाइल या सिम खोने पर तत्काल पुराना सिम बंद कराएं और बैंक खाते व यूपीआई से जुड़े मोबाइल नंबर को अपडेट कराएं।साइबर ठगी होने पर तुरंत हेल्पलाइन नंबर 1930 पर शिकायत दर्ज कराएं।

जटिल सर्जरी से छात्र को मिला नया जीवन,पसली की कार्टिलेज से बनाया कृत्रिम कान

डा0 एम ए तोमर प्रातः काल एक्सप्रेस

मुजफ्फरनगर।मुजफ्फरनगर मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल ने चिकित्सा के क्षेत्र में एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है।कॉलेज के प्लास्टिक एवं रिकंस्ट्रक्टिव सर्जरी विभाग की टीम ने एक युवक के दुर्घटना में क्षतिग्रस्त हुए कान का सफलतापूर्वक पुनर्निर्माण कर उसे नई उम्मीद दी है।इस जटिल ऑपरेशन में युवक की अपनी पसली की कार्टिलेज (उपास्थि) का इस्तेमाल कर कान को नया आकार दिया गया।यह जटिल सर्जरी प्लास्टिक एवं रिकंस्ट्रक्टिव सर्जरी विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर डा0 रोहन गोयल के नेतृत्व में की गई। ऑपरेशन में उनके साथ डा0 आयुष तेवतिया (एसआर),डा0 इशिता वर्मा (जेआर),डा0 मनषु पोलस (जेआर) और डा0 जरीन चौधरी (जेआर) की टीम शामिल रही।करीब छह घंटे तक चले इस ऑपरेशन में चिकित्सकों ने आधुनिक तकनीक और विशेषज्ञता का परिचय दिया।जानकारी के अनुसार शामली निवासी छात्र कुछ समय पहले स्कूल जाते समय स्कूटी से हुए सड़क हादसे का शिकार हो गया था।इस तकनीक से शरीर के अपने ऊतक का उपयोग होने के कारण पुनर्निर्माण संभव हो पाता है।डा0 रोहन गोयल ने अपनी चिकित्सा शिक्षा सफदरजंग अस्पताल,नई दिल्ली से प्राप्त की है।उन्होंने बताया कि इस प्रकार की एडवांस सर्जरी सामान्यतः बड़े महानगरों के सुपर स्पेशियलिटी अस्पतालों में की जाती है।मुजफ्फरनगर मेडिकल कॉलेज में इस जटिल ऑपरेशन की सफलता संस्थान के लिए महत्वपूर्ण उपलब्धि है।इस उपलब्धि से न केवल मुजफ्फरनगर बल्कि पश्चिमी उत्तर प्रदेश के मरीजों को भी लाभ मिलेगा।अब इस तरह के जटिल उपचार के लिए मरीजों को दिल्ली जैसे बड़े शहरों की ओर रुख करने की आवश्यकता कम होगी।मेडिकल कॉलेज की इस सफलता को क्षेत्र में आधुनिक चिकित्सा सुविधाओं के विस्तार की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

भ्रष्टाचार मुक्त समाज के निर्माण में मीडिया की भूमिका महत्वपूर्ण : डॉ. राघवेन्द्र दीक्षित

बुंदेलखंड विवि में सतर्कता जागरूकता सप्ताह के तहत संगोष्ठी एवं निबंध प्रतियोगिता आयोजित

प्रातः काल एक्सप्रेस

झाँसी। भ्रष्टाचार के विरुद्ध जनजागरूकता पैदा करने, शासन-प्रशासन में पारदर्शिता बढ़ाने और लोकतांत्रिक मूल्यों को मजबूत बनाने में मीडिया की महत्वपूर्ण भूमिका है। मीडिया केवल घटनाओं और सूचनाओं को समाज तक पहुँचाने का माध्यम नहीं, बल्कि जनहित के मुद्दों को उठाकर व्यवस्था को जवाबदेह बनाने वाला सशक्त माध्यम भी है। एक जागरूक और जिम्मेदार मीडिया भ्रष्टाचार मुक्त एवं समृद्ध राष्ट्र के निर्माण में प्रभावी योगदान दे सकता है। यह विचार बुंदेलखंड विश्वविद्यालय के भास्कर जनसंचार एवं पत्रकारिता संस्थान के शिक्षक डॉ. राघवेन्द्र दीक्षित ने सतर्कता जागरूकता सप्ताह-2026 के अंतर्गत आयोजित संगोष्ठी में व्यक्त किए।

भास्कर जनसंचार एवं पत्रकारिता संस्थान में राष्ट्रीय विषय 'समृद्धि के लिए सत्यनिष्ठा' के अंतर्गत भ्रष्टाचार उन्मूलन एवं जनजागरूकता में मीडिया की भूमिका पर संगोष्ठी तथा निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को भ्रष्टाचार के सामाजिक, आर्थिक एवं नैतिक दुष्प्रभावों से अवगत कराने के साथ ही पारदर्शी और जवाबदेह व्यवस्था के निर्माण में संचार माध्यमों की भूमिका के प्रति जागरूक करना रहा।

उन्होंने कहा कि पत्रकारिता का मूल उद्देश्य केवल सूचना देना नहीं, बल्कि सत्य को सामने लाना और जनहित की रक्षा करना भी है। समाचार पत्र, टेलीविजन, रेडियो और डिजिटल मीडिया भ्रष्टाचार के विरुद्ध जनमत तैयार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। विशेष रूप से खोजी पत्रकारिता के माध्यम से अनियमितताओं, सार्वजनिक संसाधनों के दुरुपयोग और प्रशासनिक लापरवाही को उजागर किया जा सकता है। हालांकि, इसके लिए पत्रकारों में सत्यनिष्ठा, निष्पक्षता, साहस और सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना होना आवश्यक है।

डॉ. दीक्षित ने कहा कि वर्तमान डिजिटल युग में सोशल मीडिया ने आम नागरिकों को भी अपनी बात रखने का सशक्त मंच प्रदान किया है। अब नागरिक विभिनन माध्यमों से अनियमितताओं और जनसमस्याओं को सामने ला सकते हैं। लेकिन इसके साथ ही भ्रामक सूचनाओं, अपुष्ट आरोपों और अफवाहों का खतरा भी बढ़ा है। इसलिए मीडिया से जुड़े विद्यार्थियों को तथ्य-जांच, स्रोतों की विश्वसनीयता और पत्रकारिता के नैतिक सिद्धांतों का विशेष ध्यान रखना चाहिए। बिना तथ्यों की पुष्टि किए किसी व्यक्ति या संस्था पर आरोप लगाना जिम्मेदार पत्रकारिता नहीं है।उन्होंने कहा कि ईमानदारी और सत्यनिष्ठा पत्रकारिता की सबसे बड़ी पूंजी है। जिस प्रकार किसी व्यक्ति की पहचान उसकी संपत्ति से अधिक उसके चरित्र और आचरण से होती है, उसी प्रकार किसी मीडिया संस्थान की वास्तविक विश्वसनीयता उसकी निष्पक्षता, पारदर्शिता और सत्य के प्रति प्रतिबद्धता से निर्धारित होती है। महात्मा गांधी ने पत्रकारिता को जनजागरण और सामाजिक परिवर्तन का माध्यम बनाया। उनका जीवन इस बात का उदाहरण है कि सत्य और नैतिकता के आधार पर समाज में व्यापक परिवर्तन लाया जा सकता है।इस अवसर पर डॉ. नितिन भगौरिया ने कहा कि समाज में एकता, सद्भाव और समृद्धि के लिए जागरूकता अत्यंत आवश्यक है। भ्रष्टाचार जैसी सामाजिक समस्याओं के समाधान के लिए जनभागीदारी जरूरी है और मीडिया इस जनभागीदारी को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। उन्होंने विद्यार्थियों को जिम्मेदार नागरिक बनने तथा अपने दैनिक जीवन में ईमानदारी और अनुशासन अपनाने के लिए प्रेरित किया।शिक्षक उमेश शुक्ला ने कहा कि सतर्कता का अर्थ केवल भ्रष्टाचार की पहचान करना नहीं, बल्कि अपने आचरण और कार्यों के प्रति सजग रहना भी है। पत्रकारिता में विश्वसनीयता बनाए रखने के लिए निष्पक्ष दृष्टिकोण और नैतिक आचरण आवश्यक है।

इस अवसर पर संस्थान के शिक्षक डॉ. अभिषेक कुमार सहित बीए के विद्यार्थी सेन्हा अहिरवार, प्राप्ति श्रृंगीऋषि, जाह्नवी राजपूत, राज पाठक, दीपक, वेदांत गीदम, ओम केसरिया, अक्षिता द्विवेदी और संस्कृति उपस्थित रहे। वहीं, एमए प्रथम वर्ष से भूमि खरे, अनुज पटेल और अभिराज राजा सहित अन्य विद्यार्थियों ने कार्यक्रम में सहभागिता की।

जिला कारागार का निरीक्षण कर बंदियों को बताए विधिक व संवैधानिक अधिकार

डा0 एम ए तोमर प्रातः काल एक्सप्रेस

मुजफ्फरनगर।जनपद न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष के निर्देशन में शनिवार को सिविल जज (सीनियर डिवीजन) एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव डा0 सत्येन्द्र कुमार चौधरी ने जिला कारागार का निरीक्षण किया।इस दौरान उन्होंने पाकशाला,अस्पताल,पुरुष बैरक,महिला बैरक और बाल बैरक की व्यवस्थाओं का जायजा लिया।निरीक्षण के दौरान डा0 चौधरी ने दोषसिद्ध बंदियों को उनके संवैधानिक एवं विधिक अधिकारों की जानकारी देते हुए जागरूक रहने की अपील की।उन्होंने बंदियों की समस्याएं सुनीं और बताया कि उच्च न्यायालय में अपील दाखिल करने में कानूनी परेशानी होने पर अधीक्षक के माध्यम से जिला विधिक सेवा प्राधिकरण को आवेदन दिया जा सकता है।उन्होंने कारागार अधीक्षक को ई-जेल लोक अदालत एवं जेल लोक अदालत के माध्यम से निस्तारित होने योग्य मामलों के बंदियों की सूची प्राधिकरण को भेजने के निर्देश दिए,ताकि मामलों का शीघ्र निस्तारण हो सके।

जनपद में भारतरत्न, लौहपुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयन्ती धूमधाम से मनायी गयी

मण्डलायुक्त कार्यालय, कलेक्ट्रेट एवं विकास भवन में ''राष्ट्रीय एकता दिवस'' के अवसर पर राष्ट्रीय एकता एवं अखंडता की दिलायी शपथ

प्रातःकाल एक्सप्रेस

सहारनपुर । राष्ट्रीय एकीकरण के शिल्पकार भारतरत्न, लौहपुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल की 151वीं जयन्ती ''राष्ट्रीय एकता दिवस'' के रूप में जनप में उत्साह, उमंग एवं हर्षोल्लास के साथ मनाई गयी। मण्डलायुक्त डॉ0 रूपेश कुमार के निर्देशों के क्रम में मण्डलायुक्त कार्यालय में अपर आयुक्त प्रशासन भानू प्रताप यादव एवं अपर आयुक्त श्री रमेश यादव ने सरदार बल्लभभाई पटेल जी के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किए। उन्होने सरदार वल्लभ भाई पटेल के जन्म दिवस को ''राष्ट्रीय एकता दिवस'' के रूप में मनाए जाने के अवसर पर उपस्थित अधिकारियों, कर्मचारियों एवं अन्य संभ्रान्त नागरिकों को राष्ट्रीय एकता दिवस की शपथ दिलाई। जिलाधिकारी अरविंद कुमार चौहान के निर्देशों



के क्रम में कलेक्ट्रेट सभागार में सिटी मजिस्ट्रेट कुलदीप सिंह द्वारा सरदार बल्लभभाई पटेल जी के चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित किए गये। उन्होने लौह पुरूष की जयंती पर सभी को हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सरदार बल्लभ भाई पटेल जी के सिद्धान्तों, आदशी एवं आचरण के व्यवहारिक पक्ष को निष्ठापूर्वक एवं सेवा-भाव के साथ आत्मसात करना ही उनके प्रति हम सबकी सच्ची श्रद्धांजली होगी। विकास भवन में मुख्य विकास अधिकारी डॉ0 सुनील कुमार एवं परियोजना निदेशक डीआरडीए प्रणय कृष्ण वर्मा ने सरदार वल्लभभाई पटेल जी के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किए। उन्होने सरदार जी की नेतृत्व शैली, दक्षता एवं आत्मबल पर प्रकाश डालते हुए देश के महापुरूषों की जीवन शैली एवं कार्य शैली से सीख लेकर उसे अपनी आदत में आत्मसात करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने दृढ़ इच्छा शक्ति एवं संकल्प के धनी सरदार वल्लभ भाई पटेल जी की ''विविधता में एकता'' की नीति का आज के परिवेश, समाज एवं देश हित में महत्व एवं योगदान को उदाहरण के साथ बताया।

जिलाधिकारी के निर्देश पर जिले के विभिन्न विभागों, कार्यालयों में भी लौह पुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल जी की जयन्ती का आयोजन करते हुए राष्ट्रीय एकता एवं अखण्डता की शपथ दिलाई गयी। इस अवसर पर मण्डलायुक्त कार्यालय, जिलाधिकारी कार्यालय एवं विकास भवन के अधिकारीगण एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

सीडीओ की अध्यक्षता में हुई सड़क सुरक्षा समिति की बैठक, दिए कड़े निर्देश

प्रातः काल एक्सप्रेस

सहारनपुर। डीएम अरविन्द कुमार चौहान के निर्देश पर सीडीओ डॉ. सुनील कुमार वर्मा की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला सड़क सुरक्षा समिति की मासिक बैठक हुई। बैठक में निर्देश दिए गएः स्कूल वाहनों की जांचः 15 नवंबर तक सभी स्कूली वाहनों की फिटनेस जांच पूरी कर प्रमाण-पत्र देना होगा। ओवरलोड रिक्शा और बसों पर कार्रवाई होगी।- ओवरलोडिंग पर अभियानः गनन, लकड़ी लदी ट्रॉलियों समेत ओवरलोड वाहनों



पर सघन चेकिंग अभियान चलेगा।- कोहरे से बचावः नेशनल हाईवे, एक्सप्रेसवे पर रोड मार्किंग, साइन बोर्ड, रिफ्लेक्टर का नवीनीकरण और पेट्रोलिंग-रेस्क्यू व्यवस्था सुनिश्चित होगी।- अवैध कट बंदः प्रमुख मार्गों, हाईवे पर अवैध कट 100इ बंद किए जाएंगे। सड़क किनारे अनाधिकृत पार्किंग, होर्डिंग्स और बिना अनुमति ढाबों पर कार्रवाई होगी।- जागरूकताः स्कूलों में सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम और राहवीर योजना का प्रचार होगा। बैठक में एसपी यातायात शैलेन्द्र कुमार, ईञ्, परिवहन, ैंच् सहित अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

सरदार पटेल इंटर कॉलेज में मेधावी छात्र-छात्राओं का सम्मान

प्रातः काल एक्सप्रेस

चिलकाना। सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती पर सरदार पटेल इंटर कॉलेज, पटनी में सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि नकुड़ विधायक प्रतिनिधि प्रोफेसर विकेश चौधरी, गौ रक्षा दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष हरीश पंवार, भाजपा नेता नादिया हसन और मंडल अध्यक्ष मुकेश शर्मा ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस दौरान वक्ताओं ने सरदार पटेल के जीवन, संघर्ष और देश की एकता एवं अखंडता में उनके योगदान पर प्रकाश डालते हुए उनके आदर्शों को अपनाने का आह्वान किया। समारोह में कॉलेज से शिक्षा प्राप्त कर विभिन्न सेवाओं एवं नौकरियों में चयनित होकर क्षेत्र का नाम रोशन करने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं को अतिथियों ने सम्मानित कर पुरस्कृत किया। वक्ताओं ने विद्यार्थियों की उपलब्धियों को अन्य छात्रों के लिए प्रेरणास्रोत बताया। इस अवसर पर स्कूल प्रबंधक विनोद रावल, प्रधानाचार्य प्रमोद रावल, व्यापार मंडल अध्यक्ष अमित नाथ, रमेश कश्यप, भाजपा नेता निशांक जैन, पवन सैन, हिमांशु गर्ग सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे।

जनगणना-2027: प्रगणकों-सुपरवाइजरों का प्रशिक्षण जारी

प्रातः काल एक्सप्रेस

सहारनपुर। जनगणना-2027 के द्वितीय चरण की तैयारियां तेज हो गई हैं। तहसील देवबंद के कन्या महाविद्यालय में 21 अक्टूबर से 6 नवंबर तक प्रगणकों और सुपरवाइजरों का प्रशिक्षण चल रहा है। जिलाधिकारी अरविन्द कुमार चौहान ने कहा कि जनगणना के आंकड़े विकास योजनाओं का आधार हैं, इसलिए कार्य गंभीरता और पारदर्शिता से हो। एसडीएम देवबंद विजय प्रताप सिंह और तहसीलदार गुरप्रीत सिंह ने बताया कि 16 से 30 नवंबर 2026 तक स्व-गणना (एर्ट हेंल्सूेंग्दह) होगी। इसके लिए लेखपाल गांवों और स्कूलों में जागरूकता अभियान चला रहे हैं। 1 दिसंबर 2026 से 4 जनवरी 2027 तक घर-घर जाकर जनगणना होगी और 5 से 9 जनवरी 2027 तक पुनरीक्षण कार्य चलेगा।

चोरी की बाइक समेत शातिर चोर गिरफ्तार

प्रातः काल एक्सप्रेस

सहारनपुर। कोतवाली नगर पुलिस ने चेकिंग के दौरान एक शातिर वाहन चोर को चोरी की मोटरसाइकिल समेत गिरफ्तार किया। एसएसपी के निर्देश पर चल रहे अभियान के तहत पुलिस ने संत नगर ढमोला नदी नाला पटरी से आरोपी आरिफ पुत्र असलम निवासी नूरबस्ती, मौजम कॉलोनी, महाराज मस्जिद को पकड़ा। उसके पास से चोरी की ऊञ्ए रेडियन बाइक नंबर ऊञ्1ऐं1056 बरामद हुई। थाना कोतवाली नगर में मु0अ0सं0 238/2026 धारा 303(2), 317(2)ँ्ए के तहत मुकदमा दर्ज कर आरोपी को न्यायालय में पेश किया जा रहा है।



थाना कुतुबशेर, सहारनपुर पुलिस ने 1 शातिर अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से 1 अवैध चाकू बरामद

प्रातः काल एक्सप्रेस

सहारनपुर। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, सहारनपुर के निर्देशन में अपराध नियंत्रण, वांछित/वारंटी, अवैध शस्त्र रखने/तस्करी करने वाले अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु लगातार संघन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक नगर एवं क्षेत्राधिकारी नगर प्रथम के निकट पर्यवेक्षण में तथा प्रभारी निरीक्षक संतोष सिंह त्यागी के कुशल नेतृत्व में थाना कुतुबशेर पुलिस द्वारा चेकिंग व गश्त के दौरान 01 शातिर अभियुक्त आजम पुत्र कलीम अहमद निवासी मौह्ला मानकमऊ आम वाली गली कब्रिस्तान के पास थाना कुतुबशेर थाना कुतुबशेर सहारनपुर को अम्बाला हाईवे से नहर पटरी होते हुये नया रेलवे स्टेशन की तरफ रास्ते में नहर की पटरी पर से गिरफ्तार किया गया । कब्जे से 01 अवैध चाकू बरामद हुआ । बरामदगी व गिरफ्तारी के आधार पर अभियुक्त के विरूद्ध थाना कुतुबशेर पर मु0अ0सं0- 515/26 धारा- 4/25 आयुध अधिनियम के पंजीकृत किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के विरूद्ध विधिक कार्यवाही करते हुए न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है?।

नकुड़: चोरी के वांछित आरोपी से 2200 रुपये बरामद

प्रातः काल एक्सप्रेस

सहारनपुर। नकुड़ पुलिस ने चोरी की घटना में वांछित एक आरोपी को गिरफ्तार कर उसके पास से नकदी और औजार बरामद किया। 20 अक्टूबर 2026 को वादी लवी सैनी निवासी बिडवी ने तहरीर दी थी कि चोरों ने अलमारी का ताला तोड़कर 1.50 लाख रुपये, सोने की अंगूठी और गुल्लक चोरी कर ली। मौके पर दो आरोपी कुलवीर और गौरव 4000 रुपये समेत पकड़े गए थे, अन्य भाग गए थे। थाना नकुड़ पर मुकदमा संख्या 543/26 धारा 331(4)/305ए/317(2)ँ्ए दर्ज हुआ था। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने वांछित शिवकुमार उर्फ शिवा उर्फ सिपला पुत्र बलजीत निवासी बिडवी को हाईवे अंडरपास के नीचे से पकड़ा। उसके कब्जे से 2200 रुपये नकद और घटना में प्रयुक्त लोहे का प्लास बरामद हुआ। पुलिस ने धारा 317(2)ँ्ए की वृद्धि कर आरोपी को न्यायालय में पेश किया।

नन्हे हाथों ने बिखेरे रचनात्मकता के रंग, प्रतियोगिता में दिखाई प्रतिभा

चिलकाना। क्षेत्र के गांव पटना स्थित बीएसएम एकेडमी में आर्ट एंड क्राफ्ट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग करते हुए सुंदर फूल, हैंगिंग मॉडल, बॉक्स, बुके सहित विभिन्न प्रकार की आकर्षक कलाकृतियां तैयार कीं। बच्चों ने अपनी रचनात्मक सोच और कला का शानदार प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर निधि, राजश्री, सानिया एवं सिमरन, द्वितीय स्थान पर अवनी, सोहेल, अवनी एवं अंशुल तथा तृतीय स्थान पर अविका, जाकिया एवं शिवम रहे।



विद्यालय की प्रधानाचार्य नीलम सैनी ने विजेता विद्यार्थियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि इस तरह की प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों को बढ़-चढ़कर भाग लेना चाहिए। इससे पढ़ाई के साथ-साथ अन्य गतिविधियों का ज्ञान मिलता है और बच्चों की छिपी प्रतिभा निखरती है। प्रतियोगिता को सफल बनाने में निकिता, सन्हा, शिखा, दीपा, सतीश भारती, अर्चना जैन, मीनू एवं निशु का विशेष सहयोग रहा।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने सील्ड गोदाम का किया निरीक्षण

प्रातःकाल एक्सप्रेस

सहारनपुर । जिला निर्वाचन अधिकारी अरविंद कुमार चौहान ने भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुसार मासिक निरीक्षण के तहत जिला निर्वाचन कार्यालय में बने गोदाम का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सील्ड गोदाम सुव्यस्थित पाये गये । अवगत कराना है कि निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुपालन में निर्वाचन की निष्पक्षता एवं पारदर्शिता के तहत ईवीएम एवं वीवीपेट के रखरखाव के दृष्टिगत सील्ड गोदाम का मासिक निरीक्षण किया जाना आवश्यक होता है। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी प्रशासन मती लवी त्रिपाठी, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी श्रवण कुमार सहित संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।



रन फॉर यूनिटी का आयोजन किया

प्रातः काल एक्सप्रेस

चिलकाना। सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती पर सुल्तानपुर स्थित नव जनोदय इंटर कॉलेज में रन फॉर यूनिटी कार्यक्रम आयोजित किया गया। एकता जनसेवा समिति के संरक्षक बालकिशन शर्मा, उपनिरीक्षक नरेंद्र कुमार सोलंकी, भाजपा नेता शादीराम सैनी एवं प्रगतिशील किसान रविंद्र तोगड़िया ने संयुक्त रूप से शुभारंभ किया। इस दौरान वक्ताओं ने सरदार पटेल के जीवन और राष्ट्र निर्माण में उनके योगदान पर प्रकाश डाला। प्रतियोगिता की एक किलोमीटर पैदल दौड़ में मिलन प्रथम, विकास द्वितीय और अंशुल तृतीय रहे। वहीं दो किलोमीटर साइकिल रेस में नीरज ने प्रथम, सूरज ने द्वितीय तथा अनुज ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर सुनील कुमार सैनी, अनिल कुमार, बिजेंद्र सिंह, अमित उपाध्याय और मनोज सहित अन्य लोग मौजूद रहे।



गंभीर मामलों में प्रभावी पैरवी कर दोषियों को शीघ्र सजा दिलाएं : एसपी

प्रातः काल एक्सप्रेस

फतेहपुर। कलेक्ट्रेट के महात्मा गांधी सभागार में शनिवार को अभियोजन कार्यों की समीक्षा बैठक एसपी अभिमन्यु मांगलिक की अध्यक्षता में हुई। एसपी ने कहा कि शांति और कानून व्यवस्था सर्वोच्च प्राथमिकता है। महिला अपराध, गैंगस्टर और पॉक्सो जैसे गंभीर मामलों में प्रभावी पैरवी कर दोषियों को जल्द सजा दिलाई



जाए। अभियोजन अधिकारी और विवेचक समन्वय से काम करें और गवाहों-साक्ष्यों की समय पर प्रस्तुति सुनिश्चित करें। बाद में ग्ण्ैंञ् समिति की बैठक में मादक पदार्थों की तस्करी रोकने पर चर्चा हुई। एसपी ने अवैध बिक्री पर रोक, लाइसेंसी शराब दुकानों पर ण्ण्ऊञ् अनिवार्य करने और पुलिस-आबकारी के बीच समन्वय के निर्देश दिए। बैठक में अपर जिलाधिकारी, एएसपी, अभियोजन अधिकारी, जिला पूर्ति अधिकारी, ड्रग इंस्पेक्टर सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

श्रम विभाग में राष्ट्रीय एकता दिवस पर सरदार पटेल के योगदान को किया याद

सहायक श्रमायुक्त ने बारदोली सत्याग्रह और अखंड भारत के निर्माण में लौहपुरुष की भूमिका पर डाला प्रकाश



प्रातः काल एक्सप्रेस

फतेहपुर। भारत के लौहपुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती शनिवार को श्रम विभाग में राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में गरिमामय ढंग से मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ सहायक श्रमायुक्त लाला राम ने किया। इस दौरान अधिकारियों, कर्मचारियों, कर्मचारी संघ के सदस्यों और अधिवक्ताओं ने सरदार पटेल के व्यक्तित्व एवं कृतित्व को याद किया। सहायक श्रमायुक्त लालाराम ने अपने संबोधन में कहा कि सरदार पटेल ने देश की एकता और अखंडता को मजबूत करने के साथ ही एकीकृत भारत के निर्माण में ऐतिहासिक भूमिका निभाई। उन्होंने किसानों के अधिकारों के लिए चलाए गए बारदोली सत्याग्रह जैसे अहिंसक आंदोलनों का उल्लेख करते हुए कहा कि सरदार पटेल का जीवन दृढ़ इच्छाशक्ति, संघर्ष और राष्ट्रसेवा की प्रेरणा देता है। कार्यक्रम में अन्य वक्ताओं ने भी सरदार पटेल के जीवन दर्शन, उनके विचारों और देश के एकीकरण में दिए गए योगदान पर प्रकाश डाला। अंत में सहायक श्रमायुक्त ने सभी अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया। इस मौके पर बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष राजेंद्र साहू, सदस्य रामकृष्ण पाण्डेय, वरिष्ठ अधिवक्ता मणि प्रकाश दुबे, अधिवक्ता राजेश तिवारी सहित अन्य अतिथिगण और श्रम विभाग के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

बदलते परिवेश में पत्रकारों की भूमिका पर मंथन, प्रेस क्लब खागा ने किया सम्मान समारोह

प्रातः काल एक्सप्रेस

खागा/फतेहपुर। प्रेस क्लब खागा इकाई ने पत्रकार सम्मान समारोह एवं विचार गोष्ठी का आयोजन किया। विषय था- 'बदलते परिवेश में पत्रकारों की भूमिका'। मुख्य अतिथि वरिष्ठ पत्रकार प्रेमकांत तिवारी ने कहा कि पत्रकारों को अहंकार से दूर, विनम्रता और विवेक के साथ काम करना चाहिए। एआई का निर्माण इंसान ने किया है, इसलिए विवेक इंसान के पास ही रहना चाहिए। तकनीक अपनाएं, पर पत्रकारिता के मूल्यों को बनाए रखें। संस्थापक प्रेमशंकर अवस्थी, संरक्षक सरोज पांडेय और अध्यक्ष रितेश पांडेय ने अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम में प्रद्युमन तिवारी, अविनाश मिश्रा, साइबर जर्नलिस्ट एसोसिएशन के महासचिव शीबू खान, प्रदेश अध्यक्ष शहंशाह आब्दी सहित लखनऊ और विभिन्न जनपदों से आए पत्रकार मौजूद रहे।

कम्पोजिट विद्यालय सनगांव में बाउंड्रीवाल निर्माण कार्य का लोकार्पण

प्रातः काल एक्सप्रेस

फतेहपुर। तेलियानी विकासखंड की ग्राम पंचायत सनगांव स्थित कम्पोजिट विद्यालय में राज्य वित्त एवं 15वें वित्त आयोग की धनराशि से वर्ष 2025-26 में कराए गए बाउंड्रीवाल निर्माण एवं मरम्मत कार्य का लोकार्पण किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बिंदकी विधायक एवं पूर्व कारागार मंत्री जय कुमार सिंह जैकी ने शिलापट्ट का अनावरण कर निर्माण कार्य का लोकार्पण किया।

इस अवसर पर विधायक ने कहा कि विद्यालयों में बेहतर शैक्षिक वातावरण के साथ बच्चों की सुरक्षा भी बेहद जरूरी है। बाउंड्रीवाल बनने से विद्यालय परिसर सुरक्षित रहेगा और बच्चों को पढ़ाई के लिए बेहतर माहौल मिलेगा। कार्यक्रम में ग्राम प्रधान गुलाब सिंह, इफ्तेखार खां (हाजी मॉडल), खंड विकास अधिकारी प्रदीप कुमार यादव, कंसल्टिंग इंजीनियर मो. आदिल, ग्राम पंचायत सचिव सहित अन्य लोग मौजूद रहे। शिलापट्ट पर मुख्य विकास अधिकारी पवन कुमार मीना का नाम भी अंकित रहा। निर्माण कार्य ग्राम पंचायत सनगांव, विकासखंड तेलियानी द्वारा कराया गया।

